CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 23°C

नई दिल्ली, सोमवार 14 जुलाई 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 102 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 3 विक्रमी सम्वत् 2082 | 18 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



**भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक: मायावती**
पेज 2



**लार्ड्स टेस्ट: इंग्लैंड ने भारत को दिया 193 रनों का टारगेट**
खेल टाइम्स



**फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी**
सम्पादकीय




**इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या**
पेज 12

## निकम व श्रृंगला सहित चार सदस्य राज्यसभा के लिए मनोनीत

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विभिन्न क्षेत्रों की चार विशिष्ट हस्तियों को राज्यसभा के लिए मनोनीत किया है, जिनमें जाने माने वकील उज्ज्वल देवराव निकम, पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला, वरिष्ठ सामाजिक कार्यकर्ता और शिक्षाविद् सी. सदानंदन मास्टर और जानी-मानी इतिहासकार तथा शिक्षाविद् मीनाक्षी जैन शामिल हैं।

गृह मंत्रालय ने शनिवार देर रात जारी अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रपति ने भारत के संविधान के अनुच्छेद 80 के खंड (1) के उप-खंड (क) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए मनोनीत सदस्यों की सेवानिवृत्ति के कारण उत्पन्न रिक्तियों को भरने के लिए चार सदस्यों को राज्यसभा में मनोनीत किया है। पूर्व विदेश सचिव हर्षवर्धन श्रृंगला अमेरिका में भारत के राजदूत रहे हैं और उनकी कूटनीति तथा रणनीतिक मामलों में विशेष पहचान है। देश की विदेश नीति से संबंधित विभिन्न मामलों में उन्होंने महत्वपूर्ण



### मोदी ने दी बधाई

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सर्वश्री उज्ज्वल निकम, हर्षवर्धन श्रृंगला, सी. सदानन्द मास्टर और डा. मीनाक्षी जैन का राज्यसभा के लिए मनोनयन का स्वागत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

योगदान दिया है। प्रख्यात सरकारी वकील रहे उज्ज्वल निकम ने आतंकवाद से जुड़े मामलों में ठोस दलीलें देकर अपनी विशेष पहचान बनाई। उन्हें वर्ष 2008 के मुंबई आतंकवादी हमले में शामिल पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब के मामले में मजबूती के साथ सरकार का पक्ष रखने के लिए जाना जाता है। उन्होंने 1993 के मुंबई सिलसिलेवार बम धमाकों के मामलों में भी सरकारी वकील के रूप में राज्य सरकार का पक्ष रखा था। सदानंदन -शेष पृष्ठ दो पर

## स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल, पैसेंजर ने बनाया वीडियो

**श्रीनगर।** दिल्ली से श्रीनगर जा रही स्पाइसजेट की फ्लाइट में फ्री फॉल हुआ। इसके चलते प्लेन के अंदर 23 सेकंड तक हड़कंप जैसे हालात रहे।

**प्लेन में 23 सेकंड तक मचा हड़कंप, दिल्ली से श्रीनगर जा रहा था विमान**

फ्लाइट एसजी-385 में बैठे एक पैसेंजर ने यह वीडियो रिकॉर्ड किया। जिसमें एक क्रू मेंबर प्लेन के फ्लोर पर घुटनों के बल बैठकर जाती दिखाई दे रही है। जबकि बाकी पैसेंजर कुर्सियों को पकड़े हुए हैं। वीडियो में सीट बेल्ट बांधने के निर्देश भी सुनाई दे रहे हैं। अर्जिमंद हुसैन नाम के एक्स अकाउंट पर पोस्ट किए गए वीडियो में यह भी लिखा है कि प्लेन बनिहाल दर्रे के ऊपर से गुजरते वक्त कई सौ मीटर नीचे गिर गया। हुसैन ने लिखा है कि वह केवल इस फ्री फॉल के आखिरी पल ही कैद कर पाया।

## मानसून सत्र की रणनीति पर सोनिया गांधी ने बुलाई बैठक

**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की नेता सोनिया गांधी ने संसद के मानसून सत्र के लिए पार्टी की रणनीति तय करने के लिए मंगलवार को बैठक बुलाई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, श्रीमती गांधी के सरकारी आवास 10 जनपथ पर बुलाई गई इस बैठक में संसदीय दल के रणनीति समूह के सदस्य भाग लेंगे। बैठक में मानसून सत्र के दौरान पार्टी द्वारा अपनाई जाने वाली रणनीति और इसमें उठाए जाने वाले मुद्दों पर विचार किया जाएगा। कांग्रेस पिछले कुछ समय से पहलगाम में आतंकी हमले तथा ऑपरेशन सिंदूर तथा उसके बाद इसकी जानकारी देने के लिए विभिन्न देशों में भेजे गए प्रतिनिधिमंडलों को लेकर सरकार से सर्वदलीय बैठक बुलाने की मांग करती रही है। इसके अलावा, वह बिहार में मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण को लेकर भी सरकार को घेर रही है। सूत्रों का कहना है कि इन सब मुद्दों को मानसून सत्र में जोर-शोर से उठाए जाने की उम्मीद है। इसके अलावा पार्टी महंगाई, बेरोजगारी जैसे अहम मुद्दों पर भी सरकार को घेरेगी।

## स्वच्छता सर्वेक्षण: इंदौर समेत 15 शहर सुपर लीग में

**नई दिल्ली।** स्वच्छता सर्वेक्षण 2025 में इंदौर, सूरत और नवी मुंबई जैसे 15 शहरों को स्वच्छता सुपर लीग में रखा गया है। पहले इसमें दो साल टॉप-3 में रहे शहर शामिल होते थे, अब अवधि बढ़ाकर तीन साल कर दी गई है। इस लीग में शामिल शहरों की रैंकिंग नहीं होती, लेकिन इन्हें 12,500 अंकों की स्कीम के तहत अंक मिलेंगे। इससे अन्य शहरों को टॉप रैंक पाने का ज्यादा मौका मिलेगा। सर्वे कमेटी में शामिल सूत्रों का कहना है कि स्वच्छता में इस बार अहमदाबाद पहले नंबर पर रह सकता है। वहीं, भोपाल दूसरा और लखनऊ तीसरा स्थान हासिल कर सकता है। हालांकि, अभी तक इसकी आधिकारिक घोषणा नहीं हुई है। नई दिल्ली में राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू 17 जुलाई को स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार देंगी।

## पत्थर खनन से जुड़े मामले में प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड रिपोर्ट दे: एनजीटी

**नई दिल्ली/शिमला।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) की मुख्य पीठ ने पत्थर खनन से जुड़े मामलों को लेकर हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को विस्तृत रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिए है। न्यायाधिकरण ने ये निर्देश दिव्य हिमाचल में 13 मई, 2024 को प्रकाशित 'खनन माफिया ने बुनियादी ढांचे को खोखला कर दिया है' शीर्षक वाली एक समाचार रिपोर्ट के आधार पर स्वत: संज्ञान लेते हुए एक मामले की सुनवाई के दौरान दिया। इस मामले पर एक जुलाई 2025 को सुनवाई हुई, जिसमें एनजीटी ने बुनियादी ढांचे के विकास की आड़ में अंधाधुंध खनन गतिविधियों के बढ़ते आरोपों पर चिंता व्यक्त की। न्यायाधिकरण ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कई स्टोन क्रशर चल रहे हैं, जिसमें से कई अप्रमाणित खनन स्थलों से कच्चा माल प्राप्त कर रहे हैं।

# देशभर में मतदाता सूची संशोधन की तैयारी

### चुनाव आयोग की तैयारियां पूरी, पुनरीक्षण बिहार में चल रहे विशेष पुनरीक्षण जैसा होगा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग (ईसी) बिहार के बाद अब पूरे देश में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) कराने जा रहा है। इसके तहत वोटर लिस्ट की गहनता से जांच की जाती है और अपडेट किया जाता है।

अगस्त से इसकी शुरुआत हो सकती है। ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव कर दी है। आयोग का ये फैसला सुप्रीम कोर्ट के 10 जुलाई को बिहार में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन को जारी रखने की परमिशन पर आया। कोर्ट ने इसे संवैधानिक बताया था। हालांकि कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ हैं। सुप्रीम कोर्ट में चुनौती भी दी है। दावा है कि स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के चलते योग्य नागरिक अपने मताधिकार से वंचित हो जाएंगे। चुनाव आयोग के अधिकारी के मुताबिक, इलेक्शन अथॉरिटी 28 जुलाई के बाद एसआईआर पर अंतिम फैसला लेगी क्योंकि बिहार स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के मामले में सुप्रीम कोर्ट में दोबारा सुनवाई होनी है। वहीं, कुछ राज्यों के चीफ इलेक्शन ऑफिसर ने अपने राज्यों में पिछली एसआईआर के बाद की पब्लिश वोटर लिस्ट जारी करना शुरू भी -शेष पृष्ठ दो पर



**ईसी ने सभी राज्यों में अपनी चुनाव मशीनरी एक्टिव की, अगस्त में हो सकती है शुरुआत, कई विपक्षी दल और लोग इस रिवीजन के खिलाफ**

### बिहार में इस साल और इन राज्यों में 2026 में होंगे चुनाव

**नई दिल्ली।** बिहार में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। जबकि असम, केरल, पुड्डुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में अगले साल विधानसभा चुनाव होंगे। चुनाव आयोग का देशव्यापी मतदाता सूची पुनरीक्षण करने का फैसला बांग्लादेश और म्यांमार समेत कई राज्यों में अवैध विदेशी प्रवासियों पर कार्रवाई के मद्देनजर महत्वपूर्ण है।

## चेतावनी के बावजूद उड़ा ड्रीमलाइनर

**अहमदाबाद प्लेन क्रैश मामला**

**एक गंभीर चूक आई सामने, विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल होने का था अलर्ट, सरकार ने कहा: अभी नतीजे न निकालें**

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** 12 जून 2025 को एयर इंडिया की अहमदाबाद-लंदन फ्लाइट (बोइंग एआई-171) हादसे की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट शुक्रवार रात करीब ढाई बजे जारी की गई। इसमें एक गंभीर चूक सामने आई है, जिसके केंद्र में है एक चेतावनी यानी विमान का संतुलन बताने वाला सेंसर फेल हो सकता है।

यह तकनीकी अलर्ट विमान की पिछली उड़ान (दिल्ली-अहमदाबाद) के ठीक बाद पायलट द्वारा दर्ज कराया गया था। इसके बावजूद महज एक घंटे में फिर से इस विमान को उड़ान के लिए क्लियर कर दिया गया। यह बताता है कि विमान का हॉरिजेंटल स्टेबलाइजर (पिच बैलेंस बनाने वाला पिछला पंख) किस स्थिति में है। यदि यह डेटा सही न मिले, तो ऑटोपायलट, पिच कंट्रोल और स्टाल प्रोटेक्शन जैसी अहम प्रणालियां गलत कमांड देने लगती हैं - शेष पृष्ठ दो पर



### पायलटों को जल्दबाजी में दोषी बताया

**नई दिल्ली।** एविएशन एक्सपर्ट सनत कौल ने एयर इंडिया फ्लाइट एआई171 की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट पर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट ठीक नहीं लग रही है। इसमें जरूरी हस्ताक्षर भी नहीं हैं, जबकि यह जरूरी होता है। कौल का कहना है कि इस जांच टीम में ऐसे पायलट को शामिल किया जाना चाहिए, जिसे बोइंग 787 या कम से कम 737 विमान की पूरी समझ हो।

### टेकऑफ से पहले विमान के कॉकपिट में आई तकनीकी खराबी

**लखनऊ।** लखनऊ एयरपोर्ट से हैदराबाद जाने वाली एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान में टेकऑफ से पहले तकनीकी खराबी आ गई।

इससे विमान को रनवे से वापस लौटाया गया तथा जांच-पड़ताल के बाद विमान को अंतत: कैंसिल कर दिया गया। फ्लाइट में 150 यात्री थे। सूत्र बताते हैं कि कॉकपिट में कुछ तकनीकी दिक्कतें आने से ऐसा किया गया। अहमदाबाद में एयर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान के हादसे के शिकार होने के बाद विमान सेवाएं लगातार प्रभावित हो रही हैं। खासतौर पर एयर इंडिया की सेवाओं पर असर पड़ रहा है।

## यूपी में बारिश व बिजली गिरने से 14 की मौत

**नई दिल्ली।** यूपी में मानसून जमकर बरस रहा है। पिछले 24 घंटे की बात करें, तो बारिश-बिजली गिरने से 14 लोगों की मौत हो गई।

वहीं, प्रदेश के बांध अब ओवरफ्लो होने लगे हैं। ललितपुर में माताटीला बांध के 9 गेट खोले गए हैं, जबकि झांसी में पथराई बांध के 4 और लहचूरा बांध के 10 गेट खोले गए हैं।

**बिहार-झारखंड में तीन की जान गई, एमपी में नदियां उफान पर**

झारखंड के सरायकेला-खरसावां और लोहरदगा जिलों में बिजली गिरने से 2 लोगों की मौत हो गई। वहीं, एक व्यक्ति झुलस गया। सभी खेत से काम करके घर लौट रहे थे।

## ट्रेनों में सुरक्षा बढ़ाने को डिब्बों तथा ईंजनों में लगाए जाएंगे कैमरे

**नई दिल्ली।** रेलवे ने ट्रेनों में यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सभी डिब्बों में सीसीटीवी कैमरे लगाने का निर्णय लिया है। रेल मंत्रालय ने बताया कि यात्रियों की सुरक्षा बढ़ाने के उद्देश्य से सभी 74 हजार डिब्बों और 15 हजार इंजनों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। प्रत्येक डिब्बे में चार सीसीटीवी कैमरे और इंजनों में छह कैमरे लगाए जाएंगे।

## मालगाड़ी पटरी से उतरी, 18 बोगियां जलकर राख

तिरुवल्लूर, वार्ता

**तमिलनाडु** के तिरुवल्लूर रेलवे स्टेशन के पास मनाली से जोलारपेट होते हुए कर्नाटक जा रही एक डीजल मालगाड़ी पटरी से उतर गई। इसके बाद उसमें आग लग गई। शुरुआत में पांच बोगियों में आग लगी।

बाद में यह 18 बोगियां आग की चपेट में आ गईं। घटना रविवार सुबह 5.30 बजे हुई। मालगाड़ी में 52 बोगियां थीं। जिला कलेक्टर एम. प्रताप ने बताया कि 40 बोगियों को जलती हुई ट्रेन से अलग कर लिया गया है। वहीं, रेलवे स्टेशन के आसपास रहने वाले लोगों को निकालकर सुरक्षित जगह पहुंचाया गया। फायर ब्रिगेड की कई टीमें बुलाई गईं। दोपहर तक मिली जानकारी के मुताबिक 10 गाड़ियों की मदद से आग पर लगभग काबू पा लिया गया है। इधर, रेलवे और पुलिस घटना वाली जगह से 100 मीटर दूर पटरी पर मिली दरार की भी जांच कर रहे हैं। रेलवे ने एक बयान में बताया कि मालगाड़ी के तीसरे डिब्बे में आग लगने की खबर मिलते ही, लोको पायलट ने तुरंत इमरजेंसी ब्रेक लगाए। तिरुवल्लूर के स्टेशन मास्टर ने ओवरहेड (ओएचई) बिजली आपूर्ति बंद कर दी।

**तमिलनाडु का मामला: 52 बोगियों में डीजल भरा था, 40 अलग की गईं**

## महाराष्ट्र में शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पीटा

**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर में शिवसेना (यूबीटी) के कार्यकर्ताओं ने एक ऑटो ड्राइवर की पिटाई कर दी। ऑटो ड्राइवर का एक वीडियो वायरल हुआ था। इसमें वह चिल्लाते हुए कह रहा है कि हिंदी और भोजपुरी में बोलूंगा, क्या करोंगे। मैं मराठी नहीं बोलता। इसके बाद शिवसेना कार्यकर्ताओं ने ऑटो ड्राइवर को पकड़ा और कान पकड़कर मराठी में माफी मंगवाई।

## मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही बेमानी

### हाईकोर्ट ने सम्भल के जौहर अली व 6 अन्य लोगों पर चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही की रद्द

प्रयागराज, वार्ता

**इलाहाबाद हाईकोर्ट** ने कहा कि मूल मुकदमे में बरी होने के बाद गैंगस्टर की कार्यवाही अप्रासंगिक है।

इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है। लिहाजा, अदालत ऐसे मुकदमों को जारी रखने की इजाजत नहीं दे सकती। यह टिप्पणी कर न्यायमूर्ति राजीव मिश्रा की अदालत ने सम्भल के जौहर अली और छह अन्य लोगों के खिलाफ चल रही गैंगस्टर एक्ट की आपराधिक कार्यवाही रद्द कर दी। मामला सम्भल के नखास थाना क्षेत्र का है। 2019 में दर्ज एक आपराधिक मुकदमे के आधार पर याचियों के खिलाफ गैंगस्टर की कार्यवाही शुरू की गई थी। इस मुकदमे में अपर सत्र न्यायाधीश की अदालत से आरोपी बरी हो गए। इसके बावजूद सभी के खिलाफ ट्रायल कोर्ट में गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चल रहा है। इसके खिलाफ याचियों ने हाईकोर्ट का रुख किया। कोर्ट ने पुनरीक्षण याचिका स्वीकार करते हुए याचियों के खिलाफ लंबित गैंगस्टर एक्ट की कार्यवाही को रद्द कर दिया। कोर्ट ने कहा कि अगर किसी व्यक्ति को उस आपराधिक मामले में बरी कर दिया जाता है, जिसके आधार पर उसके खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत मुकदमा चलाया जा रहा है, तो कार्यवाही भी जारी नहीं रखी जा सकती।



**कहा: इस तरह के मामले जारी रखने से समय और पैसे की बर्बादी होती है**

## अंतरिक्ष से शुभांशु बोले- भारत आज भी सारे जहां से अच्छा

**नई दिल्ली।** अंतरिक्ष में 17 दिन रहने के बाद भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर वापस लौटेंगे। इससे पहले 13 जुलाई की शाम फेयरवेल सेरेमनी में उन्होंने भारत के पहले अंतरिक्ष यात्री राकेश शर्मा के 1984 में दिए आइकॉनिक डायलॉग को दोहराते हुए कहा कि भारत आज भी सारे जहां से अच्छा है।

शुभांशु ने कहा जब मैंने 25 जून को फॉल्कन 9 रॉकेट ये यात्रा शुरू की थी, तब नहीं सोचा था कि यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय रहेगी। मेरे पीछे खड़ी टीम के बिना यह यात्रा इतनी अविश्वसनीय नहीं होती। यहां होना बहुत खुशी की बात है। बीते ढाई हफ्ते में हमने स्पेस स्टेशन पर साइंस एक्टिविटी की, आउटरीच एक्टिवटी की, इसके बाद जितना भी समय मिला हमने स्पेस स्टेशन की खिड़की से धरती को निहारा।

**फेयरवेल सेरेमनी में पहले भारतीय एस्ट्रोनॉट राकेश शर्मा की बात दोहराई, आज धरती पर वापसी**

## संक्षिप्त समाचार

### 15 लाख का सोना मुंह में भरकर कारीगर हुआ चंपत

**कानपुर।** उत्तर प्रदेश के कानपुर में ज्वेलरी की दुकान में काम करने वाला कारीगर सोना लेकर भाग गया। कारीगर अपने मुंह में 150 ग्राम सोना भरकर भाग गया। कारीगर जो 150 ग्राम सोना लेकर भागा उसकी कीमत 15 लाख रुपए है। आरोपी द्वारा चोरी की ए पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। पीड़ित ज्वेलर का नाम शुभांकर सामन्ता है। उनकी चौक सराफा स्थित गर्ग मार्केट में ज्वेलरी शॉप है। आरोपी कारीगर का नाम सुजीत सामन्ता है। वो पश्चिम बंगाल के मेदनीपुर का रहने वाला है। ये घटना 9 जुलाई की बताई जा रही है। पीड़ित ज्वेलर आरोपी के घर गए, लेकिन वो नहीं मिला। उसका फोन भी बंद मिला। फिर पीड़ित ज्वेलर शुभांकर ने 12 जुलाई को कोतवाली पुलिस को आरोपी के खिलाफ तहरीर दी।

### श्रीलंका की नौसेना ने सात मछुआरों को किया गिरफ्तार

**चेन्नई।** श्रीलंका की नौसेना ने अंतर्राष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा (आईएमबीएल) को पार करके मछली पकड़ने का आरोप लगाकर तमिलनाडु के सात मछुआरों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके ट्रॉलर भी जब्त कर लिए हैं। रामनाथपुरम जिले के रामेश्वरम के रहने वाले ए मछुआरे शनिवार को मछली पकड़ने निकले थे, तभी उन्हें ट्रॉलर के साथ गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार मछुआरों को श्रीलंका के कांकेसंथुराई ले जाया गया और जेल में बंद कर दिया गया। श्रीलंकाई नौसेना के जवानों द्वारा तमिलनाडु के मछुआरों की लगातार गिरफ्तारी की बढ़ती घटनाओं ने मछुआरा समुदाय में गहरी नाराजगी पैदा कर दी है, क्योंकि इससे उनकी आजीविका प्रभावित होती है और वे चाहते हैं कि केंद्र और राज्य सरकारें ठोस कदम उठाएं।

# लकड़ी-ईंट के व्यापार में 1300 करोड़ का फर्जी लेन-देन

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया गया, मुरादाबाद में जीएसटी चोरी का पर्दाफाश, 95 फर्मों पर एक्शन

**मुरादाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद में राज्य कर विभाग को 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी करने का शक हुआ, जिसके चलते 42 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द कर दिया गया है। इससे पहले 53 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है।

ऐसे में चार महीनों में टोटल 95 फर्मों पर कार्रवाई हो चुकी है। यह कार्रवाई मुरादाबाद में फर्जी फर्मों के खिलाफ चलाए जा रहे एक बड़े अभियान का हिस्सा है। केंद्रीय जीएसटी (सीजीएसटी) और राज्य कर विभाग ने संयुक्त रूप से इस अभियान को और तेज कर दिया है। लकड़ी के व्यापार से जुड़ी इन फर्जी फर्मों ने कागजी कार्रवाई और बोगस बिलिंग के जरिए टैक्स चोरी किया था। विभाग अब ऐसी फर्मों की पहचान के लिए डेटा एनालिटिक्स और फील्ड जांच का सहारा ले रहा है। इस कार्रवाई से न सिर्फ राजस्व की हानि को रोका जा रहा है। बल्कि ईमानदार व्यापारियों के लिए भी निष्पक्ष माहौल तैयार किया जा रहा है। राज्य कर विभाग की जांच में मुरादाबाद मंडल के पांच जिलों-मुरादाबाद, रामपुर, अमरोहा, सम्भल और बिजनौर में लकड़ी के व्यापार से जुड़ी 128 फर्जी फर्मों का पता चला है। जांच में खुलासा हुआ कि इन फर्मों ने 1300 करोड़ रुपए का फर्जी लेन-देन दिखाया गया, जिसके जरिए करीब 250 करोड़ रुपए की जीएसटी चोरी की संभावना जताई जा रही है। इस मामले की निगरानी प्रदेश के प्रमुख सचिव खुद कर रहे हैं। अपर आयुक्त (ग्रेड-2) आरए सेठ ने 50 अन्य फर्मों की भौतिक जांच चल रही है। जांच अधिकारी इन फर्मों के रजिस्टर्ड पते और कारोबारी एक्टिविटी की सत्यता की पड़ताल कर रहे हैं। जांच पूरी होने पर ही यह साफ होगा कि कितनी फर्म वैध हैं और कितनी फर्जी हैं। अब तक 95 फर्जी फर्मों का रजिस्ट्रेशन रद्द किया जा चुका है। जीएसटी चोरी के करने के खिलाफ अभियान सिर्फ लकड़ी के व्यापार तक सीमित नहीं है। राज्य कर विभाग ने ईंट भट्ठा उद्योग पर भी कड़ा रुख अपनाया है। मुरादाबाद हाईवे पर जांच के दौरान ईंटों से लदी तीन ट्रैक्टर-ट्रॉलियां पकड़ी गईं, जिनके पास कोई वैध दस्तावेज नहीं थे। अपर आयुक्त आरए सेठ ने बताया कि ए ईंटें सम्भल से मुरादाबाद लाई जा रही थीं। मोबाइल दस्ते ने अब तक 100 से ज्यादा ऐसी ट्रॉलियों को पकड़ा है, जो बिना दस्तावेजों के ईंटों का परिवहन कर रही थीं। विभाग की जांच में सामने आया है कि कारोबारी जीएसटी चोरी और रिफंड हड़पने के लिए नई-नई चालें चल रहे हैं। कुछ कारोबारियों के पकड़े जाने पर उनकी तरकीबों का खुलासा हुआ, जिसके आधार पर विभाग कार्रवाई कर रहा है।

# कांवड़ यात्रा में 10000 महिला पुलिसकर्मी मुस्तैद

शाह टाइम्स ब्यूरो

■ महिलाओं की सुरक्षा को उत्तर प्रदेश सरकार ने अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने श्रावण मास के दौरान शिव भक्तों की पवित्र तीर्थयात्रा, कांवड़ यात्रा के लिए व्यापक व्यवस्था की है और महिलाओं की सुरक्षा को अपनी योजना का केंद्र बिंदु बनाया है।

अधिकारियों ने आज यहां बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर पहली बार यात्रा मार्ग पर 8,541 हेड कांस्टेबल और 1,486 सब-इंस्पेक्टर सहित 10,000 से ज्यादा महिला पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है, जो कुल बल का लगभग 15 प्रतिशत है। हाल ही में एक उच्च-स्तरीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस यात्रा में लगभग 6 करोड़ श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है, जिनमें अनुमानित 60-70 लाख महिलाएं शामिल हैं। इसके जवाब में मुख्यमंत्री योगी ने महिला-केंद्रित सुरक्षा मॉडल लागू करने का निर्देश दिया। इस मॉडल के तहत, संवेदनशील परिस्थितियों में श्रद्धालुओं की सहायता और परामर्श के लिए सभी महिला हेल्प डेस्क पर महिला कांस्टेबल तैनात की गई हैं। इसके अतिरिक्त महिला तीर्थयात्रियों की सहायता के लिए कई जिलों में महिला स्वयंसेवी संगठनों के सहयोग से शक्ति सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं। आपात स्थिति में तत्काल सहायता सुनिश्चित करने के लिए महिला पुलिसकर्मियों को त्वरित प्रतिक्रिया टीमों का अनिवार्य हिस्सा बनाया गया है, जिसमें रात्रिकालीन शिफ्ट भी शामिल हैं। प्रमुख मार्गों पर क्यूआरटी गश्त बढ़ा दी गई है और महिला अधिकारी अब 11 क्षेत्रों में विशेष 24 घंटे नियंत्रण कक्षों और हेल्पलाइनों की निगरानी कर रही हैं। यात्रा के एक महत्वपूर्ण केंद्र, मेरठ क्षेत्र में सबसे अधिक तैनाती देखी गई है जहां मेरठ, मुजफ्फरनगर, बागपत, हापुड़ और गाजियाबाद जैसे जिलों में 3,200 महिला पुलिसकर्मी तैनात हैं।

# भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक: मायावती

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ बसपा सुप्रीमो ने कहा: केंद्र सरकार को संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए

**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है। केंद्र को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि ऐसा तब होता है, जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है।

मायावती ने रविवार को लखनऊ में हुई पार्टी की बैठक में महाराष्ट्र, गुजरात, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक, तमिलनाडु और केरल में संगठन की तैयारियों, जनाधार बढ़ाने और जनता के मुद्दों को लेकर समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने बीते 2 मार्च को हुई संगठन की बैठक में पदाधिकारियों को दिए गए कार्य की प्रगति रिपोर्ट भी ली। उन्होंने देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने की अपील सरकारों से की और कहा कि इससे जनता का विश्वास डगमगाता है। सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करना चाहिए।

## मनमानी करोगे, तो तुम्हें ठीक कर देंगे, जिसे जो बताना है बता देना

# भाजपा विधायक ने एसडीएम को धमकाया!

बांदा, वार्ता



■ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल, एसडीएम रजत वर्मा ने कहा: उनसे गलत बर्ताव किया जा रहा

उत्तर प्रदेश के बांदा सदर से भाजपा विधायक प्रकाश द्विवेदी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमे वो एसडीएम बबेरू को लपेटते नजर आ रहे हैं।

विधायक ने फोन पर एसडीएम को धमकी देते हुए कहा कि मनमानी करोगे, तो आकर तुम्हें ठीक कर देंगे। जिसे जो बताना है बता देना। वहीं एसडीएम रजत वर्मा का कहना है कि उनके साथ गलत बर्ताव किया जा रहा है। पूरा मामला बांदा जिले के बबेरू कोतवाली क्षेत्र के सहकारी समिति से सामने आया है। जहां दिव्यांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे के घर पर बुलडोजर चला दिया गया। दावा किया जा रहा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के दबाव में भाजपा कार्यकर्ता के घर पर बुलडोजर कार्रवाई की गई। अब इस मामले में विधायक के सामने आने से विवाद गहरा गया है। विधायक प्रकाश द्विवेदी और एसडीएम रजत वर्मा आमने-सामने आ गए। जानकारी के मुताबिक बांदा में विकलांग भाजपा कार्यकर्ता राजेंद्र पांडे का घरएसडीएम रजत वर्मा ने 4 जेसीबी से गिरवा दिया। दावा किया जा रहा हा कि कार्यकर्ता के घर पर बिना नोटिस यह एक्शन लिया गया। इस मामले में पीड़ित राजेंद्र पांडे सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी के पास पहुंचा। उन्होंने विधायक को बताया कि एसडीएम ने चार-चार जेसीबी लगाकर उनके घर को अचानक गिरा दिया। मकान गिराए जाने से पहले उन्हें कोई नोटिस दिया गया। उनका कहना है कि बिना किसी कानूनी सूचना के उनके घर पर बुलडोजर चला दिया गया। पीड़ित राजेंद्र पांडे का कहना है कि भाजपा नेता और जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल की शह पर यह कार्रवाई हुई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इनकी नजर हमारी जमीन पर है। जिसके बाद विधायक प्रकाश द्विवेदी गुस्से में आ गए। उन्होंने बबेरू एसडीएम रजत वर्मा को फोन किया और पीड़ित का पक्ष रखा। इस दौरान उन्होंने एसडीएम को धमकी भी दी। उन्होंने कहा कि वो गलत आरोप नहीं लगा रहे हैं सच बात कह रहे हैं। उन्होंने ये भी कहा कि हम एक बार अनुरोध करेंगे। अगर इसके बाद भी आप मनमानी करेंगे, तो हम आकर के ठीक कर देंगे। विधायक ने एसडीएम से ए भी कहा कि आप सरकार की मंशा से अनुरूप काम करिए। मनमानी नहीं चलेगी। उन्होंने कहा कि जिसकी शह पर आपने ये कार्वाई की है वो सभी नपेंगे।

### फिर चर्चा में आई एसडीएम ज्योति मौर्या, अब पति पहुंचा हाईकोर्ट

**बरेली।** दो साल पहले बरेली जिले में तैनात एसडीएम ज्योति मौर्या और उनके पति के बीच हुई विवाद ने खूब सुर्खियां बटोरी थीं, वहीं ए मामला एक बार फिर चर्चा में है। दरअसल, ज्योति मौर्या के पति आलोक मौर्या जोकि, चतुर्थ श्रेणी के सरकारी कर्मचारी है। उन्होंने इलाहाबाद हाईकोर्ट का रुख किया है और अपनी बीबी से गुजारा भत्ता दिलाने की मांग की है। पति आलोक मौर्या की याचिका पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने ज्योति मौर्या को नोटिस जारी किया है। वहीं इस मामले की अगली सुनवाई अगले महीने की 8 तारीख को होनी है। दरअसल आलोक मौर्या ने अपनी पत्नी ज्योति मौर्या पर होमगार्ड कमांडेंट मनीष दुबे के साथ अवैध संबंध होने का आरोप लगाया है। जानकारी के मुताबिक आलोक और ज्योति 2010 में शादी के बंधन में बधे थे। इसके बाद ज्योति ने पढ़ाई-लिखाई और पीसीएस की तैयारी की थी।



**सेंसेक्स** 83190.28
**निफ्टी** 25355.25



**सोना रु.** 97195
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



**चांदी रु.** 107690
प्रति किलो



# ट्रम्प के व्यापार शुल्क संबंधी फैसलों से रुपया और अन्य मुद्राएं दबाव में आईं



**नई दिल्ली।** देश के वृहद आर्थिक संकेतों की मजबूती और मुद्रास्फीति में नरमी के बावजूद वैश्विक बजाार की अनिश्चिताओं के बीच बीते समाप्त अमेरिकी डालर के मुकाबले रुपए पर लगातार दबाव बना रहा और यह आलोच्य सप्ताह के दौरान कुल मिला कर 46.30 रुपए कमजोर रहा।

बाजार में इस समय अमेरिका में आयात शुल्क के निर्णयों से अनिश्चिता बढ़ गई है और कारोबारियों को भारत.अमेरिका व्यापार समझौते पर घोषणा की प्रतीक्षा है। जुलाई में स्थानीय शेयर बाजारों की कुल मिला कर बिकवाली बने रहने का भी रुपए पर असर पड़ा है। अमेरिका में आयात शुल्क दरों पर अमेरिकी राष्ट्रपति की ओर से सप्ताह के दौरान की गई घोषणाओं से बाजार सहमे हुए हैं। इस बीच विश्व की प्रमुख मुद्राओं के समक्ष डालर की मजबूती से भी रुपए पर दबाव बढ़ा है। सप्ताह के दौरान जापानी एन, कनाडाई डालर और यूरो अमेरिकी डॉलर के समक्ष नीचे आ गए थे। ब्रिटेन का पौंड वहां की अर्थव्यवस्था में मई में संकुचन की रिपोर्ट के बाद दो सप्ताह के अपने न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया था। ट्रम्प सरकार की नीतियों से बिटकायन जैसी डिजिटल मुद्राओं का बाजार गरम है। बाजार को लगता है कि ऐसी मुद्राओं के कारोबार को आने वाले समय में मजबूत वैधानिक मान्यता मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि ट्रंप सरकार के निकट के लोगों की एक कंपनी ने हाल में पाकिस्तान में डिजिटल करेंसी और ब्लाक चेन प्रौद्योगिकी का एक करार किया है1 अमेरिका का व्यापार घाटा कम करने तथा घरेलू विनिर्माण को प्रोत्साहित करने के अपनी लक्ष्यों के तहत ट्रम्प ने बांग्लादेश, म्यांमार, जापान, इंडोनेशिया, सिंगापुर समेत करीब 15 देशों पर ऊंची दर से प्रशुल्कों की घोषणा की, जो पहली अगस्त से लागू किए जाएंगे। उन्होंने कनाडा के खिलाफ 35 प्रतिशत और ब्राजील के खिलाफ राजनीतिक कारणों से 50 प्रतिशत का शुल्क घोषित कर दिया है। सप्ताह मैक्सिको और यूरोपीय संघ पर 30 प्रतिशत की दर से शुल्क लगाने के ट्रम्प के ताजा फैसले से इस सप्ताह भी फारेक्स बाजार प्रभावित हो सकते हैं। यूरोपीय संघ और मैक्सिको ने अमेरिका के फैसले को अनुचित बताया है और इस पर बातचीत करने की अपनी मंशा दोहराते हुए जवाबी कार्रवाई का भी संकेत दिया है।

# शेयर बाजार के लिए 15 जुलाई की तारीख अहम

**मुंबई।** शेयर बाजार के लिए कल से शुरू होने वाले हफ्ते में 15 जुलाई की तारीख अहम होने वाली है। वेल्थव्यू एनालिटिक्स के डायरेक्टर हरशुभ शाह के मुताबिक इस दिन ट्रेडर्स को हाई-अलर्ट पर रहना चाहिए। वहीं उन्होंने अपनी वीकली मार्केट रिपोर्ट में कुछ खास समय और स्तर बताए हैं। इसके अलावा रिटेल और थोक महंगाई दर के आंकड़े, पहली तिमाही के कंपनियों के नतीजे से लेकर विदेशी निवेशकों की खरीद-बिक्री और टेक्निकल फैक्टर्स बाजार की चाल तय करेंगे। निफ्टी के अहम स्तर सपोर्ट जोन-सपोर्ट यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को नीचे गिरने से सहारा मिलता है। यहां खरीदारी बढ़ने से कीमत आसानी से नीचे नहीं जाती। इन स्तरों पर खरीदारी का मौका मिल सकता है। रेजिस्टेंस यानी, वह स्तर जहां शेयर या इंडेक्स को ऊपर जाने में रुकावट आती है। ऐसा बिकवाली बढ़ने से होता है। अगर निफ्टी रजिस्टेंस जोन को पार करता है, तो नई तेजी आ सकती है।

# निवेशकों को भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के नतीजे का इंतजार

नई दिल्ली, वार्ता

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार परिदृश्य और भू-राजनैतिक अनिश्चितताओं से प्रभावित कारोबार के कारण बीते सप्ताह भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट तेज हो गई। निवेशकों को अब भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता के संतुलित परिणाम की प्रतीक्षा है। वे फिलहाल किनारे रह कर कुछ चुनिंदा लिवाली करना बेहतर मान रहे हैं।

सप्ताह के दौरान तिमाही परिणामों का सीजन आईटी क्षेत्र की दिग्गज टीसीएस के पहली तिमाही के नतीजों से शुरू हुआ, जिसमें बाजार को वैश्विक मांग में नरमी का संकेत दिखा है। सप्ताहांत यूरोपीय संघ और मैक्सिको के खिलाफ अमेरिका में 30 प्रतिशत आयात शुल्क लगाने के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणा का इस सप्ताह बाजार पर नकारात्मक प्रभाव दिख सकता है। विश्लेषकों के अनुसार भारत में मुद्रास्फीति नीचे आने और ब्याज दर में नरमी से निवेशकों का बाजार में विश्वास बना हुआ है लेकिन अमेरिका के राष्ट्रपति की व्यापार नीति से व्याप्त अनिश्चितताओं और भू-राजनीतिक तनाओं के बीच मांग में कमी के कारण फिलहाल निवेश किनारे पर ही रहना बेहतर मान रहे हैं। पिछले कुछ महीनों तक विदेशी संस्थागत निवेशकों की ओर से अच्छे प्रवाह के बाद जुलाई में अब तक उनका निवेश कुल मिलाकर कम हुआ है। बजाज ब्रोकिंग रिसर्ज के अनुसार स्थिर मैक्रो संकेतक और घटती मुद्रास्फीति तेजी की धारणा को बढ़ावा दे रही है, हालांकि वैश्विक संकेत (जैसे, अमेरिकी चुनाव, ब्याज दरों पर निर्णय) अस्थिरता पैदा कर सकते हैं। फर्म के अनुसार निवेशक चुनिंदा खरीदारी की ओर झुके हैं और उचित मूल्य निर्धारण और स्पष्ट वृद्धि की संभावना वाले आईपीओ को पसंद कर रहे हैं। फिर भी बाजार में फार्मा, औद्योगिक और विशिष्ट उपभोक्ता वस्तु वर्ग के शेयर बेहतर चल रहे हैं, जबकि रियल एस्टेट और फिनटेक क्षेत्र में मंदी बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**निकम व...**

मास्टर को केरल में शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके विशेष कार्यों के लिए जाना जाता है। उन्हें वंचित वर्गों के लोगों के साथ-साथ अनुसूचित जातियों और जनजातियों के बीच शिक्षा और सामाजिक जागरूकता को बढ़ावा देने वाले उनके कार्यों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। जानी मानी इतिहासकार डा. जैन दिल्ली विश्वविद्यालय के गार्गी कॉलेज में इतिहास की पूर्व एसोसिएट प्रोफेसर और भारतीय ऐतिहासिक अनुसंधान परिषद की शासी परिषद की सदस्य रह चुकी हैं। उल्लेखनीय है कि राज्यसभा में निर्वाचित सदस्यों के अलावा विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट कार्य करने वाले 12 व्यक्तियों को मनोनीत किया जाता है।

**देशभर में...**

कर दिया है। दिल्ली सीईओ की वेबसाइट पर 2008 की वोटर लिस्ट उपलब्ध है, जब दिल्ली में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन हुआ था। उत्तराखंड में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन 2006 में हुआ था। तब की वोटर लिस्ट राज्य की सीईओ वेबसाइट पर उपलब्ध है। राज्यों में आखिरी स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन कट ऑफ तारीख के तौर पर काम करेगा, क्योंकि बिहार की 2003 की वोटर लिस्ट को चुनाव आयोग स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के लिए यूज कर रहा है। अधिकांश राज्यों में 2002 और 2004 के बीच वोटर लिस्ट में संशोधन किया गया था। बिहार में वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम जारी है। इस दौरान चुनाव आयोग (ईसी) के अधिकारियों का दावा है कि बिहार में बड़ी तादाद में विदेशी हैं। ईसी अफसरों ने न्यूज एजेंसी को बताया कि हमने मतदाता सूची पुनरीक्षण के लिए घर-घर जाकर दौरे किए। इस दौरान हमें नेपाल, बांग्लादेश और म्यांमार से आए लोग बड़ी संख्या में मिले हैं। ईसी अफसरों के मुताबिक एक अगस्त के बाद ऐसे लोगों की जांच होगी। 30 सितम्बर को पब्लिश होने वाली आखिरी मतदाता सूची में अवैध प्रवासियों के नाम शामिल नहीं किए जाएंगे। वोटर लिस्ट वैरिफिकेशन का काम 24 जून को शुरू हुआ था और 25 जुलाई, 2025 तक गणना फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख है। मतदाता गणना फार्म जमा करने का काम अंतिम चरण में पहुंच चुका है।

**चेतावनी के...**

विशेषकर टेकऑफ और शुरुआती चढ़ाई जैसे क्रिटिकल चरणों में। पायलट ने सुबह 11:17 बजे यह अलर्ट दिया था और 12:40 बजे विमान को उड़ान की मंजूरी दे दी गई। दोपहर 1:38 बजे यही विमान लंदन के लिए टेकऑफ करता है और महज 30 सेकंड बाद दोनों इंजन बंद हो जाते हैं। रिपोर्ट को लेकर सरकार ने कहा है कि इस पर स्टडी की जा रही है। अभी कोई निष्कर्ष न निकालें।

# जम्मू-कश्मीर के नेताओं को नजरबंद किया गया

श्रीनगर, वार्ता

जम्मू-कश्मीर में सत्तारूढ़ नेशनल कॉन्फ्रेंस समेत कई नेताओं को रविवार को नजरबंद कर दिया गया। ये लोग वर्ष1931 में तत्काकलीन शासन के खिलाफ हुए एक विरोध प्रदर्शन में मारे गए 22 लोगों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाना चाहते थे। प्रशासन ने नौहट्टा क्षेत्र में बने कब्रिस्तान मज़ार-ए-शोहदा की ओर जाने वाले सभी रास्तों को सील कर दिया और कई संवेदनशील इलाकों में पुलिस और केंद्रीय सशस्त्र बलों की भारी टुकड़ियां तैनात कर दीं।

श्रीनगर जिला प्रशासन ने कल शाम राजनीतिक दलों को वहां जाने की अनुमति देने से मना करते हुए आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने प्रतिबंधों की निंदा करते हुए इसे 'पूरी तरह से अलोकतांत्रिक' बताया। अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि अलोकतांत्रिक कदम उठाते हुए लोगों को घरों में बंद कर दिया गया है, जिससे कि लोग ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण कब्रिस्तान में नहीं जा सकें। यहां उनकी कब्रें हैं, जिन्होंने कश्मीरियों को आवाज़ देने और उन्हें मजबूत बनाने के लिए जान दे दी। उन्होंने कहा कि वह नहीं जानते कि पुलिस आखिर किस बात से इतना डरती है।वह पार्टी के मुख्य प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक की एक पोस्ट पर प्रतिक्रिया दे रहे थे। सादिक ने कहा था कि नेताओं को उनके घरों में नजरबंद कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 1931 में जान कुर्बान करने वालों को गलत तरीके से बदनाम किया जा रहा है।

### अमरनाथ यात्रियों का नया जत्था जम्मू से रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में श्री अमरनाथ यात्रा के लिए 7000 से अधिक तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था रविवार को यहां बने यात्री निवास से पवित्र गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों ने बताया कि 286 वाहनों के बेड़े में यह जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना हुए। उन्होंने बताया कि आज सुबह 7049 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। इनमें से 4148 तीर्थयात्री पहलगाम और 2891 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करें। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विषयक कारके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# बिना कोचिंग के सीवीपीएस के छात्रों का आईआईटी में चयन

## स्कूल चेयरमैन डाक्टर ओ.पी. अग्रवाल ने छात्रों को लैपटॉप एवं ट्रॉफी भेंट की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** कैंट स्थित सिटी वोक. ेशनल पब्लिक स्कूल के इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के विद्यार्थियों ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाते हुए विद्यालय को गौरवान्वित किया है। यह पहली बार है जब मेरठ से किसी विद्यालय के विद्यार्थियों ने बिना किसी बाहरी कोचिंग के यह ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। इस वर्ष करण पिलानिया IIT Bombay शिवांश तोमर IIT Kharagpur संस्कृति शर्मा IIT Kharagpur माही IIT Kanpur एवं भव्य गुप्ता IIT BHU में चयनित हुए हैं।



रविवार को विद्यार्थियों के सम्मान में एक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें स्कूल चेयरमैन डॉ. ओ.पी. अग्रवाल ने सभी प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को लैपटॉप एवं ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम, संकल्प शक्ति एवं शिक्षकों के कुशल मार्गदर्शन का प्रतिफल है। स्कूल डायरेक्टर डॉ. हिमानी अग्रवाल, प्रधानाचार्य एन.पी. सिंह एवं इंटीग्रेटेड स्टार कोर्स के सीईओ डॉ. आर्यन अग्रवाल ने भी विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

# परीक्षितगढ़ में पंखे से लटककर की खुदकुशी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**परीक्षितगढ़।** नगर के पूठी दरवाजा निवासी धीरज त्यागी (42) पुत्र निरंजन त्यागी ने शनिवार को अपने कमरे में छत के पंखे में कुंडे से दुपट्टे से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृतक की पत्नी पिंकी इन दिनों अपने मायके बुलंदशहर के ग्राम थल में रह रही थी, जिससे धीरज मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। घटना की जानकारी मिलते ही थाना पुलिस मौके पर पहुंची तथा शव को नीचे उतारकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं देर शाम नगर के श्मशान घाट पर धीरज का अंतिम संस्कार कर दिया गया। घटना की सूचना मृतक के छोटे भाई अतुल



ने थाना पुलिस को दी पुलिस ने तहरीर के आधार पर घटना की जांच शुरू कर दी है। मृतक के परिवार में उसकी पत्नी पिंकी, चार वर्षीय बेटा कृष्णा, छह वर्षीय बेटी यशवी, मां प्रभा, बड़े भाई आलोक और छोटे भाई अतुल समेत अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक अपने तीन भाइयों में दूसरे नंबर का था।

# एसडीएम के आदेश पर एएसपीजी कॉलेज गेट पर रहा पुलिस का पहरा

## कालातीत प्रबंध समिति की बैठक पर लगी रोक, चुनाव अधिकारी की शिकायत पर एसडीएम मवाना ने दिए आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मवाना।** एएस डिग्री कॉलेज की एसोसियेशन की कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति प्रस्तावित आम सभा पर एसडीएम मवाना ने रोक लगा दी है। इसे लेकर प्रबंध समिति द्वारा मनोनीत चुनाव अधिकारी ने पुलिस-प्रशास. निक अफसरों से शिकायत कर आपत्ति जताई थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मवाना ने बैठक पर रोक लगाने का आदेश देते हुए सीओ व इंस्पेक्टर मवाना को पत्र जारी किया था। वहीं, आदेश के बावजूद कुछ लोग कॉलेज पर पहुंचे, लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया और कोई बैठक नहीं होने दी।

गौरतलब है कि नगर में एएसपीजी कॉलेज को एएस डिग्री एसोसियेशन की प्रबंध संचालित करती है। समिति का कार्यकाल पूरा होने पर दो महीने पहले तत्कालीन सचिव द्वारा व्यापारी नेता विनोद गुप्ता को चुनाव अधिकारी मनोनीत किया था। बतौर चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने प्रबंध समिति चुनाव की तारीख घोषित करते हुए प्रक्रिया के तहत उन्होंने 25 मई को मतदान की तारीख तय की थी, लेकिन सभी पदों पर एक-एक नामांकन होने पर पूरी प्रबंध समिति निर्विरोध चुनी गई। उधर, चुनाव प्रक्रिया के बीच में कालातीत हुई समिति के सचिव ने एक पत्र मीडिया में जारी कर विनोद गुप्ता को चुनाव अधिकारी के पद से हटाने का दावा कर दिया। नई प्रबंध समिति को अनुमोदन के लिए संबंधित कार्यालय भेजा गया, लेकिन वहां पर दूसरे पक्ष ने आपत्ति लगा दी थी। आपत्ति निस्तारण की प्रक्रिया अभी विचाराधीन है।

### बिना पत्रांक संख्या के जारी कर दिया पत्र

दरअसल, इस तमाम प्रकरण के बीच कालातीत हो चुकी प्रबंध समिति के सचिव रहे दीपक कुमार ने एएसपीजी कॉलेज मवाना के लेटर पेड पर बिना पत्रांक



संख्या व तारीख के एक पत्र जारी कर दिया। जिसमें प्रबंध समिति की साधारण सभा के सदस्यों से 13 जुलाई रविवार को 11:30 बजे संस्था की बैठक में शामिल होने की अपील की गई। बैठक का स्थान कॉलेज परिसर था।

### शिकायत के बाद अफसर गंभीर

चुनाव अधिकारी विनोद गुप्ता ने शनिवार को पूरे प्रकरण से पुलिस प्रशासनिक अफसरों को लिखित रूप से अवगत कराते हुए कहा कि यह प्रस्तावित बैठक पूरी तरह अवैधानिक है और इससे विवाद होगा व शांति व्यवस्था को खतरा पैदा हो सकता है।

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसडीएम मवाना ने इस बैठक पर रोक लगाने का आदेश जारी कर दिया। एसडीएम द्वारा जारी पत्र में संस्था के संबंध में विचाराधीन वाद कांवड़ यात्रा का हवाला दिया गया। रविवार को बैठक के समय कुछ लोग कॉलेज गेट पर पहुंचे, लेकिन सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें खदेड़ दिया। इंस्पेक्टर मवाना अखिलेश मिश्र ने चेतावनी देते हुए कहा कि आदेश का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# देव डिग्री कॉलेज हस्तिनापुर की प्रबन्ध समिति का चुनाव महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** स्वामी कल्याण देव डिग्री कॉलेज हस्तिनापुर की प्रबन्ध समिति का चुनाव रविवार को महाविद्यालय परिसर में सम्पन्न कराया। सभी पदाधिकारी व सदस्यगण निर्विरोध चुने गये। समिति के 11 पदों पर एकल नामांकन हुआ।

समिति का चुनाव चौ. चरण सिहें विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक प्रो. शिवराज सिंह आचार्य गणित विभाग तथा चुनाव अधिकारी सुधीर पुंडीर एडवोकेट के निर्देशन में सम्पन्न कराया गया। विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त चुनाव पर्यवेक्षक ने बताया कि पांच पदाधिकारी व 6 सदस्यों के पद के लिए नामांकन पत्र भरे गये सभी नामांकन पत्र जांच में



वैध पाये गये जिसमें अध्यक्ष पद हेतु कन्दर्प स्वरूप, उपाध्यक्ष पद हेतु डॉ. आर के. भटनागर, सचिव पद हेतु सरजीत कुमार सिंह पूर्व ब्लाक प्रमुख, उपसचिव पद हेतु देवेन्द्र कुमार, कोषाध्यक्ष पद हेतु सुभागवीर सिंह मान तथा सदस्य पद हेतु रामपाल सिंह, सुभाष ग्रोवर, विरेंद्र मिश्रा, संतशरण सिंह, प्रद्युमन सिंह, एड. जगबीर सिंह के एकल नामांकन होने से सभी पदों पर निर्विरोध चुन लिए गए। किसी भी पद पर चुनाव की आवश्यकता नहीं हुई। इस अवसर पर पर्यवेक्षक प्रबन्ध समिति के पदाधिकारियों ने महा विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया। सभी ने कॉलेज परिसर स्थित वीतराग् पदमभूषण कॉलेज संस्थापक स्वामी कल्याण देव महाराज की मूर्ति के सम्मुख पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर साधारण सभा के सदस्य महेद्र के निधन पर दो मिनट का मौन रख उन्हे भावपूर्व श्रद्धांजलि व्यक्त की गई। प्राचार्य डॉ. महेश कुमार सिंह ने समिति के पदाधिकारियो, सदस्यो तथा नगर के गणमान्य व्यक्तियो का महा विद्यालय पधारने पर आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य व्यक्तियो सहित नई एंव पुरातन समिति के सदस्य, सुभाष खेड़ा, जगबीर, आर.के. भटनागर, विरेन्द्र मिश्रा, कॉलेज प्राचार्य डॉ. महेश कुमार सिंह, प्रवक्ता डॉ. किशोर कुमार, समस्त कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे।

# आईआईटी जेम परीक्षा में तनु ने प्रथम स्थान किया हासिल

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**फलावदा।** कस्बे के मोहल्ला सैनियान निवासी तनु सैनी पुत्री राकेश सैनी ने आईआईटी जेम परीक्षा में अखिल भारतीय रैंक 501 प्राप्त कर आईआईटी खड़गपुर में एमएससी रसायन में उच्च स्थान चयन प्राप्त कर कस्बे व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। तनु की शैक्षणिक यात्रा की शुरुआत कस्बे के जवत्री देवी सरस्वती शिशु विद्या मंदिर से हुई, जहां से प्राथमिक शिक्षा प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने ट्रांसलम अकैडमी इंटरनेशनल से अपनी माध्यमिक शिक्षा पूरी की और एनएएस कॉलेज, मेरठ से स्नातक की पढ़ाई की। तनु ने मेहनत, समर्पण और ढृढ़ निश्चय ने उनके सपने को साकार किया है। रविवार को उनके आवास पर कस्बे के गणमान्य लोगों ने पहुंचकर शुभकामनाएं दी।

# रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता हैः डॉ. संजय जैनर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहसूमा।** क्षेत्र के गांव हंसापुर में अशोक जैनर के आवास पर एमजे ट्रस्ट एवं साईन चैरिटेबल मेरठ के तत्वाधान में निःशुल्क ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें कैम्प का उद्घाटन हस्तिनापुर ब्लाक प्रमुख नितिन पोसवाल ने फीता काटकर किया। उसके बाद गांव एवं आसपास क्षेत्र के लोगों ने अपना ब्लड डोनेशन किया। समाजसेवी गिरिराज प्रधान ने बताया कि रविवार को गांव हंसापुर में एनआरआई डॉक्टर अशोक जैनर के आवास पर ब्लड डोनेशन कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें साईन चैरिटेबल ट्रस्ट के डाक्टर सूरज कुमार ने 55 लोगों का ब्लड डोनेशन किया गया। कैंप में डाक्टर विजय कुमार एवं डाक्टर दिनेश जैनर ने बताया कि रक्तदान करना महादान होता है। रक्तदान करने से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। ब्लड डोनेशन करने वाले को एक मेडल एवं सर्टिफिकेट प्रदान किये। इस मौके पर मुख्य रूप से दिनेश जेनर, राजन जेनर, हरीश जैनर, अंकुश जैनर आदि लोगों का सहयोग रहा।

# मस्जिद-कब्रिस्तान और अपने अधिकारों के लिए चंद्रशेखर आजाद को करना होगा मजबूतः शाहजेब

## शाहजेब रिजवी सरधना विधानसभा से लड़ेंगे चुनाव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** लखनऊ में आयोजित आजाद समाज पार्टी के मुस्लिम सम्मेलन ने 2027 की सियासत में हलचल पैदा कर दी है। आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर आजाद के इस मुस्लिम सम्मेलन मे मुसलमानों की बड़ी तादाद देखने को मिली ओर इस तादात ने 2027 की सियासत के नए समीकरण को दर्शाया है और इस नए समीकरण की वजह से मुस्लिम समाज के युवाओं ने अखिलेश यादव की सियासत को भी आईना दिखाया है। शनिवार को आयोजित मुस्लिम सम्मेलन में चंद्रशेखर आजाद ने मुस्लिम ही की बात की और मुस्लिम समाज को साफ-साफ संदेश दिया कि उनकी पार्टी मुसलमानों के अधिकार और उनकी रक्षा व सुरक्षा के लिए सड़क से लेकर संसद तक लड़ाई लड़ने को तैयार है, वहीं इस दौरान हाल ही में आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए सरधना विधानसभा के शाहजेब रिजवी ने कांग्रेस भाजपा, सपा, रालोद पर अपनी भड़ास निक. ालते हुए कहा कि किसी भी पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष जल्दी से किसी के दुख सुख में शामिल नहीं होते केवल चंद्रशेखर आजाद ही ऐसे नेता हैं जो लोगों के पुरसे में भी शामिल हो रहे हैं शाहजेब रिजवी ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद ही एक ऐसे नेता हैं जिन्होंने वक्फ बिल पर सड़क से लेकर संसद तक मुस्लिम समाज की लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि अगर हमारे कब्रिस्तान और मस्जिद है खत्म कर दी जाएगी, तो हम क्या करेंगे। कहां नमाज पढ़ेंगे और कहां दफन जाएंगे इसलिए हमें अपने हकूक और अपने मुस्तकबिल के लिए चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत बनाना होगा। इस दौरान भारी तादाद में मुस्लिम समाज ने भी शाहजेब रिजवी के बयान पर अपनी सहमति जताई। मुस्लिम सम्मेलन के दौरान एक पोस्टर पर सब की नजर गई और वह है मैसूर के शेर टीपू सुल्तान की मंच पर टीपू सुल्तान का एक बड़ा होर्डिंग भी लगा था। आपको बता दें कि शाहजेब रिजवी सरधना विधानसभा से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं उनका कहना है कि सरधना विधानसभा के अंदर मुस्लिम समाज की तादाद एक लाख से अधिक है जब इतनी तादाद हमारी है तो फिर मुस्लिम समाज की लड़ाई को लड़ने के लिए उनके जज्बात को समझने के लिए मुसलमानों को टिकट क्यों नहीं दिया जाता इसलिए आने वाले 2027 के चुनाव में वह आजाद समाज पार्टी से चंद्रशेखर आजाद के हाथों को मजबूत बनाने के लिए चुनाव लड़ेंगे। और शाहजेब रिजवी अभी से मिशन 2027 के लिए सियासी मैदान में कूद गए हैं जिसके बाद सरधना विधानसभा में नए समीकरण बनने लगे हैं।

# चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कुराली सेवा समिति ने लगाया कांवड़ सेवा शिविर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जानी खुर्द।** सावन महीने में कांवड़ का आगमन चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर बढ़ता ही जा रहा है वहीं रविवार को कुराली सेवा समिति ने चौधरी चरण सिंह कांवड़ मार्ग पर कांवड़ सेवा शिविर का 13 वां शि. विर का आयोजन किया गया।

जिसमें जानी थाना प्रभारी निरीक्षक महेश सिंह राठौर ने भी शिविर में हिस्सा लिया और कांवड़ लेकर आ रहे शिव भक्तों को प्रसाद ग्रहण कराया और शिविर संचालकों को निर्देश दिए की शिविर में सिर्फ जिनके पास शिविर का आई कार्ड है वे ही इसमें हिस्सा ले और अन्य बाहर के व्यक्ति की एंट्री न करें इसमें माहौल खराब होने की संभावना रहती है। पुलिस प्रशासन का सहयोग करें अगर कोई भी सिविल में संदिग्ध व्यक्ति दिखाई दे तो तुरंत पुलिस को सूचित करें। समिति के सदस्य मुख्य अतिथि समाज सेवी मनोज चौहान कुराली और कांग्रेस कमेटी के सदस्य दिनेश कुमार उपाध्याय ने प्रशासन को हर तरह से सहयोग की बात कही है।

# डॉ. गंभीर को ऊर्जा राज्य मंत्री सोमेंद्र तोमर ने किया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** रविवार को आर. के. वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वाधान में अंत. रराष्ट्रीय कवि गीतकार डॉ. ईश्वर चंद गंभीर द्वारा रचित गीत माव ऊर्जा राज्य मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर को सप्रेम भेंट किया गया, ये गीत अमर क्रांति वीर योद्धा धनसिंह कोतवाल के शौर्य और बलिदान को दर्शाता है। मंत्री डॉ. सोमेंद्र तोमर ने डॉ. गंभीर को शॉल पहना सम्मानित भी किया। डॉ. गंभीर के साथ आर के वेलफेयर ट्रस्ट के अध्यक्ष रजनीश शर्मा और युवा कवि राजीव शर्मा, अभिमन्यु आदि रहे। मंत्री ने गीत की प्रशंसा करते हुए कहा कि हमें बलिदानियों पर गर्व करना चाहिए।

# शिक्षा की जागृति लाने के लिए किया इंस्टीट्यूट का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** मवाना रोड स्थित रनिया प्लाजा में आज एक इंस्टिट्यूट का उद्घाटन किया गया। जिसका उद्घाटन शाही ईदगाह के शाही इमाम हुसैन अहमद ने किया और इस अवसर पर उन्होंने दुआ करा कर क्षेत्र वासियों को इल्म की रोशनी से रोशनास कराया। कस्बे में रनिया प्लाजा स्थित ब्राइट फ्यूचर एजुकेशनल इंस्टिट्यूट का उद्घाटन कस्बे के शाही मस्जिद के इमाम हुसैन अहमद ने किया। इस अवसर पर डाक्टर वसीम अहमद अलीग, डाक्टर आमिर मिजाज, शराफत एडवोकेट, जीनियस अल्फलाह इंटर कॉलेज के डायरेक्टर जावेद अली, मास्टर जाहिद अली, तैयब रनिया, इमरान गफूरी, जिला सहकारिता समिति हापुड़ रईसुल जमा खान, रहे।

वहीं इंस्टिट्यूट के कन्वीनर अब्दुल बारी ने आए सभी मेहमानों का फूल माला डालकर शुक्रिया अदा किया। इस अवसर पर जामा मस्जिद के इमाम हुसैन अहमद ने एजुकेशन पर रोशनी डालते हुए कहा कि शिक्षा एक ऐसा यंत्र है जिसकी रोशनी वर्षों तक जिंदा



रहती है वहीं उन्होंने लोगों को आगाह किया की अपने बच्चों को शिक्षा जरूर दिलाए। इसी के बल पर आपका बच्चा डॉक्टर, इंजीनियर, आईएएस, पीसीएस, या अन्य कोई अधिकारी बन सकता है और पढ़ लिखकर ही बच्चा अच्छा बिजनेस चला सकता है। उसको रहने सहने का तरीका एजुकेशन से ही आता है वहीं इस ब्राइट सेंटर के उद्घाटन के अवसर पर सेंटर इंचार्ज अब्दुल बारी ने कहा कि हमारे सेंटर पर नीट, जेई, की कोचिंग के अलावा अन्य कई और कोर्सेज भी कराये जाएंगे। जिनका फायदा छात्र उठा सकते हैं।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्सः 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

महत्वपूर्ण सूचना

**कांवड़ मेला-2025 के लिए**
**विशेष व्यवस्था**
**(23.07.2025 तक)**

**कांवड़ मेला-2025 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, निम्नलिखित कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी तौर पर नये ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार हैः-**

**रेलगाड़ी संख्या 74023/74022 दिल्ली-शामली-दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 74023 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 74022 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | ---- |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रुड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:05 |

**चलने की तिथिः 74023 दिल्ली** से 24.07.2025 तक और **74022 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 64557/64558 दिल्ली-सहारनपुर-दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार**

| रेलगाड़ी सं.: 64557 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 64558 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:25 | दिल्ली | 08:45 | ---- |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रुड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | ---- | हरिद्वार | ---- | 02:00 |

**चलने की तिथिः 64557 दिल्ली** से 24.07.2025 तक और **64558 हरिद्वार** से 25.07.2025 तक।
**स्थानः** सामान्य।

**मेला विशेष रेलगाड़ियो का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालनः**

**रेलगाड़ी संख्या 04311/04312 मुरादाबाद-लक्सर-मुरादाबाद अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04311 | | ↑ स्टेशन ↓ | रेलगाड़ी सं.: 04312 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | ---- |
| 07:15 | ---- | लक्सर | ---- | 12:00 |

**चलने के दिनः 04311 मुरादाबाद** एवं **04312 लक्सर** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा एवं काँठ स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04314/04313 हरिद्वार-दिल्ली जं.-हरिद्वार अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04314 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04313 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 17:05 | हरिद्वार | 07:55 | ---- |
| 23:10 | ---- | दिल्ली जं. | ---- | 01:10 |

**चलने के दिनः 04314 हरिद्वार** से 24.07.2025 तक एवं **04313 दिल्ली जं.** से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** ज्वालापुर, रुड़की, टपरी, मुज़फ्फरनगर, मेरठ सिटी, गाजियाबाद एवं दिल्ली शाहदरा स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04316/04315 योग नगरी ऋषिकेश-दिल्ली शाहदरा-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04316 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04315 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | ---- |
| 03:50 | ---- | दिल्ली शाहदरा | ---- | 04:20 |

**चलने के दिनः 04316 योग नगरी ऋषिकेश** से 24.07.2025 तक एवं **04315 दिल्ली शाहदरा** से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, टपरी एवं शामली स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04318/04317 योग नगरी ऋषिकेश-आलमनगर-योग नगरी ऋषिकेश अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04318 | | स्टेशन | रेलगाड़ी सं.: 04317 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | ---- |
| 10:45 | ---- | आलमनगर | ---- | 12:05 |

**चलने के दिनः 04318 योग नगरी ऋषिकेश** से 09.08.2025 तक एवं **04317 आलमनगर** से 10.08.2025 तक।
**ठहरावः** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज़्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली एवं शाहजहाँपुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**रेलगाड़ी संख्या 04413/04414 दिल्ली जं. - हरिद्वार - दिल्ली जं. अनारक्षित मेला विशेष रेलगाड़ी**

| रेलगाड़ी सं.: 04413 | | ↓ स्टेशन ↑ | रेलगाड़ी सं.: 04414 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 16:45 | दिल्ली जं. | 09:40 | ---- |
| 22:55 | ---- | हरिद्वार | ---- | 03:30 |

**चलने के दिनः 04413 दिल्ली जं.** से 24.07.2025 तक एवं **04414 हरिद्वार** से 14.07.2025 से 25.07.2025 तक।
**ठहरावः** दिल्ली शाहदरा, नोली, गोटरा हाल्ट, फखरपुर हाल्ट, खेकड़ा, सुन्हैड़ा हाल्ट, अहेरा हाल्ट, बागपत रोड, सूजरा, बड़ौत, कासिमपुर खेड़ी, एलम, कांधला, शामली, हीन्ड, थाना भवन, ननौता, सोना अर्जुनपुर, रामपुर मनिहारान, टपरी, रुड़की एवं ज्वालापुर स्टेशन।
**स्थानः** सामान्य।

**दिनांक 24.07.2025 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव**

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | आवृत्ति | अस्थाई ठहराव | समय-सारणी | |
|---|---|---|---|---|
| | | | आगमन | प्रस्थान |
| 14113 सूबेदारगंज - देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून - सूबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन - देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून - उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इंदौर - देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून - इंदौर एक्सप्रेस | सप्ताह में दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा - देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून - ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली - योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश - कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा - योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश - श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |
| 54075 बरेली - दिल्ली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 54076 दिल्ली - बरेली स्पेशल पैसेंजर | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

**विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा पूछताछ वेबसाइटः www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।**

रेलमदद वेबसाइट देखें:- www.railmadad.indianrailways.gov.in रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

हमें फॉलो करें

उत्तर रेलवे
आपकी सुविधा - हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# धूमधाम से निकाली गई भगवान दक्ष प्रजापति की शोभा यात्रा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** प्रजापति समाज के द्वारा भगवान दक्ष प्रजापति जी के जन्मोत्सव पर शोभायात्रा का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। शोभा यात्रा का कविनगर रामलीला ग्राउंड से चलकर बाग वाली कॉलोनी शिव मंदिर पर जाकर समापन हुआ। जिसमें गाजियाबाद के समस्त प्रजापति समाज ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और एक जन सैलाब के रूप में कविनगर रामलीला मैदान में एकत्रित होकर समाज को आगे बढ़ने का प्रण लिया। शोभा यात्रा में मुख्य रूप से पन्नालाल प्रजापति, बीना प्रजापति, रुचि प्रजापति, शगुन प्रजापति,हरवीर प्रजापति, गजेंद्र प्रजापति, अमित बरनवाल, डॉ राकेश, सुमित प्रजापति, तनुज प्रजापति, करण प्रजापति, जितेंद्र प्रजापति, राजवीर प्रजापति, देवा भैया, महेश प्रजापति, राजेंद्र आर्य, सत्यवीर प्रजापति, राजेंद्र प्रजापति, मूलचंद प्रजापति, जितेंद्र वैदपुरा, अनुज प्रजापति, सुरेश प्रजापति, सचिन प्रजापति अजय बिट्टा, बृजेश प्रजापति, राजीव प्रजापति, धर्मपाल प्रजा. पति, विशाल प्रजापति, मनवीर प्रजापति, सुनील वैदपुरा, विजय, सुशील प्रजापति पंछी कुल्फी, शशि भूषण प्रजापति, सुबोध कुमार ,धर्म प्रकाश प्रजापति, नीरज कुमार, रोशन प्रजापति, ब्रह्म प्रकाश, मोहन प्रजापति, कार्तिक प्रजापति, मनोज प्रजा. पति, कांति प्रसाद जी, डॉ सुभाष तोमर और मुकेश प्रजापति आदि बढ़- चढकर शामिल हुए। समाज के उत्थान के लिए बनी समितियां ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

शोभा यात्रा का समापन माननीय ओमप्रकाश गोला जी राज्यमंत्री द्वारा किया गया। समापन स्थल पर गाजियाबाद और दूर दूर गांवों से आई टीमों को सम्मानित किया गया। दक्ष प्रजापति सेवा समिति गोविंदपु. रम, अखिल भारतीय प्रजापति कुंभकार महासभा, दक्ष प्रजापति सेवा समिति मेरठ मंडल सिहानी, राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ व्यापार मंडल युवा शक्ति संगठन आदि लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सैकड़ो की संख्या में इकट्ठा होकर भगवान दक्ष प्रजापति जी की शोभायात्रा निकाली।

# जूस की दुकान में पीले रंग के संदिग्ध लिक्विड से भरी बोतल बरामद होने पर हुआ हंगामा

**गाजियाबाद।** जनपद में जूस की दुकानों को लेकर एक के बाद एक गंभीर आरोप सामने आ रहे हैं, जिससे शहर में हड़कंप मच गया है। ताजा मामला मेरठ रोड स्थित दिल्ली जूस कॉर्नर का है, जहां ग्राहकों द्वारा पीले रंग के संदिग्ध लिक्विड से भरी बोतल बरामद की गई है। इस बोतल को लेकर आरोप लगाया जा रहा है कि जूस में पेशाब और थूक मिलाया गया है, जिससे आम लोगों में रोष व्याप्त है। घटना की सूचना पर पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और दुकान पर कार्यरत दो कर्मचारियों को हिरासत में ले लिया। दोनों कर्मचारी और दुकान का मालिक मुस्लिम समुदाय से संबंधित बताए जा रहे हैं। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए फूड सेफ्टी डिपार्टमेंट को भी सूचित कर जांच के आदेश दिए हैं। विभाग की टीम ने दुकान को बंद करा दिया है और नमूनों को जांच के लिए भेजा गया है।

यह मामला ऐसे समय सामने आया है जब एक दिन पहले गौर सिद्धार्थम के पास भी एक जूस विक्रेता पर इसी तरह के आरोप लगे थे। ऐसे में यह सिलसिला रुकने का नाम नहीं ले रहा है, जिससे अन्य दुकानों पर भी संदेह की दृष्टि से देखा जा रहा है। लोनी क्षेत्र से भाजपा विधायक नंद किशोर गुर्जर ने भी इन मामलों को गंभीरता से लेते हुए डीसीपी सिटी से मुलाकात की और सख्त कार्रवाई की मांग की। उन्होंने कहा कि इस तरह की घटनाएं न केवल खाद्य सुरक्षा बल्कि सामाजिक सौहार्द्र पर भी चोट पहुंचा रही हैं। वहीं, इंस्पेक्टर नंदग्राम का कहना है कि उन्हें शिकायत प्राप्त हुई है और पुलिस पूरे मामले की गहनता से जांच कर रही है। प्रथम दृष्टया साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं और जांच पूरी होने के बाद कानूनी कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल हिरासत में लिए गए दोनों कर्मचारियों से पूछताछ की जा रही है। स्थानीय लोगों में इस घटना को लेकर आक्रोश है और वे जूस दुकानों की नियमित जांच की मांग कर रहे हैं। पुलिस और प्रशासन ने लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की है और कहा है कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा।

# मुख्यमंत्री योगी को पुन: मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराने के लिए कथा का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पवित्र सावन माह में श्री आदि गुरु वैदिक सेवा संस्थान एंव गोकुल बाबा मन्दिर समिति के सौजन्य से लोक विख्यात शैवाचार्थ प्रशान्त प्रभु महाराज के पावन सानिध्य में षष्टम विशाल शिव पुराण कथा का आयोजन सुनिश्चित हुआ है।

कथा का मुख्य उद्देश्य हिन्दू हृदय सम्राट महंत आदित्य नाथ योगी को 2027 में पुन: मुख्यमंत्री पद पर आसीन कराने एवं आतंकवाद के मूल सफाये हेतु किलकार भैरव तंत्र महायज्ञ का आयोजन समस्त राष्ट्र भक्तो एवं सनातनियो द्बारा किया जा रहा है। इसी निमित्त आगामी 14 जुलाई को वृहत कलश यात्रा बड़े हनुमान मंदिर से गांधी नगर तिराहे तक सायं 4 बजे भ्रमण करेगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक भारत की रक्षा एंव राष्ट्र रक्षा में शहीद हुए वीर सैनिको की सदगति हेतु किलकाल भैरव यज्ञ प्रात: 7 बजे से 12 बजे तक एवं सायं 5 बजे से श्री शिव पुराण कथा का रसपान श्री प्रशान्त प्रभु के सानिध्य में सभी शिव भक्तों को कराया जायेगा!

24 जुलाई को सम्पूर्ण मनो. कामना पूर्ति हेतु 1008 पार्थिव शिवलिंगों द्बारा सामूहिक रुद्राभिषेक का शुभारम्भ दोपहर दो बजे से होगा। तत्पश्चात महाराज के द्बारा किलकार भैरव रक्षा कवच और कल्याण कारी कुबेर का खजाना भी भक्तो को प्रदान किया जायेगा। उक्त जानकारी ब्रह्म चिंतन शिविर के संस्थापक जितेन्द्र द्विवेदी ने पत्रकारों से साझा करते हुए सभी शिव भक्तो से अधिक से अधिक संख्या में गोकुल बाबा मन्दिर परिसर में पहुंच कर श्री शिव पुराण कथा का रसपान करने का आग्रह किया है। पत्रकार वार्ता में प्रमुख रूप से यजमान बंदना सत्येन्द्र सिंह एव संतोष हरि प्रसाद साहू भानू मिश्रा, राजेश त्रिपाठी मनीष सेंगर, धीरज सिंह, निशीत निगम, चन्द्र प्रकाश बाजपेई निम्मी अरोड़ा सुषमा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# लायंस क्लब मोदीनगर ने रोपे 101 पौधे देखभाल का भी लिया संकल्प



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** लायंस क्लब ऑफ मोदीनगर टाउनशिप द्वारा स्वच्छ पर्यावरण् के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए। मोदीनगर में पौधारोपण किया गया ही अध्यक्ष की प्रेरणा से अध्यक्ष सहित सभी सदस्यों ने इन रोपित पौधों की देखभाल करने का भी संकल्प लिया। लायंस क्लब मोदीनगर टाउनशिप के अध्यक्ष सतीश नेहरा ने बताया कि क्लब के सभी सदस्यों के साथ मिलकर उन्होंने ग्राम सीकरी स्थित मोनी बाबा मन्दिर के निकट 101 पौधे रोपे है व साथ ही इन पौधों की देखभाल की जिम्मेदारी उठाने का संकल्प भी क्लब के सभी सदस्यों ने लिया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक मनुष्य को पौधारोपण जीवन में जरूर करना चाहिए क्योंकि विकास कार्यो के चलते पेड़ो का कटान करना पड़ता है लेकिन नये पेड़ लगाकर इस पर्यावरण असंतुलन को दूर किया जा सकता है। इस अवसर पर हिमांशु अग्रवाल, विनोद नेहरा, गौरव गुप्ता आशु अग्रवाल, विपिन गर्ग, दिनेश एलोरा, रवि तोमर, मुकेश गोयल आदि उपस्थित रहे।

# जनसंख्या नियंत्रण को डीएम को सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट जनसंख्या/ समाधान फाऊंडेशन के द्वारा जनसंख्या बढ़कर जनसंख्या जिहाद के रूप में कार्य किया जा रहा है। जिससे जनसंख्या संतुलन की स्थिति पैदा हो रही है जो की आने वाले समय में हिंदुओं के लिए एक खतरे की घंटी है इसी के साथ धरती पर हर चीज निश्चित मात्रा में है अत्यधिक दबाव के कारण प्राकृतिक संतुलन भी बिगड़ रहा है।

अगर इस स्थिति को रोका नागया तो परिणाम बहुत भयंकर होंगे। विश्व जनसंख्या दिवस पर कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन करके जिलाधिकारी के माध्यम पीएमओ को ज्ञापन सोपा गया। जिसमें महानगर अध्यक्ष रिंकू त्यागी ने कहा कि यह कानून बना अत्यधिक आवश्यक है यह समय की मांग है।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय कार्यकारिणी से नरेंद्र त्यागी महेश आहूजा श्याम सुंदर त्यागी वंदना त्यागी हेमा शारदा हरेंद्र मिश्र रीना त्यागी सुनील तिवारी आदि सैकड़ो लोग उपस्थित रहे।

# गायत्री अस्पताल ने लगाया कुर्सी चोरी का आरोप

**गाजियाबाद।** आरोप है कि मुकेश जिंदल को 9 जुलाई को लोहिया नगर स्थित गायत्री अस्पताल अस्पताल में भर्ती कराया गया था। भर्ती के दौरान मुकेश जिंदल के परिजनों ने अस्पताल के नर्सिंग स्टाफ से अपने रिश्तेदारों के बैठने के लिए अतिरिक्त कुर्सी की माँग की, जिसे उन्होंने मना कर दिया। मजबूरन मुकेश जिंदल के परि. जनों ने अपने घर से दो कुर्सियाँ लाकर अस्पताल में रख दी। आप है कि जब मुकेश जिंदल को अस्पताल से छुट्टी मिली और वे अपनी लाई हुई कुर्सियाँ वापस घर ले जा रहे थे, तब अस्पताल के स्टाफ व नर्सों ने उनके परि. जनों पर झूठा आरोप लगाया कि ये कुर्सियाँ अस्पताल की हैं। आरोप है कि इस पूरे घटनाक्रम में अस्पताल स्टाफ व नर्सों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और चोरी का आरोप लगाया। परिजनों का आरोपीय कि उन्होंने अस्पताल में लगभग 1 लाख का बिल चुकाया है। तो भला हम दो कुर्सियों की चोरी क्यों करेंगे? हमने जब इस मामले में सीसीटीवी कैमरे की जांच की माँग की, तो हमें यह कहा गया कि "रविवार को कैमरे काम नहीं करते।" हम इस घटना से अत्यंत आहत हैं। इस तरह का व्यवहार एक अस्पताल जैसी जगह के लिए उचित नहीं है। परी जिन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस को दिया साथी उचित कार्रवाई करने की मांग की है।

# तहसीम को बनाया गया जिलाध्यक्ष



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वरिष्ठ समाजसेवी तहसीम खान को भारतीय किसान संगठन एकता अल्पसंख्यक मोर्चा गाजियाबाद का जिला अध्यक्ष नियुक्त किया गया है राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक यादव द्वारा जारी एक पत्र में कहा गया है कि तहसीम कई समाजसेवाओ से जुड़े हुए हैं और संगठन के प्रति उनका लगाव वह कर्तव्य निष्ठा को देखते हुए उन्हें जिला अध्यक्ष बनाने का निर्णय लिया गया है। साथ ही आशा व्यक्त की है कि उनके संगठन से जुड़ने से क्षेत्र में संगठन को और अधिक मजबूती मिलेगी और वह कार्यकर्ताओं को संगठित करते हुए आम लोगों को संगठन से जोड़ते हुए लोगों की सेवा करने में अपना योगदान देंगे तहसीम खान ने कहा कि राष्ट्रीय उपाध्यक्ष द्वारा मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है वह उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व निर्भीकता के साथ करेंगे साथ ही संगठन को मजबूत करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे।

# डीजीआर स्कूल में हुआ एनसीसी भर्ती का सफल आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** डीजीआर ग्रुप ऑफ एजुकेशन में एन.सी.सी. कैडेट्स की भर्ती प्रक्रिया दो चरणों में सफलता पूर्वक सम्पन्न हुई। पहले दिन बालकों की भर्ती की गई, जिसमें 100 छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दूसरे दिन बालिकाओं की भर्ती हुई, जिसमें 70 छात्राओं ने भागीदारी निभाई। इस चयन प्रक्रिया में से 25 बालकों और 20 बालिकाओं का चयन एन.सी.सी. के लिए किया गया, जो कि छात्रों की शारीरिक क्षमता, अनुशासन और समर्पण के आधार पर हुआ। इस अवसर पर चेयरमैन गुलबीर सिंह, प्राचार्या डॉ. सोनल चौधरी, एएनओ गुड्डू गुप्ता, PGT डॉ. रचना शर्मा, शिक्षक कपिल कुमार एवं नीरज शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही भर्ती प्रक्रिया को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने में सूबेदार नरधोज थापा, हवलदार देवेंद्र बिष्ट, एवं हवलदार पवन कौशल का विशेष योगदान रहा।

# रालोद जिलाध्यक्ष ने मोदीनगर विधानसभा के अंतर्गत की नए अध्यक्षों की घोषणा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** मोदीनगर विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मोदीनगर शहर व निवाड़ी,पतला एवं फरीदनगर नगर पंचायत क्षेत्रों में राष्ट्रीय लोकदल के जिलाध्यक्ष रामपाल चौधरी ने नये नगर अध्यक्षो की घोषणा की व उन्हें मनोनयन पत्र सौंपे। वार्ता में रामपाल चौधरी ने बताया कि मोदीनगर में पूर्व सभासद मनोज त्यागी को नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है साथ ही फरीदनगर में फईम कुरैशी, निवाडी में नरेन्द्र त्यागीव पतला में मनीष जांगड़ा को राष्ट्रीय लोकदल का नगर अध्यक्ष मनोनीत किया गया है ,वार्ता के दौरान ही जिला अध्यक्ष रामपाल चौधरी ने मनोयन पत्र देकर नवनियुक्त चारो नगर अध्यक्षों को बधाई दी। ओर भारत रत्न चौधरी चरण सिंह पूर्व प्रधानमंत्री जी के किये गए कार्यो को विस्तार से बताया।माननीय जयन्त सिंह जी के हाथों को मजबूत करने का आह्वान किया।

प्रेस वार्ता में तेजपाल सिंह सदस्य राष्ट्रीय कार्यकारिणी, प्रदेश अध्यक्ष सहकारिता अमरजीत सिंह बिडडी, चौधरी अजय प्रमुख, रणवीर सिंह दहिया प्रदेश महासं. चव, क्षेत्रीय प्रवक्ता, अरुण त्यागी प्रिंसिपल, क्षेत्रीय अध्यक्ष अरुण दहिया एडवोकेट प्रोफेशनल मंच, पूनम गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, सतेंद्र तोमर, रामभरोसेलाल मौर्य, योगेंद्र पतला क्षेत्रीय महासचिव, कृष्ण चौंपियन पूर्व ब्लाक प्रमुख, जिला अध्यक्ष युवा जयदीप सिंह, सुमन जिला अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, चौधरी अरुण भुल्लन क्षेत्रीय महासचिव, मुनीन्द्र सिंह उर्फ बिल्ला जिला महासचिव, डंपी शर्मा समाजसेवी,

**प्रेस वार्ता कर सौंपे मनोनयन पत्र**

मनोज त्यागी, रणजीत उर्फ पप्पन पूर्व जिला पंचायत सदस्य, तेजवीर सिंह डबाना जिला अध्यक्ष किसान प्रकोष्ठ, सतीश राठी पूर्व जिला पंचायत सदस्य, जयवीर सिंह नेहरा जिला उपाध्यक्ष, विना. द गौतम जिला उपाध्यक्ष, योगेश फफराना जिला उपाध्यक्ष, ललित सैन जिला महासचिव, रवि वाल्मीकि जिला उपाध्यक्ष, नरेंद्र कुमार जिला अध्यक्ष एससी प्रकोष्ठ, दीपक चौधरी जिला महासचिव युवा, जिला अध्यक्ष महिला सुमन चौधरी,आलोक सिंह विधानसभा अध्यक्ष, नरेंद्र कुमार सभासद, सीताराम सैन पूर्व सभासद, वीरेंद्र सिंह, राजेन्द्र चौधरी, नरेश आनंद, सलीम कुरैशी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन योगेंद्र पतला चौयरमेन ने किया। तेजपाल सिंह चौधरी जी ने प्रेस व कार्यकर्ताओं को धन्यवाद किया।

# जनता पीजी कॉलेज पतला में किया गया बैठक का आयोजन

**गाजियाबाद।** जनता पी.जी कॉलेज पतला की प्रबन्ध समिति की बैठक का आयोजन कॉलेज परिसर में किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रबन्ध समिति के अध्यक्ष अजीत योगी ने की। इस अवसर पर प्रबंध समिति के सचिव राजेन्द्र सिंह चिकारा, कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रोफेसर अतुल कुमार गोयल सहित अन्य वरिष्ठ सदस्यगण उपस्थित रहे। बैठक में कॉलेज के प्रशासनिक एवं शैक्षणिक कार्यों के सुचारू संचालन, पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता सुधार के उद्देश्य से प्रबंध समिति का विस्तार करते हुए विभिन्न उप-समितियों का गठन किया गया। इन समितियों में अनुभवी, सक्रिय एवं समर्पित व्यक्तियों को अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया गया।

# आईटीएस मोहननगर में आवासीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूर्ण



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आईटीएस यूजी कैंपस, मोहन नगर में अध्ययनरत बीसीए पाठ्यक्रम के 31 छात्रों का एक बैच गत माह 14 जून 2025 को 'आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस, IoT और रोबोटिक्स' में 4 सप्ताह का आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए आई आई टी मंडी गया था । सभी छात्रों ने यह प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया। आईटीएस - दि एजुकेशन ग्रुप के वाईस चेयरमैन अर्पित चड्ढा ने सभी छात्रों को बधाई देते हुए प्रेणता व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि संस्था द्वारा सभी छात्रों को राहतर्य महत्व के संस्थानों में कुछ समय व्यतीत करने एवं उनके साथ सभाग के उद्देश्य से इस कार्यक्रम को शुरू किया गया है ! उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि सभी छात्र इन अवसरों का लाभ उठाएंगे।

आईटीएस मोहन नगर गाजियाबाद के निदेशक (आईटी एवं स्नातक परिसर) प्रोफ० सुनील कुमार पांडेय ने कहा कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 15 जून से 12 जुलाई 2025 तक आईआईटी मंडी में आयोजित किया गया था जिसमे आर्टफिशियल इंटेलिजेंस, रोबोटिक्स और आईओटी पर आई0आई0टी मंडी के प्रोफेसर द्वारा छात्रों को गहन प्रक्षिशण दिया गया जिसको सभी छात्रों ने सफलतापूर्वक पूरा किया। स्नातक परिसर कि उपप्राचार्या डॉ नैंसी शर्मा ने सभ सफल छात्रों को बधाई देते हुए कहा कि ये सभी छात्रों कि लगन, कठिन परिश्रम का सफल। यह कोर्स आईआईटी मंडी द्वारा विशेष रूप से डिजाइन और संचा. लित किया गया था। इस कार्यक्रम के दौरान, छात्रों ने प्रोजेक्ट डिजाइन और कार्यान्वयन, मॉडल विकास और वास्तविक जीवन में उसके विभिन्न उपयोग और विभिन्न मामलों मे उसके कार्यान्वयन के साथ कठोर प्रशिक्षण प्राप्त किया। उन्होंने रोबोटिक्स आटिफिशल इंटेलिजेंस जैसी विभिन्न गति. विधियों में भी भाग लिया। आई आई टी मंडी कैंपस में रोबो सॉकर जैसी हुई विभिन्न प्रतियोगिताों में 31 टीमों ने भाग लिया जिसमे आईटीएस के बीसीए के छात्रों की टीम ने प्रथम विजेता टीम बनकर अपने संस्थान और गाजियाबाद का नाम रोशन कर दिया। इसके अलावा आईटीएस के बीसीए पाठ्यक्रम के छात्रों ने आईआईटी मंडी में पिछले 4 सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में विभिन्न पुरस्कार जीते। यह कार्यक्रम आईआईटी मंडी में आयोजित किया गया था जहाँ आईटीएस कॉलेज के संकाय- प्रोफेसर विशाल त्यागी एवं 50 छात्र एक महीने के लिए आईआईटी मंडी परिसर में होस्टल एवं गेस्ट हाउस में रहे। यह बैच 12 जुलाई, 2025 को आईटीएस गाजियाबाद वापस लौट रहा है। आई आई टी मंडी से लौटे रहे छात्रों का कॉलेज एवं उनके अभिभावक बहुत बेचौनी से इंतजार कर रहे हैं छात्र इस प्रक्षिशण से लौटने पर अपने कॉलेज एवं अपने परिवार में अपने अनुभव साझा करने को बहुत उत्सुक हैं।

## अदालती सूचना

**समन वास्ते करारवाद उमूर तनकीह तलब**
**( आर्डर 5 कायदा 1 व 5 )**
**न्यायालय सिविल जज महोदय जू0डि0 गाजियाबाद**
**वाद संख्या 226 सन् 2014**
**कंप्यूटर संख्या- 226 / 2014**
**मॉगेराम बनाम अनवर हुसैन आदि**

माँगेराम पुत्र श्री सम्पतसिंह निवासी ग्राम अगरोला परगना लौनी तहसील लौनी जिला गाजियाबाद। वादी।

**बनाम**

25- मौ० इसत्याक खान पुत्र श्री मौ० रजाखान ई-44/ए-321 ई-44/ए 321 हटस डब्ल्यू.ई.ई.एन. दिलशाद कालौनी दिल्ली। 26- श्री हबीब पुत्र श्री मिया बक्स निवासी ई-44/ए-328 नई सीमापुरी दिल्ली। 27- श्रीमति रुबीदेवी पत्नि श्री कमलेशकुमार निवासी 251 दिलशाद कालौनी दिल्ली। 28- श्री अंसार अहमद पुत्र श्री अब्दुल जब्बार, निवासी 66 ई-44 नई सीमापुरी दिल्ली। 31- श्री रियाज अहमद पुत्र श्री जमील अहमद निवासी गली नं0 6 राजीव गार्डन लौनी जिला गाजियाबाद। 33- श्री मुन्नी बेगम पत्नि श्री सुलेमान निवासी सी-44/ए नई सीमापुरी दिल्ली।

**... प्रतिवादीगण।**

हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत डिग्री स्थाई व डिग्री घोपणात्मक के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 07-05-2025 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो मुकदमें के हालात से करार वाकई वाकिफ किया गया हो और कुल उमुरात अहम मुतल्लिका मुकदमा का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और शखस हो कि जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके हाजिर हो और जवाब देही दावा की करे और आपको लाजिम है कि उसी रोज अपने जुमला दस्तावेज पेश करें जिन पर आप बजाईद अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हों।

आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आप मसमूअ और फैसला होगा। बवक्त मेरे दस्तखत और मूहर अदालत के आज बतारीख 30-05-205 को जारी किया गया।

**न्यायाधीश**
**सिविल जज ( जू0डि0 ) गाजियाबाद।**

## अदालती सूचना

**न्यायालय सिविल जज ( सी0 डि0 ), जनपद-गाजियाबाद उपस्थित श्री जसवीर सिंह यादव, पी.सी.एस. जे**
**विविध वाद सं0 210 सन-2024**
**( कम्प्यूटर नं0 20 / 2025 )**

श्रीमति हेमापुरी विधवा स्व० संजीव पुरी आयु 51 वर्ष निवासी 1/12 ए मोतीनगर पश्चिम दिल्ली 110015 वर्तमान निवासी केयर आफ डी० के गाँधी, म०नं० 16, आर०डी०सी डुप्लेक्स राजनगर गाजियाबाद 201001 ...... प्रार्थी/वादी

**बनाम**

1. विवेक पुरी पुत्र स्व० केवल कृष्ण पुरी आयु 56 वर्ष निवासी फ्लैट नं० सी 204, प्रथम तल टावर सैकेण्ड श्रीराम हाईटस राजनगर एक्सटेंन्शन तहसील व जिला गाजियाबाद। 2. श्रीमती अल्का खोसला पत्नि श्री शिवेन्द्र खोसला निवासी ए-220, सैक्टर 8 द्वारका, नई दिल्ली 75. 3. अनिरूद्ध पुरी पुत्र स्व० संजीव पुरी आयु 20 वर्ष निवासी 1/12 ए मोतीनगर पश्चिम दिल्ली-110015. 4. तन्मय पुरी (अवयसक) पुत्र संजीव पुरी आयु 17 वर्ष द्वारा माता व प्राकृतिक संरक्षिका श्रीमती हेमापुरी (वादिनी) निवासी 1/12 ए मोतीनगर पश्चिम दिल्ली 110015.

**...प्रतिवादीगण/विपक्षीगण।**

**इश्तहार प्रार्थना पत्र वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र**

श्रीमान जी, श्रीमति हेमापुरी, ने वास्ते प्राप्त करने उत्तराधिकार प्रमाण पत्र बाबत धनराशि रूपया अंकन लगभग 5,60,000/- रूपये स्व० श्रीमति झिलमिल कान्ता पुरी के अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम प्रस्तुत किया वास्ते सुनवाई हेतु दिनांक 28.07.2025 नियत की जाती है। अत: यह इश्तहार जारी किया जाता है कि यदि किसी को कोई एतराज करना हो तो नियत तिथि को प्रात: 10 बजे न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित होकर एतराज प्रस्तुत कर सकता है अन्यथा इसके बाद किसी को नहीं सुना जाएगा तथा मुना. सिब आदेश पारित कर दिया जाएगा।

आज दिनांक 26.05.2025 को न्यायालय के आदेशानुसार जारी किया गया। मृतक द्वारा छोड़ी गयी धनराशि का विवरण।

5,60,000/- रूपये

**आदेशानुसार**
**( तरूण कुमार )**
**मुंसरिम**
**सिविल जज ( सी0डि0 ) गाजियाबाद।**

# पुलिस ने मुठभेड़ में शातिर चोर को किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली पुलिस ने अहैडा रोड़ पर मुठभेड में घायल शातिर चोर रितेश को गिरफ्तार किया। कब्जे से चोरी किया गया एक कैंटर, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारतूस बरामद किया।

मीडिया सैल बागपत द्वारा रविवार को करीब दो बजकर 45 मिनट पर प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि कोतवाली बागपत पुलिस ने अहैडा रोड पर शातिर चोर रितेश पुत्र भरत निवासी पूजा कालोनी मंगल बाजार ट्रोनिका सिटी गाजियाबाद के साथ पुलिस मुठभेड हुई। घायलावस्था में शातिर चोर रितेश को गिरफ्तार किया गया। साथ ही उपचार हेतु आरोपित को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपित के कब्जे से चोरी





किया गया एक कैंटर, एक अवैध तमंचा, दो जिंदा व दो खोखा कारत. ूस बरामद किया। बताया गया कि आरोपित रितेश मुठभेड करने वालों में कोतवाली बागपत प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी, उप निरीक्षक विकास चौहान व देवेंद्र शर्मा, हेड कांस्टेबल विपिन भाटी, रामकुमार, आलोक कुमार, राकेश कुमार, नरेंद्र कुमार व रविंद्र, कांस्टेबल संजीव कुमार, टिंकू व विशाल मौजूद रहे। बता दें कि भाजपा सभासद निगम शर्मा बागपत ने कोतवाली बागपत पर तहरीर देते हुए बताया था कि सिसाना रोड स्थित पक्का तालाब के निकट खड़ा कैंटर चोरी कर ले गए। चोरी की पूरी घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में कैद हो गई। चोरों ने ट्रक में लगा जीपीएस तोड़कर सिसाना गांव में फेंक दिया। कोतवाली बागपत पुलिस ने घटना का मुकदमा दर्ज कर टीम गठित कर जांच में जुट गई थी।

# पुलिस पर लगाया कबूतरबाजी के झूठे मुकदमें में फंसाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** ललियाना गांव के एक व्यक्ति ने बागपत एसपी से लेकर डीआईजी तक पत्र लिखकर अवगत कराया की चांदीनगर पुलिस ने उसे उसे कबूतरबाजी के झूठे मुकदमें मे फसाया है जिससे उन्होंने बचाने की गुहार लगायी है।

ललियाना निवासी फौजीराम पुत्र श्याम सुन्दर ने बागपत एसपी, जिलाअधिकारी और मेरठ डीआईजी को पत्र लिखकर अवगत कराया की 11 मई को वह गांव में ही गांव के जाकिर से बात कर रहा था तभी बाईक पर दो पुलिसकर्मी आये और उसे बाईक पर बैठा ललियाना पुलिस चौकी पर ले गये। वहा कुछ घन्टे रखने के बाद उसे चांदीनगर थाने मे बंद कर दिया गया जहां उसे लगभग 24 घन्टे थानें मे



रखा गया और उसे झूठे कबूजरबा. जी के मुकदमे मे फसाया गया और उसके खिलाफ एक झूठा मुकदमा कायम किया गया जबकि वह एक शान्ति प्रिय व्यक्ति है। उसने उच्च अधिकारियों से झूठे मुकदमे से बचाने की गुहार लगाई है।

# जर्जर मार्ग पर जलभराव होने से ग्रामीणों को हो रही है परेशानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** खरक डगरपुर सम्पर्क पर क्षतिग्रस्त होने के कारण जलभराव के चलते ग्रामीणों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है जिससे ग्रामीण परेशान है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से जलभराव से निजात दिलाने की मांग की है।

खरक डगरपुर मार्ग जो डगरपुर शिव मंदिर से लेकर खरक प्राईमरी स्कूल तक पीडब्ल्यूडी की सड़क है जो बिल्कुल जर्जर हो चुकी है। जर्जर होने के कारण उसमे जलभराव की समस्या बनी हुई है जिस कारण ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। ये मार्ग विनयपुर, भागौट, रटौल अन्य गावों से भी जुड़ा है लेकिन



मार्ग पर जलभराव के चलते भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। जलभराव मे आय दिन बाईक सवार गिरकर घायल होते रहते है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से मार्ग बनवाने और जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की है।

# अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** स्वाट टीम और खेकड़ा कोतवाली पुलिस ने संयुक्त चैकिंग अभियान के दौरान बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस ने हरियाणा से अवैध शराब की तस्करी कर रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने संदीप और सतीश नाम के दो तस्करों को पकड़ा। दोनों हरियाणा के रहने वाले हैं। आरोपियों ने पुलिस को चकमा देने के लिए एक अनूठी चाल चली थी। उन्होंने अपनी बोलेरो पिकअप को क्रेन का रूप दे रखा था। इससे वे पुलिस की नजरों से बचना चाहते थे। पुलिस की सतर्कता से तस्करों की योजना किल हो गई। जांच में पिकअप से 60 पेटी अवैध शराब बरामद हुई। बागपत एडिशनल



एसपी नरेंद्र प्रताप सिंह ने इस कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि दो शराब तस्करो को गिरफ्तार किया गया है और इनके कब्जे 60 पेटी अवैध शराब बरामद हुई है। खेकड़ा थाने में आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## एक नजर

### कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली पर पुलिसकर्मियों को किया ब्रीफ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्यागी ने महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा को लेकर कोतवाली पर पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया तथा दिशा निर्देश दिए गए। मीडिया सैल द्वारा रविवार को करीब एक बजे प्रेसनोट के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया गया कि बागपत के निर्देशन में कोतवाली प्रभारी दीक्षित कुमार त्सागी ने महाशिवरात्रि पर्व एवं कांवड़ यात्रा के कृष्टिगत कोतवाली पर सभी पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया गया तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

### विश्वकर्मा समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** नगर के बावली रोड़ स्थित विश्वकर्मा समाज की नवनियुक्त कार्यकारिणी घोषित। पांचाल विश्वकर्मा समाज की एक पंचायत विश्वकर्मा मन्दिर बावली रोड पर हुई जिसमे सर्वसम्मति से राजेन्द्र पांच. ाल को मन्दिर समिति का अध्यक्ष नियुक्त किया गया। राजेन्द्र पांचाल के विरोध मे केवल दो वोट पडे। पंचायत की अध्यक्षता ब्रह्मपाल सिंह व संचालन रमेश पांचाल ने किया। बैठक मे समाज की एकता पर बल दिया गया। इमो के पर मंदिर नवनियुक्त अध्यक्ष राजेंद्र पांचाल ने कहा कि जो जिम्मेदारी समाज द्वारा मुझे दी गई है मैं उसे पर खरा उतरने का काम करूंगा। गांव गांव में जाकर समाज को जोड़ने का काम किया जाएगा। समाज में पहली कुरीतियों को दूर करने का काम किया जाएगा। बैठक मे राजेन्द्र सिंह गुरमीत पांचाल विनोद ठेकेदार जसवीर पांचाल वेदपाल पांचाल रामनिवास मुकेश पांचाल कोशल देवी मुन्नी पांचाल विनोद कुमार दिनेश आत्माराम सागर पांचाल राजू पांचाल ओमपाल पांचाल अजय कुमार वरिष्ठ भाजपा नेता दस्तावेज लेखक पूर्व सभासद राकेश विश्वकर्मा सत्यप्रकाश जागिड अमित पांचाल प्रमोद पांचाल सोनू पांचाल आदि थे।

# रेहड़ी-पटरी वालों पर कार्रवाई, अतिक्रमण हटाओ अभियान एक दिखावा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** नगर के बाजार में भीषण जाम से निजात दिलाने के लिए प्रशासन द्वारा ठेली वालों और फुटपाथ पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की गई है, जबकि डिवाइडर के दोनों और वाहन खड़े करने वालों पर रहम बरता गया है। यह नगर पालिका का एक केवल दिखावा है। इससे जहां ठेली वालों में आक्रोश हैं। अतिक्रमण हटाओ अभियान केवल खाना पूर्ति के हिसाब से किया जाता है। नगर के बाजार में मुख्य मार्गों पर जाम की स्थिति विकट होती जा रही है। शहर के अंदर चारों तरफ अभी भी नेहरू मूर्ति के आसपास जाम लगा हुआ है जिसका मुख्य कारण नगर पालिका द्वारा अतिक्रमण के विरुद्ध दिखावे मात्र की कार्रवाई बनी हुई है। वहीं क्षेत्र में भगवान शंकर की कावड़ यात्रा भी शुरू हो



गई है। नगर पालिका प्रशासन द्वारा मुख्य बाजार से अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाकर ठेली व रेहड़ी पटरी वालों को सफेद पट्टी से पीछे कराया। एक साइड की सड़क को ठेली, पटरी से मुक्त कर दिया गया। लोगों का कहना है कि रेहडी व ठेलियां हटवाने से दिखावे मात्र की राहत मिली है। वही नगर पालिका के इओ का कहना है कि यातायात पुलिस के सहयोग से अतिक्रमण अभियान चलाया जाएगा। किसी भी वाहन को डिवाइडर के पास या सड़क पर खड़ा होने की अनुमति नहीं होगी। यातायात प्रभारी से बात कर निजी वाहनों को हटवाने की मांग की गई है। जाम का मुख्य कारण दुकानदार भी है। दुकानदार चंद पैसे लेकर अपनी दुकान के सामने रेडी पटरी ठेले वालों को खड़ा करके उनसे पैसा वसूल होते हैं। वहीं दुकान के सामने दो पहिया वाहन भी खड़े हो जाते हैं जिससे लोगों को आने-जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। सड़क पर अभी भी जाम की स्थिति बनी हुई है। नगर के दिल्ली बस स्टैंड को तो जाम से ट्रैफिक पुलिस द्वारा कुछ मुक्ति मिली है। बाकी बाजार तो जाम की स्थिति से अभी जस का तस बना हुआ है।

# पुरा महादेव मंदिर में आस्था रखने वाले शिवभक्तों का उमड़ा जनसैलाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** एनसीआर क्षेत्र के भगवान परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करते हुए मुख्य पुजारी पंडित अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में आस्था रखने वाले शिव भक्तों का जनसैलाब उमड़ता जा रहा है। उन्होंने मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि अब सावन माह में सिंगार के बाद यानी श्याम के समय भी जलाभिषेक होता रहेगा एवं श्रृंगार व आरती का समय जो शाम को 6:20 बजे से था। वह अब 8:00 बजे तक होगा। इस समय में जलाभिषेक नहीं होगा। 8:00 बजे के बाद जलाभिषेक शुरू होगा। सावन माह में कुछ परिवर्तन जलाभिषेक का किया गया है। इस संबंध में परशुरामेश्वर पुरा महादेव मंदिर में पूजा अर्चना करने के बाद मंदिर के मुख्य पुजारी अभिषेक भारद्वाज ने बताया कि परशुरामेश्वर मंदिर की पुरा महादेव में यह तपोभूमि है। ऋषियों की कर्म भूमि है। लव कुश की यहां की रज, कण पावन अनुपम छठा मनोहर, शिवजी की, पाप सभी के कट जाते हैं। दर्शन शिव के पाने से भक्ति ज्ञान वैराग्य पाओगे पुरा महादेव की सिद्ध पीठ पर आने से शिव के शिवलिंग के दर्शन पाने से मीडिया को यह जानकारी देते हुए उनसे रूबरू हो रहे थे। पूजा अर्चना में पंडित राजपाल शर्मा आदित्य वत्स पंडित मनोज भारद्वाज पंडित विपिन शर्मा धर्मवीर सिंह मलिक मुख्य पुजारी पंडित अक्षय भारद्वाज राजेंद्र सिंह मलिक ब्रह्मपाल सिंह मलिक पंडित अरुण शर्मा पंडित संजीव शर्मा सुनीता देवी राखी देवी सोनिया अनीता कौशिक आदि मौजूद रहे।

### आज का छात्र देश का कल का भविष्य है: अरविंद दीक्षित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खेकड़ा।** उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारी बुलंदशहर जिले के महामंत्री अरविंद दीक्षित का नगर खेकड़ा आगमन पर अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में नागरिक अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। अर्वाचीन इंटर कॉलेज खेकड़ा के प्रांगण में आयोजित विद्यालय प्रतिभा सम्मान कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को आशीर्वाद देते हुए अरविंद दीक्षित ने कहा कि आज का छात्र देश का कल का भविष्य है, उसे मेहनत और तन्मयता के साथ शिक्षा ग्रहण कर समाज के लिए एक प्रखर सहयोगी के रूप में तैयार होना है। अपनी मातृभूमि के लिए सेवा भाव उसके हृदय में समाहित होना चाहिए। इस अवसर पर खेकड़ा नगर की ओर से अनुज शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष उमेश शर्मा, सनी गुप्ता, पदम धामा, ने उन्हें शाल, पटका, तुलसी माला, स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। बुलंदशहर से पधारे वरिष्ठ पदाधिकारी भाजपा अरविंद दीक्षित ने कहा कि योगी सरकार में जहां भय मुक्त समाज के साथ शिक्षा की गुणवत्ता और औद्योगीकरण को बढ़ावा दिया जा रहा है। इसके लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का बार-बार धन्यवाद, उन्होंने 2027 के चुनाव में भाजपा को पूर्ण भारी बहुमत दिलाने की अपील भी की। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्या मीनाक्षी स्वामी के छात्र छात्राओं सहित शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# मुस्लिम समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं ने जिलाध्यक्ष का किया पुतला दहन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टीकरी।** जिलाध्यक्ष लव कश्यप द्वारा मुस्लिम समाज पर की गई टिप्पणी के विरोध में पार्टी के ही कार्यकर्ताओं ने उनका पुतला दहन किया।

टीकरी कस्बे में युवा जिलाध्यक्ष विपिन राठी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन किया। विपिन राठी ने कहा कि लव कश्यप ने मुस्लिम समाज का अपमान किया है। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर जिलाध्यक्ष इस्तीफा नहीं देते हैं, तो युवा कार्यकारिणी सामूहिक इस्तीफा दे। यह विरोध नया नहीं है। लव कश्यप के जिलाध्यक्ष बनने के बाद से ही उनका विरोध हो रहा है। पहले उन्हें बाहरी बताकर विरोध



किया गया। प्रदर्शन में राहुल राठी, जब्बार, प्रवीण कुमार जाटव, गौरव कश्यप, प्रिंस ठाकुर और आरिफ खान समेत कई कार्यकर्ता मौजूद थे। बागपत में कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच यह आंतरिक कलह पार्टी के लिए चिंता का विषय बन गया है। कार्यकर्ताओं के बीच खींचतान जारी है और जिलाध्यक्ष के इस्तीफे की मांग लगातार बढ़ रही है।

# नगर के व्यापारियों ने राज्य मंत्री को दिया ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारीयों एवं टैक्स बार के सभी अधिवक्ताओं ने राज्यमंत्री केपी मलिक वन,पर्यावरण,जंतु,उद्यान एवं जलवायु परिवर्तन विभाग को बैठक गांधी रोड पर कर ज्ञापन दिया जिसमें 1968 से बड़ौत में स्थित सेल्स टैक्स ऑफिस को बागपत में विलय हो जाने का विरोध किया। ऑफिस के बागपत शिफ्ट हो जाने पर सभी अधिवक्ताओं और व्यापरियों को बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ेगा। इन्हीं परेशानियों को देखते हुए सभी ने इसका विरोध किया और सेल्स टैक्स के ऑफिस को बड़ौत में ही रखने की मांग की।

राज्य मंत्री ने बैठक मे आश्वासन



दिया कि मैं व्यापारीयों और अधिवक्ताओं के साथ पूर्ण रूप से रहूंगा। लखनऊ में पूरा प्रयास करूंगा विभाग के सचिव एवं जिलाधिकारी बागपत से तत्काल मौके पर बात की इस समस्या का समाधान जल्द से जल्द निकला जाएगा। व्यापार मंडल अध्यक्ष मुदित जैन, वनीत जैन, शरद जैन, नवीन जैन, अशोक जैन, अतुल जैन, सौरभ जैन, संजीव जैन, सुभाष चंद जैन, जितेंद्र जैन, कृष्ण गोपाल गोयल, रघुनंदन गुप्ता, अंकित गोयल, मुकेश जैन, प्रमोद जैन एडवोकेट सौरभ जैन आदि लोग ज्ञापन देने मे मौजूद रहे।

# समस्या के समाधान के लिए सुभाष चन्द कश्यप ने किया धरना प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** गौसपुर गांव में तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर मुख्य मार्गों और गलियों में भर गया है। कई घरों में पानी घुस जाने से स्थानीय लोग परेशान हैं। राहगीरों और स्कूली बच्चों को भी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

बरसात के मौसम में संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद पानी निकासी की कोई स्थाई व्यवस्था नहीं की गई। इस समस्या के समाधान के लिए बागपत के वरिष्ठ समाजसेवी सुभाष चंद कश्यप ने अनोखा प्रदर्शन किया। सुभाष कश्यप ने गांव पहुंचकर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने जलभराव वाले क्षेत्र में प्लास्टिक के स्टूल पर बैठकर धरना



दिया। इस दौरान कई ग्रामीण भी मौजूद रहे। समाजसेवी ने जिला. धिकारी बागपत से तालाब की सफाई और गलियों में पानी निकासी की स्थाई व्यवस्था कराने की मांग की है। उन्होंने कहा कि सैकड़ों लोग इस समस्या से प्रभावित हैं और इसका जल्द समाधान होना चाहिए।

# डा.प्रदीप कुमार विद्यार्थियों के जीवन को दे रहे एक नई दिशा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बड़ौत।** रविवार को नगर के बावली रोड़ स्थित अपने प्रतिष्ठान पर शिक्षक डा.प्रदीप कुमार ने प्रेस वार्ता करते हुए कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक और तनावपूर्ण शैक्षिक वातावरण में छात्रों को मार्गदर्शन एवं मानसिक सशक्तिकरण की अत्यधिक आवश्यकता है। इसी दिशा में कार्य कर रहे है डा.प्रदीप कुमार, जो एक अनुभवी मेंटोर, करियर काउंसलर एवं साइकोलॉजिस्ट के रूप में विद्यार्थियों के जीवन को नई दिशा देने में जुटे हैं।

डा.प्रदीप कुमार ने हजारों छात्रों को करियर की सही राह दिखाने के साथ-साथ उन्हें मानसिक रूप से भी मजबूत बनाया है। उनके द्वारा दी जाने वाली करियर काउंसलिंग न केवल छात्र की रुचियों और



क्षमताओं को ध्यान में रखती है, बल्कि आधुनिक अवसरों और व्यावसायिक संभावनाओं से भी जोड़ती है। उनके मार्गदर्शन में कई छात्र आज भारत के प्रतिष्ठित संस्थानों में अध्ययनरत हैं या कार्यरत हैं। मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में डा.प्रदीप कुमार का योगदान विशेष रूप से उल्लेखनीय है। उन्होंने परीक्षा के तनाव, आत्मविश्वास की कमी, डिजिटल लत, और पारिवारिक दबाव जैसी समस्याओं से जूझ रहे छात्रों के लिए कई प्रभावी सत्र और थेरेपी सेशन आयोजित किए हैं। उनका कहना है, हर बच्चे को सुना और समझा जाना चाहिए। बच्चे की सफलता यही पहला कदम है। उनकी सेवाओं का लाभ न केवल छात्र, बल्कि शिक्षक और अभिभावक भी उठा रहे हैं। वे नियमित रूप से संवेदनशील पेरेंटिंगीं एवं स्टूडेंट व्यवहार अंडरस्टैंडिंग जैसे विषयों पर कार्यशालाएं आयोजित कर, शिक्षण समुदाय को भी मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक कर रहे हैं। कोविड-19 महामारी के दौरान जब बच्चे मानसिक रूप से बेहद अस्थिर हो गए थे, उस समय डा. कुमार ने ऑनलाइन काउंसलिंग, वेबिनार एवं इंटरएक्टिव सेशन के माध्यम से हजारों बच्चों एवं अभिभावकों को संभालने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी लोकप्रियता का कारण केवल उनका ज्ञान ही नहीं, बल्कि उनकी सहानुभूतिपूर्ण संवाद शैली और बच्चों से जुड़ने की क्षमता भी है। वे बच्चों में आत्मविश्वास, स्पष्टता और सकारात्मक सोच जगाते हैं। हाईस्कूल ओर इंटरमीडिएट की परीक्षा के दौरान परीक्षा पर चर्चा करने ओर छात्र छात्राओं को मान. सिक रूप में विकसित सेशन के अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा भी डा.कुमार को धन्यवाद पत्र भेजा गया। शिक्षा क्षेत्र के विशेषज्ञों और अभिभावकों ने डा.प्रदीप कुमार के कार्यो की सराहना करते हुए कहा कि उनके जैसे समर्पित काउंसलर और साइकोलॉजिस्ट की उपस्थिति आज के समय की महती आवश्यकता है। उनके मार्गदर्शन से प्रेरित होकर कई शिक्षण संस्थान उन्हें नियमित मेंटोर और सलाहकार के रूप में जोड़ चुके हैं।

### गाँव सूजरा में पशु अस्पताल का किया गया शिलान्यास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** रविवार को गाँव सूजरा में पशु अस्पताल का शिलान्यास किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पुरे उत्तर प्रदेश में 7 अस्पताल पास हुए थे। पश्चिम उत्तर प्रदेश में सिर्फ एक गाँव सूजरा का पशु अस्पताल पास हुआ है। सूजरा का पुराना अस्पताल जो 20-25 साल पहले खंडर हो गया था। अस्पताल के बनने से आसपास के पशु पालको को लाभ होगा। इसके मौके पर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सुशील राजपूत टिंके, रामोतार, रणधीर, गजेंद्र, गरीबदास, रवि कश्यप, रणधीर मास्टर, संजय, धनपाल आदि मौजूद रहे।

# कांवड़ यात्रा को लेकर डीएम व एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** श्रावण मास में होने वाली कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए हापुड़ जिला प्रशासन और पुलिस विभाग पूरी तरह से मुस्तैद हो गया है। इसी क्रम में रविवार को जिलाधिकारी अभिषेक पांडे और पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने भारी पुलिस बल के साथ हापुड़ नगर, हापुड़ देहात और हाफिजपुर थाना क्षेत्रों में कांवड़ मार्ग का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने यात्रा की तैयारियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया।



निरीक्षण के दौरान, दोनों अधिकारियों ने कांवड़ मार्ग पर की गई बैरिकेडिंग, पेयजल व्यवस्था, चिकित्सा सहायता, ट्रैफिक डायवर्जन और अस्थायी पुलिस चौकियों की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने मौके पर मौजूद अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे समय पर आवश्यक सुधार करें और अतिरिक्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि जिले में कांवड़ यात्रा को शांतिपूर्ण और सुरक्षित ढंग से संपन्न कराने के लिए कई पुलिस टीमें, महिला पुलिसकर्मी, पीएसी बल और खुफिया इकाइयां तैनात की गई हैं। ड्रोन कैमरों से निगरानी की जा रही है ताकि किसी भी अप्रिय घटना को समय रहते रोका जा सके। जिलाधिकारी अभिषेक पांडे ने कहा कि कांवड़ यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धालुओं की भावनाओं का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि सभी विभाग आपस में समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं ताकि कोई चूक न हो। प्रशासन ने आम नागरिकों से भी अपील की है कि वे कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन का सहयोग करें अफवाहों पर ध्यान न दें और यातायात नियमों का पालन करते हुए श्रद्धालुओं को प्राथमिकता दें। हापुड़ पुलिस का यह सक्रिय निरीक्षण सुरक्षा इंतजाम को दर्शाता है कि जिले की पुलिस व्यवस्था न केवल सजग है, बल्कि जनता की सुरक्षा के प्रति पूरी तरह प्रतिबद्ध भी है। ट्रैफिक मैनेजमेंट हो या भीड़ नियंत्रण, हर पहलू पर बारीकी से काम किया जा रहा है। स्थानीय नागरिकों और व्यापारियों ने प्रशासन की सक्रियता की सराहना करते हुए कहा कि इस बार की कांवड़ यात्रा को लेकर जो तैयारियां दिख रही हैं, वे पहले से कहीं अधिक मजबूत और व्यवस्थित हैं।

# संदिग्ध परिस्थितियों मे युवक ने की आत्महत्या

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र के गांव असौड़ा में शनिवार की रात मोनू नामक एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मोनू मजदूरी करके अपने परिवार का पेट पालता था। इस घटना से पूरे गांव में दुख का माहौल है और परिवार में मातम छा गया है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।



जानकारी के मुताबिक मोनू की पत्नी करीब आठ दिन पहले अपने तीन बच्चों के साथ मेरठ के अपने मायके गई हुई थी। मोनू घर में अकेला था, जबकि परिवार के बाकी सदस्य पास के दूसरे घर में रहते थे। शनिवार रात पड़ोसियों ने मोनू का शव फांसी के फंदे पर लटका देखा, जिसके बाद गांव में हड़कंप मच गया। तुरंत हापुड़ देहात पुलिस को इसकी सूचना दी गई। ग्रामीणों ने बताया कि कुछ समय पहले मोनू के सिर में चोट लगी थी, जिससे वह मानसिक रूप से परेशान रहने लगा था। इसके बावजूद वह अपने परिवार का पेट पालने के लिए मेहनत-मजदूरी करता था। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय गुप्ता अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। थाना प्रभारी ने बताया कि आत्महत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने के लिए हर पहलू से जांच की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य सबूतों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन सृजन अभियान के प्रभारी सांसद कुंवर दानिश अली का किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शनिवार को पश्चिमी उत्तर प्रदेश संगठन सृजन अभियान के प्रभारी और पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली का जिला कांग्रेस कार्यालय पर कार्यकर्ताओं ने गर्मजोशी से स्वागत किया। उनके साथ रामपुर के पूर्व विधायक और AICC के पूर्व राष्ट्रीय सचिव, साथ ही अभियान के सह प्रभारी संजय कपूर भी मौजूद थे। जिला कांग्रेस कार्यालय पहुंचने पर दोनों नेताओं का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। जिला कमेटी के पदा. धिकारियों और ब्लॉक अध्यक्षों को संबोधित करते हुए कुंवर दानिश अली ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के निर्देश और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय के नेतृत्व में पूरे उत्तर प्रदेश में संगठन सृजन अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला कमेटी से लेकर ब्लॉक अध्यक्षों और उनकी कमेटियों व प्रभारियों को बनाने का कार्यक्रम सफलतापूर्वक पूरा हो चुका है, जिसके लिए सभी कांग्रेस कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं। उन्होंने यह भी बताया कि 16 जुलाई को मेरठ में पश्चिमी जोन की बैठक होनी है, जिसमें 14 जिलों के जिलाध्यक्षों और महानगर अध्यक्षों को अपनी-अपनी जनपदों की ब्लॉक कमेटी, मंडल संयोजन और न्याय पंचायत अध्यक्षों की रिपोर्ट कांग्रेस महासचिव और उत्तर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी अविनाश पांडे और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को सौंपनी होगी। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने कहा कि कमेटी का हर




पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी के प्रति सजग है और अपने हर दायित्व को निभाने में पूरा प्रयास कर रहा है। जिला प्रवक्ता एडवोकेट शहजादा चौधरी ने कार्यक्रम का संचालन किया और दोनों नेताओं को विश्वास दिलाया कि इस बार उत्तर प्रदेश में कांग्रेस की प्रचंड बहुमत से सरकार बनने जा रही है, क्योंकि युवाओं का रुझान लगातार कांग्रेस की ओर बढ़ रहा है। इस अवसर पर पूर्व विधायक गजराज सिंह, जिला कोऑर्डिनेटर अवनीश काजला, पूर्व धौलाना विधानसभा प्रत्याशी अरविंद शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष सैय्यद अयाजुद्दीन सहित कई अन्य पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# बस व टैंकर की टक्कर में एक दर्जन से अधिक यात्री घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना बाबूगढ़ क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-9 पर बछलौता फ्लाईओवर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया। यात्रियों से भरी एक प्राइवेट बस और पानी के टैंकर के बीच हुई जोरदार टक्कर में एक दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए जिनमें कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, पानी का टैंकर गढ़मुक्तेश्वर से हापुड़ की ओर जा रहा था, तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार प्राइवेट बस ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सामने का शीशा टूट गया, जिससे यात्रियों में चीख-पुकार मच गई। हादसे की सूचना मिलते ही



बाबूगढ़, हापुड़ देहात, हाफिजपुर और यातायात पुलिस की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और राहत-बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों ने भी पुलिस की मदद की। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हापुड़ में भर्ती कराया गया, जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। गंभीर रूप से घायल यात्रियों को बेहतर इलाज के लिए हायर मेडिकल सेंटर रेफर करने की तैयारी चल रही है। घटनास्थल पर सीओ जितेंद्र शर्मा, बाबूगढ़ थाना प्रभारी महेंद्र सिंह, हापुड़ देहात थाना प्रभारी विजय गुप्ता, हाफिजपुर थाना प्रभारी आशीष कुमार और यातायात प्रभारी छविराम सहित पुलिस बल मौजूद रहे। हादसे की गंभीरता को देखते हुए एडीएम संदीप कुमार भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। सीओ जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस हादसे के सही कारणों का पता लगाने के लिए जांच कर रही है और दोषियों के खिलाफ जल्द ही उचित कार्रवाई की जाएगी। फ्लाईओवर पर कुछ देर के लिए यातायात भी प्रभावित हुआ, लेकिन पुलिस ने स्थिति को सामान्य कर दिया।

# सावन का पहला सोमवार, शुभ मुहूर्त व पूजन विधिः पंडित केसी पाण्डेय

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**हापुड़।** इस साल सावन मास का पहला सोमवार 14 जुलाई को पड़ रहा है, जो शिव भक्तों के लिए बेहद खास है। भारतीय ज्योतिष कर्मकांड महासभा के अध्यक्ष पंडित केसी पाण्डेय काशी वाले के अनुसार, इस दिन चतुर्थी तिथि, शतभिषा नक्षत्र, आयुष्मान और सौभाग्य योग का विशेष संयोग बन रहा है। इस शुभ मुहूर्त में भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक और पूजन करने से भक्तों को ग्रहों से संबंधित दोषों से मुक्ति मिलेगी और भाग्य, आयु, वैभव, गृह शांति एवं संपत्ति का लाभ प्राप्त होगा। भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए सोमवार के दिन गंगाजल, दूध, दही, घी, सफेद पुष्प-माला, सफेद मिष्ठान, चावल, बिल्वपत्र, शमी पत्र का इस्तेमाल करें। अभिषेक करते समय मन ही मन ओम नमः शिवाय या ओम नमो नीलकंठाय मंत्र का जाप करें। पंडित केसी पांडेय ने बताया कि जलाभिषेक व्यसन मुक्त होकर ही करें, तभी शुभ फल प्राप्त होगा। भगवान को किसी धातु के बर्तन से ही अभिषेक करें। भगवान भोलेनाथ को हल्दी, रोली, तुलसी के पत्ते, केतकी का फूल, नारियल का जल और शंख से अभिषेक नहीं करना चाहिए। उन्होंने बताया कि श्री रामचरितमानस में भगवान शिव की महिमा का वर्णन करते हुए कहा गया है। जो तपु करै कुमारि तुम्हारी, भाविउ मेटि सकहीं त्रिपुरारी अर्थात, भगवान भोलेनाथ तप, भक्ति और पूजन से प्रसन्न होकर भविष्य में होने वाली घटनाओं को भी शुभ कर देते हैं और भक्तों के भाग्य को अनुकूल कर उनकी मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। इस सावन के पहले सोमवार पर भगवान शिव की भक्ति में लीन होकर आप भी उनका आशीर्वाद प्राप्त कर सकते हैं।

# युवक पर जानलेवा हमला करने वाला गिरफ्तार



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना सिम्भावली पुलिस ने युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले की घटना में फरार चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फरसा बरामद किया गया है।

थाना सिम्भवाली प्रभारी सुमित तोमर ने बताया कि थाना सिम्भावली पुलिस द्वारा युवक पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले की घटना में फरार चल रहे आरोपी ओमवीर उर्फ कपिल पुत्र आलम सिंह निवासी ग्राम बुकलाना थाना सिम्भावली जनपद हापुड को बक्सर अण्डर पास से गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से घटना में प्रयुक्त फरसा बरामद हुआ है। आरोपी को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## एक नजर

### 70 वर्षीय महिला साधु का शव मिलने से हड़कंप, पुलिस जाँच मे जुटी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के चामंड स्थान के पास एक 70 वर्षीय बुजुर्ग महिला साधु का शव मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही बाबूगढ़ थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस टीम ने साक्ष्य इकट्ठा कर शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार बाबूगढ़ थाना क्षेत्र के चामंड स्थान के पास एक 70 वर्षीय बुजुर्ग साधु महिला का शव मिला। जिसको पुलिस ने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। थाना प्रभारी निरीक्षक महेंद्र सिंह ने बताया कि महिला साधु की पहचान 70 वर्षीय सुमित्रा पत्नी नेपाल निवासी जिला बदायूं के रूप मे हुई। संभवता बुजुर्ग साधु महिला की मौत बीमारी के चलते हुई है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और पुलिस मामले में जांच कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना देहात क्षेत्र में चौनापुरी रेलवे फाटक के पास शनिवार देर रात एक 32 वर्षीय सुलतान नामक व्यक्ति की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। सुलतान, जो नगर कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला मोती कॉलोनी का निवासी था, अपनी बहन के यहाँ मोहल्ला चौनापुरी में रहकर मजदूरी करता था। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

सीओ जितेंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि शनिवार रात करीब 12:45 बजे थाना पुलिस को सूचना मिली कि चौनापुरी रेलवे फाटक के पास एक व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया है। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी विजय कुमार गुप्ता पुलिस बल के साथ तुरंत मौके पर पहुँचे। पुलिस ने घटनास्थल पर आसपास के लोगों से मृतक की पहचान करने का प्रयास किया। मृतक की शिनाख्त सुल्तान के रूप में हुई। सुल्तान शादीशुदा था और अपनी बहन के घर रहकर मजदूरी का काम करता था। इस हादसे की खबर मिलते ही मृतक के परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस हादसे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है।

### लेखपाल आत्महत्या मामले में शिकायतकर्ता पर 5 लाख की रंगदारी मांगने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** धौलाना तहसील में तैनात रहे लेखपाल सुभाष मीणा की आत्महत्या के मामले में नया मोड़ आ गया है। मृतक लेखपाल के बेटे सचिन कुमार मीणा ने शिकायतकर्ता भूपेंद्र सिंह के खिलाफ 5 लाख की अवैध मांग करने का आरोप लगाते हुए मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी के अनुसार धौलाना निवासी भूपेंद्र सिंह ने 3 जून को जिला. धिकारी की जन चौपाल में सुभाष मीणा पर खसरा-खतौनी की नकल निकालने के लिए रिश्वत लेने का आरोप लगाया था। इस शिकायत के आधार पर डीएम अभिषेक पांडेय ने लेखपाल को तत्काल निलंबित कर दिया था। सचिन मीणा का आरोप है कि इस निलंबन के बाद से ही भूपेंद्र सिंह उनके पिता पर लगातार मानसिक दबाव बना रहे थे और प्रकरण को खत्म करने के बदले 5 लाख रूपये की मांग कर रहे थे। सचिन के अनुसार इसी पैसों की मांग से परेशान होकर उनके पिता अवसाद में चले गए। 9 जुलाई को सुभाष मीणा ने तहसील धौलाना परिसर में ही जहरीला पदार्थ खा लिया। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया लेकिन उपचार के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। धौलाना थाना प्रभारी निरीक्षक देवेंद्र सिंह बिष्ट ने बताया कि सचिन कुमार मीणा की शिकायत के आधार पर भूपेंद्र सिंह के खिलाफ झूठी शिकायत करने और रंगदारी मांगने के आरोप में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही इस मामले में आगे की कार्रवाई करेगी और भूपेंद्र सिंह को गिरफ्तार करेगी।

### 32 लाख की लागत से 1900 मीटर पाइपलाइन बिछाई, 50 से अधिक किसानों को फायदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** तमेलागढ़ी गांव में तालाब के ओवरफ्लो की समस्या का समाधान हो गया है। गांव में तालाब का पानी ओवरफ्लो होकर गलियों और आसपास के घरों में भर जाता था। ग्राम प्रधान नीलम देवी के नेतृत्व में इस समस्या के समाधान के लिए पहल की गई।

# विकलांग पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना गढ़मुक्तेश्वर पुलिस ने बच्चों के विवाद मे विकलांग व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमले करने के मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार ने बताया कि थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहाता बस्ती राम निवासी रोहित पुत्र कालू द्वारा थाने पर मुक. दमा दर्ज कराया गया था कि बच्चों के मामूली विवाद को लेकर आरो. पियों ने पीड़ित विकलांग पर लोहे के दाँव से जानलेवा हमला कर दिया। जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि संबंधित मामले में पीड़ित की तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया था और पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही थी। रविवार को पुलिस ने मामले में फरार चल रहे दो आरोपी भगवत पुत्र रामस्वरुप और अजय पुत्र भगवत निवासी मोहल्ला अहाताबस्तीराम मध्य कस्बा व थाना गढ़मुक्तेश्वर जनपद हापुड को मीरा रेती से गांव नये बास जाने वाले मोड से गिरफ्तार किया गया है एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# मकानों व दुकानों में चोरी करने वाले गिरोह के चार सदस्य गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस ने बन्द दुकानों व मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने चोरों की निशांदेही पर 6 हज़ार रुपये की नकदी, भारी मात्रा में चोरी किया गया सामान व घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल, चोरी करने के उपकरण और अवैध हथियार आदि बरामद किए है।

एएसपी विनीत भटनागर ने प्रेसवार्ता करते हुए बताया कि थाना पिलखुवा पुलिस ने बन्द दुकानों व मकानों में चोरी करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए चार शातिर चोर सुन्दर पुत्र धर्मपाल, विकास पुत्र पीताम्बर, रविन्द्र पुत्र तेजपाल व अमर पुत्र विष्णु खण्डहर पडी पुरानी कम्पनी के कमरों से गिरफ्तार



किया गया है। जिनकी निशानदेही पर 6 हज़ार रूपये की नगदी, भारी मात्रा में चोरी किया गया सामान व घटना में प्रयुक्त दो मोटर साइकिल, चोरी करने के उपकरण दो अवैध तमंचे मय कारतूस और दो अवैध चाकू आदि बरामद हुआ है। एएसपी ने बताया कि गिरफ्तार किए गए चोर शातिर किस्म के चोर हैं जिनके द्वारा बन्द दुकानों व मकानों की रैकी कर मौका पाकर चोरी की घटना को अंजाम दिया जाता था। गिरफ्तार चोरों के खिलाफ जनपद हापुड़ व गाजियाबाद में चोरी, हत्या का प्रयास व आर्म्स एक्ट आदि अपराधों के करीब आधा दर्जन आपराधिक मुकदमे दर्ज है। पुलिस द्वारा इनके आपराधिक इतिहास के बारे में अन्य जनपदों से भी जानकारी की जा रही है।

# कांवड़ यात्रा मे वॉलिंटियर बनेंगे पुलिस के हमदम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए वालिंटियर भी पुलिस के सहयोगी बनेंगे। ये सभी कांवड़ियों की सेवा करने के साथ ही गांवों की गतिविधियों के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे और पल-पल की सूचना पुलिस के उच्चाधिकारियों को देंगे।

दिल्ली, हरियाणा और राजस्थान प्रदेश के कांवड़ियों का जिले में आवागमन शुरू हो गया है। रोजाना हजारों की तादाद में शिवभक्त कांवड़िये ज़िलें के विभिन्न मार्गों से होकर गुजरेंगे वहीं, पुलिस प्रशासन भी कांवड़ियों की सुरक्षा में कोई चूक नहीं छोड़ना चाहता है, इसलिए वह सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने में लगा हुआ है। पुलिस सुरक्षा के साथ उसने अपने वालिंटियरों को भी कांवड़ यात्रा की सुरक्षा की



जिम्मेदारी सौंपी है। साथ ही कांवड़ियों की सुरक्षा को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए गए हैं। ये सभी वालंटियर शिवभक्त कांवड़ियों की सेवा करेंगे साथ ही अपने-अपने गांवों की गतिविधियों के साथ असामाजिक तत्वों पर नजर रखेंगे। थाना प्रभारी निरीक्षक मुनीश प्रताप ने बताया कि डिजिटल वालंटियर को संबंधित थानों के पुलिस ग्रुप पर सक्रिय रहने और सूचना देने के निर्देश दिए गए हैं। कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जाएगा।

# कांवड़ रूट पर शराब की दुकानों को त्रिपाल से कराया कवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** ज़िलें मे कांवड़ यात्रा के दौरान जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां की हैं। योगी सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत कांवड़ पथ पर पड़ने वाली शराब की दुकानों को पूरी तरह से ढक दिया गया है, हालांकि इनकी बिक्री जारी रहेगी। आबकारी विभाग ने यह कार्य शुरू कर दिया है। जिसका मुख्य उद्देश्य श्रद्धालुओं की भावनाओं का सम्मान करना है। इस पहल से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि श्रद्धालुओं को अपनी यात्रा के दौरान किसी प्रकार की असहजता न हो। प्रशासन का मानना है कि दुकानों को ढकने से कांवड़ यात्री शांतिपूर्वक अपनी यात्रा पूरी कर सकेंगे। इसके अतिरिक्त, सावन के



महीने को देखते हुए कांवड़ मार्ग पर मांस की दुकानों को बंद करने के आदेश दिए गए हैं। साथ ही शाक. ाहारी होटल और ढाबों पर भी सघन जांच की जा रही है ताकि श्रद्धालुओं की आस्था को ठेस न पहुंचे और उन्हें स्वच्छ एवं सात्विक भोजन मिल सके। डीएम और एसपी ने कावड़ यात्रा के दौरान शांति और व्यवस्था बनाए रखने के लिए कड़े इंतजाम किए हैं। किसी भी अप्रिय घटना की स्थिति में तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। इन सभी कदमों का लक्ष्य कांवड़ यात्रा को सुचारू और सुरक्षित बनाना है।

# पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** थाना फेस-2 क्षेत्र में पुलिस और वाहन चोर के बीच मुठभेड़ हुई। घटना निम्मी विहार तिराहे सेक्टर 88 की है। पुलिस रात्रि में संदिग्ध वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान एक बाइक सवार को रुकने का इशारा किया गया।

बाइक सवार रुका नहीं और दादरी मेन रोड की तरफ भागने लगा। पुलिस ने पीछा किया। ट्रांसपोर्ट नगर सेक्टर 88 कट से पहले बदमाश ने खुद को घिरा देख बाइक गिरा दी। उसने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में बदमाश घायल हो गया।

घायल बदमाश की पहचान इरफान उर्फ पिंटू (22) के रूप में हुई। वह मूल रूप से मध्य प्रदेश के भिंड का रहने वाला है। वर्तमान में नोएडा के नयागांव में रहता है। उसके पास से एक देसी तमंचा .315 बोर, एक खोखा कारतूस, एक जिंदा कारतूस और एक चोरी की स्प्लेंडर मोटरसाइकिल बरामद हुई।इरफान एनसीआर क्षेत्र में दोपहिया वाहन चोरी की वारदातों को अंजाम देता था। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है। पुलिस मामले की आगे की कार्रवाई कर रही है।

## जिला स्तरीय रोल बॉल प्रतियोगिता आज से

**ग्रेटर नोएडा।** रोल बॉल खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए आज यानी सोमवार से दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिला रोल बॉल एसोसिएशन की ओर से आयोजित होने वाली जिला रोल बॉल खेल प्रतियोगिता में 300 से अधिक खिलाड़ी शामिल होंगे। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी राज्य स्तर पर होने वाली प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला रोल बॉल स्पोर्ट्स संघ के मुख्य कोच मिलिंद शर्मा ने बताया कि मॉडर्न स्कूल में 14 से 15 जुलाई तक जिला रोल बॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। बालक-बालिका वर्ग में सब जूनियर व जूनियर आयु वर्ग के खिलाड़ी शामिल होंगे। इस दो दिवसीय प्रतियोगिता का आयोजन जिला रोल बॉल स्पोर्ट्स संघ तथा रोलर स्केटिंग स्पोर्ट्स संघ के तत्वावधान में किया जा रहा है।

# डंपर ने स्कूटी को टक्कर मारी महिला की मौत, पति घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट के बिसरख थाना क्षेत्र में महागुन मार्ट के सामने हुए सड़क हादसे में महिला की मौत हो गई। सांड से बचने के दौरान हुए इस हादसे में स्कूटी सवार महिला व उसके पति घायल हो गए।

घटना उस समय हुई जब रक्षा डेला सोसाइटी, गौर सिटी-2 के निवासी राज नारायण और उनकी 55 वर्षीय पत्नी सरिता स्कूटी पर मंदिर से लौट रहे थे। उन्होंने सड़क किनारे एक फल की रेहड़ी से फल खरीदे। जैसे ही वे आगे बढ़े, अचानक एक सांड सामने आ गया। इससे स्कूटी सड़क की तरफ मुड़ गई और पीछे से आ रहे डंपर ने टक्कर मार दी।



राहगीरों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने दोनों को अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सरिता को मृत घोषित कर दिया। राज नारायण का इलाज जारी है। नोएडा पुलिस की मीडिया सेल के अनुसार, पुलिस ने शव का पंचायतनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डंपर को पुलिस ने अपने कब्जे में ले लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

# दिल्ली से कालिंदी कुंज आने वाला एक रास्ता बंद होगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** कांवड़ियों के सुरक्षित सफर के लिए दिल्ली से कालिंदी कुंज होकर नोएडा आने वाला एक रास्ता मंगलवार से वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। 23 जुलाई तक यहां से वाहन आ-जा नहीं सकेंगे। यह रास्ता कालिंदी कुंज लाल बत्ती से नोएडा की तरफ आता है। दूसरे रास्ते पर दिल्ली से नोएडा की तरफ वाहन आते रहेंगे। हरियाणा, राजस्थान और मध्यप्रदेश जाने वाले कांवड़िए नोएडा पहुंचने शुरू हो गए हैं। ये हरिद्वार या गौमुख से जल लेकर आ रहे हैं। इस सप्ताह से कांवड़ियों की संख्या बढ़नी शुरू हो जाएगी। अधिकारियों ने बताया कि कांवड़िए दिल्ली के चिल्ला बॉर्डर से नोएडा में प्रवेश करते हैं।

यहां से ओखला पक्षी विहार आते हैं। ओखला पक्षी विहार पार करते ही दिल्ली के कालिंदी कुंज लालबत्ती की ओर जाकर गंतव्य को जाते हैं। लालबत्ती पर दिल्ली पुलिस कांवड़ियों को सुरक्षित तरीके से सड़क पार कराती है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि चिल्ला बॉर्डर पर वाहनों को रोककर कांवड़ियों को सड़क पार कराने के लिए 24 घंटे पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगा दी गई है। अभी कम संख्या में कांवड़िए आ रहे हैं। एक-दो दिन में इनकी संख्या बढ़ने का अनुमान है। ओखला पक्षी विहार रास्ते पर वाहनों का आवागमन बंद कर दिया गया है। सिर्फ कांवड़ समिति से संबंधित वाहनों को जाने की अनुमति दी जा रही है।

इस रास्ते पर दो कांवड़ शि. विर लग रहे हैं। डीसीपी यातायात लखन यादव ने बताया कि अभी कालिंदी कुंज रास्ते पर दिल्ली की तरफ से ट्रैफिक आ रहा है। कांवड़ियों की संख्या बढ़ते ही दिल्ली पुलिस को जानकारी दे दी जाएगी, ताकि एक रास्ता वाहनों के लिए पूरी तरीके से बंद कर दिया जाए। डीसीपी ने उम्मीद जताई कि मंगलवार से यह रास्ता वाहनों के लिए बंद कर दिया जाएगा। यातायात व्यवस्था बेहतर रखी जाएगी कांवड़िए सेक्टर-62 मॉडल टाउन, सेक्टर-62 एनआईबी पुलिस चौकी और सेक्टर-63 छिजारसी के रास्ते भी काफी संख्या में आते हैं। ये कांवड़िए सीधे महामाया फ्लाईओवर होकर दिल्ली जाते हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि इस रूट पर भी वाहनों के चलने से कांवड़ियों को दिक्कत नहीं होने दी जाएगी। बीच-बीच मुख्य प्वाइंट पर मौजूद पुलिसकर्मी सबसे पहले कांवड़ियों को गंतव्य की ओर निकलवाएंगे।

# सड़कों पर बह रहा सीवर का पानी, बारिश में परेशानी बढ़ी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के अल्फा, बीटा, गामा, डेल्टा आदि सेक्टरों के अलावा जगत फार्म, रामपुर और अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट मार्केट में जगह- जगह पर सीवर का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। आसपास के गांवों के और बुरे हालात हैं। बारिश होने पर चारों तरफ गंदगी फैलने से लोगों की परेशानी और अधिक बढ़ गई है। घरों के सामने और मार्केट में गंदे पानी का जमाव होने से बदबू आ रही है। बीमारी फैलने का खतरा बना हुआ है। लोग सीवर के गंदे पानी से होकर गुजरने को मजबूर हैं। सेक्टरों में यह समस्या पिछले कई माह से बनी हुई है, लेकिन प्राधिकरण द्वारा समय रहते सीव. रेज की व्यवस्था को दुरुस्त नहीं किया गया।



इसका खामियाजा लोगों को भुगतना पड़ रहा है। सेक्टर बीटा-1 में रॉयन इंटरनेशनल स्कूल से रामपुर मार्केट की तरफ जाने वाले सर्विस मार्ग पर 8 से 10 घरों के सामने पिछले लंबे समय से सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। सीवर का पानी सड़क पर बहता रहता है। हल्की बारिश होने पर पूरी सड़क पर गंदा पानी भर जाता है। तेज बारिश होने पर घर में पानी घुसने का खतरा है। यही स्थिति रामपुर मार्केट की है। यहां भी दुकानों के सामने जगह-जगह पर गंदा पानी भरा हुआ है। दुकानदारों के साथ मार्केट में आाने वाले लोगों को काफी परेशानी हो रही है। सेक्टर के लोगों का कहना है कि शिकायत करने पर टैंकर भेजकर सफाई के नाम पर खानापूर्ति कर दी जाती है, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया जा रहा है। शहर की प्रमुख मार्केट जगत फार्म में भी यही हालात हैं। पिछले कई सालों से सीवर ओव. रफ्लो की समस्या बनी हुई है। सेक्टर अल्फा-1 कमर्शियल बेल्ट में सड़क के किनारे सीवर का पानी भरा हुआ है। इससे बीमारी फैलने का खतरा है। प्रवीण कुमार गर्ग ने बताया कि कमर्शियल बेल्ट में एसएल टॉवर के सामने हल्की बारिश होने पर पानी भर जाता है, क्योंकि नाला बंद है। सीवर ओवरफ्लो होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवर लाइन क्षतिग्रस्त सेक्टर का गेट बंद किया - सेक्टर बीटा-1 के गेट नंबर- 1 के पास सीवर लाइन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इसकी वजह से गेट बंद कर दिया गया है। पैदल जाने वाले लोगों के लिए छोटा गेट खोल रखा है, लेकिन गेट पर कीचड़ होने की वजह से आने जाने में दिक्कत हो रही है। क्या बोले लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या पिछले कई सालों से बनी हुई है। साल के 12 महीने सीवर का पानी सड़क पर बहता रहता है। बारिश के मौसम में परेशानी और अधिक बढ़ जाती है।

गलियों के गेट पर गंदा पानी जमा होने से काफी परेशानी हो रही है। शिकायत के बाद भी कोई सुनवाई नहीं हो रही है सरदार मंजीत सिंह, अध्यक्ष जगत फार्म व्यापार मंडल। सेक्टर के लोग सीवर ओवरफ्लो की समस्या से जूझ रहे हैं। बारिश के इस मौसम में और अधिक परेशानी हो रही है। बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। प्राधिकरण के अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। शहर के ज्यादातर सेक्टरों में सीवर ओवरफ्लो की समस्या है। हरेंद्र भाटी,सदस्य एक्टिव सिटीजन टीम। नासूर बन चुकी है समस्या जगत फार्म मार्केट में सीवर ओवरफ्लो की समस्या नासूर बन चुकी है। पिछले कई सालों से यहां सीवर ओवरफ्लो हो रहा है। शिकायत के बाद भी इसका स्थायी समाधान नहीं किया गया है। ऐसे में दुकानदारों के साथ- साथ मार्केट में खरीदारी करने के लिए आने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बारिश होने पर परेशानी और अधिक बढ़ जाती है। सीवरेज सिस्टम को दुरुस्त करने की कार्ययोजना पर काम चल रहा है। विशेषज्ञ सलाहकार की मदद से इसका स्थायी समाधान किया जाएगा। जहां पर भी सीवर ओवरफ्लो होने की शिकायत मिलती है,उसका समाधान कराया जा रहा है।

## एक नजर

### पिता-पुत्र को पीटा, केस दर्ज

**नोएडा ( शाह टाइम्स )।** प्लॉट पर कब्जा और गाली-गलौज का विरोध करने पर दबंगों ने पिता-पुत्र को पीटकर घायल कर दिया। दोनों का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। सेक्टर-39 थाने की पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है। सदरपुर निवासी राजेंद्र प्रसाद ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के कुछ दबंग और भूमाफिया उनके प्लॉट पर जबरन कब्जा करने चाहते हैं। बीते माह 28 जून को राजेंद्र प्रसाद अपने बेटे के साथ प्लॉट पर पेड़ कटवा रहे थे। इसके लिए संबंधित विभाग से अनुमति भी ली थी। उसी समय कमल किशोर, नरेश, रविंद्र, प्रेम और नरपत वहां पहुंचे। चारों नरपत के पुत्र हैं। पांचों ने शिकायतकर्ता को गाली देने लगे। आरोपियों ने कहा कि यह प्लाट उनका है और पेड़ कटवाने के लिए उनकी अनुमति क्यों नहीं ली। इसके बाद सभी आरोपियों ने राजेंद्र और उसके बेटे के साथ मारपीट की। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपियों को मारपीट से रोका और दोनों पक्षों को थाने बुला लिया। आरोप है कि नरपत पक्ष के लोग करीब 15 अन्य लोगों को लेकर चौकी पहुंचे और शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकी दी। पुलिस नामजद आरोपियों से पूछताछ करने के बाद आगे की कार्रवाई करने की बात कह रही है।

### पुलिस और बिल्डर पर जबरन कब्जा कराने का आरोप, सीएम से की शिकायत

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा में एक किसान ने पुलिस और बिल्डर के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए हैं। गांव रौनीजा के किसान विनोद ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखकर न्याय की गुहार लगाई है।

विनोद के अनुसार गांव निलौनी-शाहपुर में उनकी और परिवार की 11 बीघा जमीन है। उन्होंने इस जमीन का मुआवजा नहीं लिया है। शुक्रवार को बिल्डर ने पुलिस की मदद से उनके खेतों में खड़े पशुओं के चारे को नष्ट कर दिया। विरोध करने पर किसान और उनके परिवार के साथ दुर्व्यवहार किया गया। शनिवार को जब किसान अपने परिजनों के साथ रबूपुरा कोतवाली पहुंचे, तो उन्हें एक कमरे में बंद कर दिया गया। वहां कोतवाली प्रभारी, तीन दारा. ेगा, कई पुलिसकर्मी और बिल्डर मौजूद थे। किसान पर बिल्डर को जमीन का कब्जा देने का दबाव बनाया गया। जब किसान के बेटे ने इस घटना का वीडियो बनाना चाहा, तो एक सिपाही ने उसे थप्पड़ मारकर मोबाइल छीन लिया। फिर गाली-गलौज करते हुए सभी को धक्के मारकर कमरे से बाहर निकाल दिया। किसान का कहना है कि उनके खेत से जुड़ा मामला इलाहाबाद हाईकोर्ट में विचाराधीन है। वहीं, पुलिस ने सभी आरोपों को निराधार बताया है।

### केन्याई क्रिकेट टीम से युगांडा में दम दिखाएंगे पुष्कर

**ग्रेटर नोएडा ( शाह टाइम्स )।** ग्रेटर नोएडा के डेल्टा वन निवासी पुष्कर शर्मा युगांडा में होने वाले पर्ल ऑफ अफ्रीका अंतरराष्ट्रीय टी-20 क्रिकेट टूर्नामेंट में दमखम दिखाएंगे। वह केन्या की राष्ट्रीय क्रिकेट टीम से पहले भी खेल चुके हैं। अंडर-16 में मुंबई की कप्तानी के दौरान उनकी टीम में पृथ्वी शॉ थे। वह यशस्वी जायसवाल के साथ भी खेल चुके हैं। पर्ल ऑफ अफ्रीका टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट 17 से 25 जुलाई तक खेली जाएगी। पुष्कर शर्मा ऑलराउंडर की भूमिका में केन्या की टीम में होंगे। अभी तक यह प्रतिभावान क्रिकेटर केन्या की राष्ट्रीय टीम से 18 टी-20 अंतराष्ट्रीय मुकाबले खेल चुके हैं।

उन्होंने 2022 में केन्या टीम से अंतरराष्ट्रीय करियर की शुरुआत की। 24 वर्षीय पुष्कर शर्मा ने बताया कि मुंबई की अंडर-16 टीम की कप्तानी की है। उस दौरान टीम में यशस्वी जायसवाल और पृथ्वी शॉ भी थे। 2019 में प्रशिक्षक की सलाह पर बीसीसीआई से एनओसी लेकर केन्या आ गया। यहां की राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन रहा, जिसके बाद मुझे केन्याई टीम में चुन लिया गया। यहां तीन साल तक लगातार रहने और खेलने पर ही राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं।

# स्टार्टअप की चाह रखने वाले युवाओं को दिशा देगा युवा उद्यमी शिखर सम्मेलन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित भारत मंडपम में युवा उद्यमी शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है, शिखर सम्मेलन का आयोजन कर रही भारतीय महिला उद्यमी परिसंघ द्वारा रविवार को सेक्टर 29 स्थित नोएडा मीडिया क्लब में एक प्रेसवार्ता किया गया।

प्रेस वार्ता के दौरान कांफ्रेंडरेशन की राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष मीतू पुरी ने जानकारी देते हुए बताया कि 15 जुलाई को अंतरराष्ट्रीय युवा कौशल दिवस के अवसर पर दिल्ली स्थित भारत मंडपम में यंग एंटरप्रेन्योर्स सम्मिट का आयोजन किया जा रहा है सम्मेलन में स्टार्टअप चला रहे युवाओं को अपने स्टार्टअप को प्रदर्शित करने और उद्योग जगत के बड़ी हस्तियां और नीति निर्माता से सीधे जुड़ने का एक गतिशील मंच प्राप्त हो सकेगा उन्होंने बताया कि इस शिखर सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता उपस्थिति रहेंगी, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन विकसित भारत 2047 की आधारशिला के रूप में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की नीतियों और योजनाओं पर के बारे में बताएंगी।

## मेरठ मंडल जूनियर शिक्षक संघ को मिला नया नेतृत्व

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के आईआईएमटी कॉलेज में उत्तर प्रदेश जूनियर हाईस्कूल पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ मेरठ मंडल का त्रिवार्षिक अधिवेशन निर्वाचन रविवार को संपन्न हुआ। सभी जनपदों से नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद दनकौर ब्लॉक के जूनियर हाईस्कूल खानपुर के शिक्षक उमेश राठी को निर्विरोध मंडल अध्यक्ष चुना गया। नई कार्यकारिणी में मेरठ की अंजू शर्मा को महामंत्री बनाया गया। बुलंदशहर के विमल कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। मेरठ के शीतल कुमार त्यागी मंत्री बने। बुलंदशहर के भरत कुमार को वरिष्ठ उपाध्यक्ष चुना गया। अन्य पदाधिकारियों में कृष्ण कुमार शर्मा, रतनपाल, मनीष कुमार, किरण कुशवाहा और सतीश चंद्र को उपाध्यक्ष बनाया गया। दीपक बालियान को मंत्री और ज्ञानचंद को संयुक्त मंत्री नियुक्त किया गया।

# चोरी करने वाली मां व दो बेटियां जेवरात समेत गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** नोएडा में घरेलू सहायिका बनकर घरों से जेवरात समेत अन्य कीमती सामान चुराने के आरोप में थाना फेस-3 पुलिस ने तीन महिलाओं को गिरफ्तार किया है। इनकी गिरफ्तारी पुलिस ने मैनुअल इंटेलिजेंस व गोपनीय सूचना की सहायता से किया है।

बीते माह थाना फेस-3 में एक महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसके घर पर काम करने वाली घरेलू सहायिकाओं ने लाखों रुपए कीमत के जेवरात चोरी कर लिया है। थाना फेस-3 के प्रभारी निरीक्षक ध्रुव भूषण दुबे ने बताया कि आरती पाठक पत्नी तन्मय शर्मा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह क्लियो काउंटी सोसायटी सेक्टर-121 में रहती हैं। पीड़ित के अनुसार उन्होंने 17 जून को अपने घर पर घरेलू काम के लिए शालू नामक युवती को रखा था। अगले दिन शालू की मां का फोन आया कि उसकी तबीयत ठीक नहीं है। उसकी दूसरी बेटी शिवानी 18 जून को काम पर आई। 21 जून को रात को उन्होंने अपने गहने अपने घर की अलमारी में रखी थी। जब 25 जून को उन्होंने चेक किया तो पता चला कि उनके घर से जेवरात गायब हो गए हैं। पीड़िता ने इस मामले में शिवानी, शालु और अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया था।

थाना प्रभारी ने बताया कि घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही थाना पुलिस ने आज घरेलू सहायिका बनकर घरों में चोरी करने वाली 3 वांछित अभियुक्ता गीता देवी पत्नी मान सिंह, शालू पुत्री मान सिंह तथा शिवानी पुत्री मान सिंह को पर्थला गोल चक्कर के पास से बीट पुलिसिंग व इलेक्ट्रॉनिक सर्विलांस की सहायता गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि अभियुक्ताओं के कब्जे से आभूषण पीली धातु का टिक्की नुमा कुल वजन 16.60 ग्राम बरामद किया गया है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पता चला है कि अभियुक्ताएं घरों में घरेलू सहायिका बनकर काम करती है और मौका पाकर घर से गहने व पैसे चोरी कर लेती है।

# ग्रेटर नोएडा में सोसाइटी के निवासियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट की पटेल नियोटाउन सोसाइटी के 400 से अधिक निवासियों ने रविवार को बिल्डर के खिलाफ प्रदर्शन किया। प्रदर्शन सोसाइटी के मुख्य गेट से शुरू होकर फ्लैग मार्च के रूप में प्रोजेक्ट ऑफिस तक गया। जहां निवासियों ने घेराव किया। निवा. सियों का आरोप है कि बिल्डर की ओर से 2.60 रुपये प्रति वर्ग फुट की लग्जरी मेंटेनेंस फीस वसूलने के बावजूद कोई बुनियादी सुविधा नहीं दी जा रही है। तीन वर्षों से बेसमेंट-3 में कूड़ा फेंका जा रहा था, जिसे चार महीने की मशक्कत के बाद आंशिक रूप से साफ किया गया। सुरक्षा व्यवस्था बेहद कमजोर है। पावर बैकअप समय पर शुरू नहीं होता है। डी क्लस्टर की सड़क जलभराव से खराब हो गई है। जगह-जगह रुके पानी से डेंगू मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। पोडियम पर वाहन चलते हैं,जिससे बच्चों की सुरक्षा को खतरा बना रहता है। डॉ. रविकांत शर्मा ने कहा, श्हम पिछले एक साल से लगातार मांग कर रहे हैं कि डिवेलपर सुधार करे, लेकिन वे ना मिलने को तैयार हैं, ना ईमेल का जवाब देते हैं।श वहीं, प्रवेश वर्मा ने कहा, श्यह सोसाइटी नहीं, बल्कि झुग्गी जैसी लगती है। गौरव पांडेय ने कहा, यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा जब तक स्थायी समाधान नहीं मिलते।

## कुएं में गिरा गोवंश

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कोतवाली क्षेत्र में रविवार को एक गोवंश की जान बचाई गई। समसपुर गांव के जंगल में स्थित एक पुराने गहरे कुएं में गोवंश गिर गया था। रविवार शाम को गोवंश कुएं के पास से गुजर रहा था। अचानक वह कुएं में गिर गया। कई घंटों तक कुएं में रहने से गोवंश को चोटें आईं। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना गोसेवकों को दी।

गोसेवक त्रिलोक नागर के नेतृत्व में टीम मौके पर पहुंची। स्थानीय पुलिस की मदद से गोसेवकों ने जेसीबी मशीन और रस्सी का उपयोग कर गोवंश को कुएं से बाहर निकाला। घायल गोवंश का तुरंत इलाज किया गया। बचाव कार्य में मेजर नागर, आकाश, सोनू, दीपू, सुनील दाद. ूपुर, देवेंद्र और धन सिंह समेत कई गौरक्षक मौजूद रहे।

# मूलभूत सुविधाओं को लेकर किया धरना-प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** ग्रेटर नोएडा वेस्ट सेक्टर 16सी स्थित रेडिकॉन वेदांतम सोसाइटी निवा. सियों ने मूलभूत सुविधाओं की कमी को लेकर बिल्डर के ऑफिस पर धरना प्रदर्शन दिया।

निवासियों का आरोप है कि लिफ्ट का ठीक से रखरखाव नहीं किया जा रहा है और यह खतरनाक स्थिति में है जिससे निवासियों के जीवन को खतरा है। सुरक्षा व्यवस्था उचित नहीं है और सिक्योरिटी कैमरे कार्य नहीं कर रहे हैं। सोसायटी में कुत्तों का आतंक है वह निवासियों को प्रतिदिन काट रहे हैं और उन्हें निकाला नहीं जा रहा है। निवा. सियों द्वारा उठाई गई समस्याएं प्रबंधन के ध्यान में लाई जाती हैं फिर भी कोई समाधान नहीं हो रहा है। बिल्डर ने फ्लैट बुकिंग के समय जो वादे किए थे उन्हें पूरा नहीं किया जा रहा है। बिल्डर प्रबंधन द्वारा नियुक्त मैनेजर निवासियों की समस्याओं को नहीं सुनते हैं और जब भी कोई उन्हें शिकायत की जाती है तो वह पुलिस को बुलाकर झूठे आरोपों में मुकदमा दर्ज करने की धमकी देते हैं।




यह प्रक्रिया रेडिकॉन इंफ्रास्ट्रक्चर द्वारा बार-बार दोहराई जा रही है इसको लेकर निवासियों में काफी आक्रोश है। निवासियों ने धरना प्रदर्शन किया उसके बाद थाने में जाकर बिल्डर के खिलाफ शिकायत की।

नेफोमा अध्यक्ष अन्नू खान ने बताया पिछले 5 वर्षों से बिल्डर फ्लैट निवासियों से नहीं मिल रहा है जिससे सोसायटी में दिन प्रतिदिन नई नई समस्या उत्पन्न हो रही है। प्रोजेक्ट के कार्य अधूरे पड़े है 15 वर्ष बाद भी सोसाइटी कंप्लीट नहीं हुई है। सोसायटी में फ्लैटों की रजिस्ट्री नहीं हो रही है जिससे लोग मालिकाना हक से वंचित है ऑथोरिटी से शिकायत की गई है।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# शामली बस स्टैंड पर 13 दुकानें सीज, करोड़ों का सामान कैद

## बिना पूर्व सूचना के प्रशासन की कार्रवाई से मचा हड़कंप, दुकानदारों ने जताया विरोध

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** सम्पत्ति विवाद में एसडीएम कोर्ट के आदेश पर रविवार को पुलिस-प्रशासन की संयुक्त टीम ने चौसाना के शामली बस स्टैंड स्थित 13 दुकानों को सीज कर ताले जड़ दिए। अचानक हुई इस कार्रवाई से दुकानदारों में हड़कंप मच गया। दुकानदारों ने विरोध जताते हुए कहा कि बिना किसी नोटिस के दुकानें सील करना अन्याय है। वहीं पुलिस का कहना है कि यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश पर की गई है।



### विवादित जमीन पर खड़ा है पूरा बाजार

बताया जा रहा है कि चौसाना के शामली बस स्टैंड पर खसरा नम्बर 881, 882, 883 व 884 में बनी दुकानें वर्ष 1981 में बैनामे के माध्यम से बेची गई थीं। मगर वर्ष 2003 में विद्यावती नामक महिला द्वारा गणेश बिंदल के पक्ष में एक हस्तलिखित वसीयत तैयार कराई गई, जिसे नियमविरुद्ध राजस्व अभिलेखों में दर्ज करा लिया गया। इस पर विवाद शुरू हो गया और गणेश बिंदल ने वसीयत के आधार पर एसडीएम कोर्ट में मुकदमा दायर किया।

### धारा 145 और 165 के तहत हुई कार्रवाई

गणेश बिंदल की ओर से की गई शिकायत पर एसडीएम कोर्ट ने पुलिस से रिपोर्ट तलब की। पुलिस रिपोर्ट और दोनों पक्षों की सुनवाई के बाद कोर्ट ने विवादित भूमि को धारा 165 के अंतर्गत कुर्क कर थानाध्यक्ष को सुपुर्द करने के आदेश दिए।

इसी आदेश के तहत रविवार को नायब तहसीलदार रविन्द्र कुमार व थाना प्रभारी जितेंद्र सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और दुकानों पर प्रशासन का ताला जड़ दिया।



### हमें नहीं दिया गया समय

दुकानदारों ने आरोप लगाया कि उन्हें दुकानें खाली करने का कोई समय नहीं दिया गया। दुकानें बंद कर दिए जाने से उनका करोड़ों का माल अब कानूनी पचड़े में फंस गया है। दुकानदारों ने मांग की कि कोर्ट से स्टे की जानकारी देने के बावजूद प्रशासन ने जल्दबाजी में कार्रवाई की है।

### इन दुकानदारों की दुकानें सीज

प्रशासन ने जिन दुकानदारों की दुकानें सीज की हैं, उनमें मुनेश, गुल्लू, नदीम, आशू, दिलशाद, गुड्डू, अली, गय्यूर, शहनवाज और इसरार शामिल हैं।

### थानाध्यक्ष बोले-कोर्ट के आदेश पर हुई कार्रवाई

थानाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने बताया कि सम्पत्ति विवाद में एसडीएम कोर्ट के आदेश के तहत ही कार्रवाई की गई है। दुकानदारों से कहा गया है कि वे अपनी बात न्यायालय में रखें।

### आरोप: स्टे के बावजूद हुआ प्रशासनिक शोषण

दुकानों के स्वामी वसीम रजा ने बताया कि सहारनपुर आयुक्त ने 19 जून को वसीयत के खिलाफ स्टे दिया था। बावजूद इसके, प्रशासन ने जानबूझकर स्टे को दरकिनार करते हुए कार्रवाई की है। दुकानदारों ने इसे जबरन शोषण करार देते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

# सभासद व पत्रकार के खिलाफ अभियोग से रोष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ऊन।** जलालाबाद कस्बे मे स्वकर प्रणाली के सर्वे के लिए शासन द्वारा हायर की गई कम्पनी के स्थान पर नगर पंचायत कर्मचारियों को भेजकर सर्वे कराने का सभासद द्वारा विरोध करना इतना नागवार गुजरा कि नगर पंचायत कर्मचारियों ने सभासद के साथ पत्रकार के खिलाफ भी अभियोग पंजिकृत करा दिया। जिसको लेकर पत्रकारो मे भारी रोष है।

अपनी कार्यशैली से विवादों में रहने वाले थानाभवन जलालाबाद के अधिशासी अधिकारी जितेन्द्र राणा व नगर पंचायत कर्मचारियो द्वारा स्वकर प्रणाली का विरोध करने वाले सभासद राकेश शर्मा व उसके भाई पत्रकार आदेश शर्मा के खिलाफ सरकारी कार्य में बाधा डालने का मुकदमा दर्ज कराया है पत्रकार के खिलाफ फर्जी अभियोग पंजीकृत कराने से पत्रकारों में भारी रोष है बोर्ड बैठक में सभासद राकेश शर्मा ने मुखर होकर स्वकर प्रणाली के विरोध में गरीब और मध्यम वर्ग के लोगों पर पडने वाले कर भार की बात रखी थी। माना जा रहा है कि विरोध करने पर ही सभासद व पत्रकार के खिलाफ फर्जी मुकदमा दर्ज कर जा रहा है इस संबंध में पत्रकारों की बैठक हुई जिसमें पत्रकार के खिलाफ दर्ज मुकदमे को लेकर रोष प्रकट करते हुए मुकदमे को खारिज करने की मांग की गई।बैठक मे प्रेस क्लब के अध्यक्ष नरेंद्र चिकारा, अमित गोयल, विकास कुमार, सत्यम गोयल, मोनू भार्गव आदि शामिल रहे।



शामली। व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते अधीनस्थ।



गुलजारी वाला शिव मंदिर का 13वां विशाल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ।



शामली। राह से गुजरते कांवड़िए। छाया शाह टाइम्स

# कांवड़ यात्रा को लेकर पुलिस-प्रशासन हुआ मुस्तैद, व्यवस्थाएं परखी

**शाह टाइम्स टीम**

**शामली।** रविवार को नगर पालिका ईओ विनोद कुमार सोलंकी द्वारा कावड़ मेला के दौरान नगर पालिका अधिकारियों को साथ लेकर निरीक्षण किया। उन्होने कांवड मार्ग पर कांवड यात्रा के दौरान रंगोली बनाने के निर्देश दिए है। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी ने निरीक्षण के दौरान व्यापारियों से अपील की कि कावड़ यात्रा के दौरान अपनी दुकानों के बाहर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण न करें, जानकारी दी की बरसात के मौसम में कावड़ मार्ग पर जल भराव की स्थिति उत्पन्न हो जाती है।

साथ ही कावड़ियों की जनगणना करने के लिए 24 घंटे में तीन शिफ्ट लगाकर दो-दो कर्मचारी नियुक्त किए गए हैं जो नगर क्षेत्र से होकर गुजरने वाले कावड यात्रियों की जनगणना करेंगे। रविवार देर शात तक कुल 6914 शिव भक्त नगर क्षेत्र से होकर अपने गणतंत्र की ओर आगे प्रस्थान कर चुके हैं। मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार, जेई निर्माण विभाग कांत राणा, जेई जल-कल विभाग हर्षित गर्ग, शशिकांत पाहिवाल, राजकुमार, शिवा, अक्षय कुमार आदि मौजूद रहे।

**शामली।** रविवार को कांवड मार्ग पर विभिन्न कांवड सेवा शिविरों का शुभारंभ हुआ। कांवड सेवा शिविरों में पहुंचे विभिन्न जन प्रतिनिधियों द्वारा भगवान शिव के भक्तों की सेवा की। कांवड शिविर में भोले बाबा के भक्तों के लिए दूध, फल, भाजन, विश्रान, स्नान तथा मेडिकल सुविधा का प्रबंध किया गया था।

रविवार को शहर क गुलजारी वाला शिव मंदिर का 13वां विशाल कांवड सेवा शिविर का शुभारंभ हो गया। सवेरे हवन यज्ञ आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य यजमान महंत शैलेन्द्र गिरी महाराज रहे। पंडित सतीश शर्मा ने विधि विधान से पूजन संपन्न कराया गया। हवन में पूर्व कैबिनेट मंत्री सुरेश राणा, पुलिस अधीक्षक रामसेवक गौतम सहित शहर तथा आसपास क्षेत्रों से पहुंचे समाजसेवी लोगों ने आहुति प्रदान कर धर्मलाभ उठाया। शिविर में पहुंचे कांवडियों के लिए भोजन की उचित व्यावस्था की गई थी। मौके पर महेश धीमान, सुरेश, राजेश तायल, मोनू चौधरी, रामकुमार कपूर, सतेंद्र धीरयान एडवोकेट, राजीव, रोहतश, रामबीर आदि मौजूद रहे। इसके अलावा मंदिर हनुमान धाम पर भी कावड़ महोत्सव प्रारंभ हो चुका हैं। जिसमें शनिवार देर शाम हनुमान धाम शामली पर कावड़ सेवा शिविर मे शिव भक्त कांवड़ियों के लिए हर प्रकार की व्यवस्थाओं का ध्यान रखा गया है जैसे शिव भक्त कावड़ियों के विश्राम की व्यवस्था, शौचालय की व्यवस्था, स्नान की व्यवस्था, जलपान की व्यवस्था, चिकित्सा की व्यवस्था आदि की गई थी। इस अवसर पर रमेश धीमान, वंश नामदेव, संदीप नामदेव, शिवम गिरी, संजीव वर्मा, आशु निर्वाल, गुरु शरणम रोहिल्ला, नमन कर्नवाल, मोहित कश्यप, अमित प्रजापति, भोला शर्मा, मोंटी शर्मा आदि मौजूद रहे। वही शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के कांवड सेवा शिविर में कांवडियों को भोजन, दूध, फलाहार कराया गया। इस दौरान कांवडियों की सेवा में डा. अक्षय, डा. नदीम आदि की टीम लगी रही।



शामली। सुरक्षा के तहत जायजा लेते एसपी।

**शामली।** रविवार को हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आने वाले शिवभक्त कांवडियों की संख्या में शहर में बढ गई। सावन के तीसरे दिन सडकों पर शिवभक्तों की लाईने दिखाई दिए। शिवभक्त पवित्र गंगाजल लेकर पहुंचे। हरियाणा के हिसार निवासी 25 युवा शिवभक्त कांवडियों की टोली भी शामली पहुंची। टोली में शामिल सागर, अमन, अन्नू, अनिल, शुभम, शिवांग आदि ने बताया कि वह अलग अलग 31, 51, 26, 11, 24 किलोग्राम वजन की कांवड लेकर जा रहे है। यह उनकी दूसरी कांवड है। उन्होने अपने परिवार की सुख शांति और मां पिता की दीर्घायु की भगवान शिव से मनोकाना मांगी है। इसके अलावा हरियाणा के चरखी दादरी महिला सुमन अपने पुत्र के साथ कांवड लेकर पहुंची। उसने बताया कि वह जहां भी जाती थी उसके पीछे सांप पड जाते थे, जिससे वह काफी परेशान थी, लेकिन जब से उसने भोलेनाथ की कांवड लानी शुरू की है उसको किसी प्रकार की कोई परेशानी नही हो रही है।

**कैराना।** एसपी शामली रामसेवक गौतम कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए यूपी-हरियाणा सीमा पर स्थित यमुना नदी पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने यमुना घाट पर स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा की गई व्यवस्थाओं का गहनता से जायजा लिया। एसपी ने कांवड़ मेले में तैनात पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के निर्देश दिए है।

श्रावण मास के शुरू होते ही हरिद्वार से पवित्र गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों की ओर जाने वाले पैदल शिवभक्तों की संख्या में इजाफा होने लगा है। वहीं, कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह प्रतिबद्ध नजर आ रहा है। इसी क्रम में रविवार को प्रात: करीब 11 बजे एसपी शामली रामसेवक गौतम कांवड़ मार्ग का निरीक्षण करते हुए यूपी-हरियाणा बॉर्डर पर स्थित यमुना ब्रिज पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने स्थानीय पुलिस-प्रशासन द्वारा शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए की गई व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। एसपी ने यमुना ब्रिज पर ड्रोन उड़वाकर कांवड़ मार्ग की स्थिति का निरीक्षण किया। उन्होंने ड्रोन कैमरे के माध्यम से हरियाणा की ओर स्थित ब्रिज के अंतिम छोर व यमुना बांध के आसपास की स्थिति का जायजा लिया। एसपी ने डड्रूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को यमुना घाट पर निरन्तर गश्त करने व अलर्ट रहने को कहा। उन्होंने ब्रिज पर स्थित पुलिस चौकी के अंदर बनाए गए कंट्रोल रूम में सीसीटीवी कैमरों की स्थिति के बारे में भी जानकारी की। साथ ही, ऑपरेटर को सीसीटीवी कैमरों से चारों ओर निगरानी रखने के निर्देश दिए। एसपी ने लागू किए गए ट्रैफिक डायवर्जन को सख्ती के साथ पालन कराने हेतु निर्देशित किया। एसपी ने केवल सड़क मार्ग का ही नही, बल्कि पानी में की गई व्यवस्थाओं का भी गहनता से जायजा लिया। एसपी लाइफ जैकेट पहनकर शिवभक्तों की सुरक्षा के लिए लगाई गई पीएसी की मोटर बोट में सवार हो गए। इसके पश्चात, उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों एवं पीएसी के जवानों के साथ में यमुना का निरीक्षण किया। एसपी ने यमुना घाट पर शिवभक्तों के सुरक्षित स्नान के लिए कराई गई बैरिकेडिंग का भी जायजा लिया। उन्होंने यमुना घाट पर स्नान करने वाले शिवभक्तों को गहरे पानी में जाने से बचने के लिए निरंतर अनाउसमेंट करते रहने को कहा। एसपी ने डड्रूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को ब्रीफ किया। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा को सकुशल सम्पन्न कराना पुलिस-प्रशासन की पहली प्राथमिकता है। कैराना से हरियाणा, राजस्थान व दिल्ली आदि जगहों के शिवभक्त कांवड़िए होकर गुजरेंगे। ऐसे में यहां से गुजरने वाले कांवड़ियों की सुरक्षा सुनिश्चित करना पुलिस-प्रशासन का उत्तरदायित्व बनता है। एसपी ने कांवड़ मेले में लगे पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी के साथ में अपनी ड्यूटी करने को कहा है। साथ ही, ड्यूटी में लापरवाही मिलने पर सख्त कार्यवाही के लिए भी चेताया है। इस दौरान सीओ श्यामसिंह, कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेन्द्र सिंह, यमुना ब्रिज चौकी प्रभारी एसआई अशोक कुमार आदि मौजूद रहे।



शामली। गोताखोरों की भी की गई है व्यवस्था।

## एक नजर

### राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ़ में 14 को लगेगा रोजगार मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन लखनऊ के निर्देशानुसार विश्व युवा कौशल दिवस पर दो दिवसीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। संस्थान के नोडल प्रधानाचार्य ऋषिपाल सिंह द्वारा बताया गया है, की जनपद शामली के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कैराना, जिला कार्यकम प्रबन्धन इकाई कौशल विकास मिशन शामली एवं जिला सेवायोजन कार्यालय के सयुक्त तत्वाधान से एक वृहद रोजगार मेला राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आई.टी.आई.) लिसाढ, स्थित मेरठ करनाल मार्ग में दिनांक 14.7.2025 को आयोजित किया जाएगा एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान लिसाढ में दिनांक दिनांक 15.7.2025 को विश्व युवा कौशल दिवस के उपलक्ष्य में राजकीय/निजी आई.टी.आई. एवं कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण प्रदाताओं द्वारा कौशल प्रदर्शनी आयोजित की जाएगी।

### स्कूलों में सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीनें लगाई




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा बच्चों, विशेषकर बालिकाओं के स्वास्थ्य और स्वच्छता को लेकर जिले के तीन स्कूलों में निशुल्क सैनिटरी पैड डिस्पेंसर मशीनें लगाई है। रविवार को शहर के वीवी पीजी कॉलेज शामली, जगवती जगबीर गर्ल्स इंटर कॉलेज बुटराड़ा, लाला इंद्रसेन इंटर कॉलेज बाबरी में लायंस क्लब शामली क्राउन द्वारा सैनिट्री पैड डिस्पेंसर मशीने लगाई। बताया कि इस पूरे प्रोजेक्ट का उद्देश्य है कि किशोरियों को मासिक धर्म जैसे संवेदनशील विषय पर जागरूक, सुरक्षित और आत्मनिर्भर बनाया जाए, ताकि वे बिना किसी असहजता के शिक्षा और जीवन में आगे बढ़ सकें। वही दूसरी ओर क्लब द्वारा मालेंडी स्थित गुरु वशिष्ठ पैरामेडिकल हॉस्पिटल में एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ इस सेवा मुहिम को और मजबूती दी गई।

### गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने गए वृद्ध के साथ मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** गांव हिंगोखेड़ी में गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने गए वृद्ध को मारपीट करके घायल कर दिया। पीड़ित वृद्ध के पुत्र ने कोतवाली पुलिस को दो लोगो के खिलाफ मामले की तहरीर दी है। क्षेत्र के गांव हिंगोखेड़ी निवासी ऋतिक ने कोतवाली पुलिस को शिकायती-पत्र दिया है। बताया कि विगत शुक्रवार को शाम करीब साढ़े आठ बजे उसका पिता भोपाल गांव में ही स्थित गोगा म्हाड़ी पर पूजा-पाठ करने के लिए गया था। इसी दौरान वहां पर मौजूद दो लोगो ने उसके पिता के साथ में गाली-गलौच शुरू कर दी। गाली देने का विरोध करने पर आरोपियों ने उसके पिता के साथ में मारपीट करते हुए उसका कुर्ता फाड़ दिया। आरोपियों ने उसके पिता को जान से मारने की भी धमकी दी। आरोपियों के हमले में उसके पिता की छाती व हाथ में गहरी चोट आई है। पीड़ित ने आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही किए जाने की मांग की है। वहीं, पुलिस ने तहरीर लेकर मारपीट में घायल बुजुर्ग का मेडिकल कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### नपा चेयरमैन के खिलाफ 10वें दिन भी धरने पर डटे रहे सभासद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** नपा चेयरमैन के खिलाफ सभासदों का धरना-प्रदर्शन रविवार को 10वें दिन भी जारी रहा। इस दौरान आजाद किसान यूनियन के पदाधिकारियों ने धरनास्थल पर पहुंचकर सभासदों को अपना समर्थन दिया। विगत चार जुलाई से पालिका प्रांगण में नगरपालिका के कुछ निर्वाचित सभासद धरना-प्रदर्शन कर रहे है। धरनारत सभासदों ने पालिका चेयरमैन शमशाद अहमद अंसारी पर तानाशाही, निरंकुशता व विकास कार्यों की अनदेखी समेत अनेकों गम्भीर आरोप लगाए है। रविवार को सभासदों के धरने का 10वां दिन था। इस दौरान आजाद किसान यूनियन के पदाधिकारी नगरपालिका में चल रहे धरनास्थल पर पहुंचे। जहां पर उन्होंने सभासदों के धरना-प्रदर्शन को अपना समर्थन दिया। विदित रहे कि नगरपालिका में भूख हड़ताल पर बैठे पांच में से चार सभासदों की हालत खराब हो चुकी है, जिन्हें उपचार दिलाया गया है।

### जानलेवा हमले का वांछित दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कोतवाली पुलिस ने जानलेवा हमले के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को गिरफ्तार करके जेल भेजा है। आरोपी के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद किया है। विगत 27 अप्रैल को नौशाद निवासी ग्राम मण्डावर ने कोतवाली पर घर में घुसकर, गाली-गलौच व जानलेवा हमला करने के सम्बन्ध में अभियोग पंजीकृत कराया था। एसपी शामली रामसेवक गौतम ने कोतवाली प्रभारी निरीक्षक को आरोपियों की शीघ्र गिरफ्तारी हेतु निर्देशित किया था। रविवार को वांछित आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी हाशिम निवासी ग्राम मण्डावर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से घटना में प्रयुक्त डंडा बरामद हुआ है। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी का चालान कर दिया है।



शामली। उपाध्याय समाज की बैठक में मौजूद पदाधिकारी। छाया शाह टाइम्स

# उपाध्याय समाज को मजबूत बनाने का आह्वान

**शामली।** शहर के मौहल्ला बरखंडी रोड पर उपाध्याय समाज की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें उत्तर प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय, प्रदेश सचिव सतीश उपाध्याय ने समाज को मजबूत करने का निर्णय लिया।

इस दौरान बड़ौत निवासी चंद्रपाल उपाध्याय को समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया है। सुरेश उपाध्याय भिक्की देह को राष्ट्रीय संगठन मंत्री, डॉक्टर मुनेश उपाध्याय बिजनौर को राष्ट्रीय सचिव बनाया। प्रदेश अध्यक्ष रामफल उपाध्याय ने कहा कि नवनियुक्त पदाधिकारी स्वच्छ छवि एवं प्रभावशील व्यक्ति है। इनके आने पर समाज को मजबूती मिलेगी। इस दौरान राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय उपाध्याय, रोहित उपाध्याय, कविता उपाध्याय, सुरेंद्र उपाध्याय, मांगेराम उपाध्याय, धर्मपाल भारद्वाज, सोनिया नागवांन, सतीश उपाध्याय, रामफल उपाध्याय, सोनू कुमार, कविता उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# भारत-तिब्बत सहयोग मंच के 25 वर्ष पूर्ण होने पर मंच के कार्यों को गिनाया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के पदाधिकारियों की एक बैठक ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल में आयोजित की गई, जिसमें भारत तिब्बत सहयोग मंच के 25 वर्ष पूर्ण होने और 26वें वर्ष में चलने पर मंच के कार्यो को गिनाया गया।

रविवार को शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांतिकेयर हॉस्पिटल में भारत तिब्बत सहयोग मंच की एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें पहुंचे प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी, व जिलाध्यक्ष कुशांक चौहान ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। बैठक को संबोधित करते हुए प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी ने कहा कि संगठन का मैन उददेश्य अंतर्राष्ट्रीय मंच पर भारत की सुरक्षा की बात करना है। भारत तिब्बत सहयोग मंच एकमात्र ऐसा संगठन है जो पूरी दुनिया में नेशनल स्तर पर भारत की सीमाओं की सुरक्षा का मुददा उठाता है। कहा कि हमारा संगठन तिब्बत की सुरक्षा की मांग करता है। कहा कि कैलाश मानसरोवर की मुक्ति के लिए लगातार जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होने कहा कि चीन मनमाने तरीके से विभिन्न देशों की भूमियों पर अवैध कब्जा कर रहा है, जिसका पीछे हटाना होगा। इस दौरान भगवान शिव के निवास स्थान कैलाश मानसरोवर चीन के कब्जे से



मुक्त कराने की शपथ भी ग्रहण कराई। इस अवसर पर प्रांत अध्यक्ष डा। संदीप चौधरी, राष्ट्रीय महामंत्री कपिल त्यागी, प्रांत अध्यक्ष युवा विभाग अभिषेक, निशांत, गौरव, अरविन्द आदि मौजूद रहे।

# जीवन में वाणी का बड़ा प्रभाव है: स्वरूपानंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** संध्या सत्संग में प्रवचन करते हुए संत ने सत्संग महिमा वाणी का प्रभाव और सूक्ष्म जगत के ज्ञान के लिए तीसरे और दिव्य चक्षु के बारे में समझाते हुए श्रद्धालुओं को जीवन जीने के तरीकों को समझाया। गीता सत्संग भवन में धार्मिक भक्त समाज के नेतृत्व में चल रहे नियमित संध्याकालीन सत्संग में संत स्वरूपानंद गिरी ने प्रवचन करते हुए श्रद्धालुओं को सत्संग की महिमा बताते हुए कहा कि जीवन में वाणी का बड़ा प्रभाव होता है। .ष्टांत में द्रोपदी का कथन, अंधे का अंधा, को लेकर महाभारत होना बताया। जिसमें कुरुक्षेत्र के मैदान में 18 क्षोणिक सेना का संघार हुआ। संत ने कहा की सदगुरु की कृपा से दिव्य दृष्टि मिलती है।

# नेत्र दान करने वालों का हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** शर्मा नगर में नेत्रदान ज्योति समिति द्वारा पहला सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें 50 नेत्रदान करने वाले परिवारों का सम्मान शील्ड, वस्त्रअंग व सर्टिफिकेट देकर किया। समारोह का उदघाटन मेरठ कैंट विधायक अमित अग्रवाल ने किया। पहला नेत्रदान मनमोहन ढल पूर्व पार्षद की माता पुष्पा देवी ढल का हुआ था । मनमोहन ढल, दीपक ढल, दीनानाथ गुलाटी, सुरेश सेतीया, धर्मपाल अरोड़ा, रमेश ढल व 50 लोगों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में महापौर हरिकांत आहलूवालिया, सरदार देवेन्द्र सिंह सेठी, राजेश दीवान, गुलशन सचदेवा, रचित गुलाटी भीष्मलाल शर्मा, मनमोहन आहुजा, सुरेश अरोड़ा, अजय चन्द्रा पार्षद, अभिनेव अरोड़ा पार्षद, परवीन अरोड़ा पार्षद, अजय गुप्ता, इन्द्र सचदेवा आदि रहे।




# श्रावण मास की तैयारियों को लेकर नगर आयुक्त ने किया शिवालयों का निरीक्षण

eFk|jkA पवित्र श्रावण मास के पावन अवसर पर अधिक संख्या में श्रद्धालुओं की संभावित उपस्थिति को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम मथुरा–वृंदावन द्वारा शिवालयों में विशेष व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। नगर आयुक्त जग प्रवेश द्वारा नगर के प्रमुख मंदिर भूतेश्वर महादेव एवं रंगेश्वर महादेव मंदिर का औचक स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त ने मंदिर परिसरों एवं उससे जुड़े मार्गों की सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, पैच मरम्मत,



प्रकाश व्यवस्था व सुरक्षा प्रबंधन का गहन अवलोकन किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। नगर स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मंदिर परिसर एवं उसके आस–पास की गलियों में उच्च गुणवत्ता की सफाई व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। किसी भी स्थान पर कूड़ा एकत्रित न हो दृ इसके लिए निरंतर कूड़ा उठान की व्यवस्था की जाए तथा अलग से विशेष नए साफ गाड़ी की तैनाती की जाए। निरीक्षण के दौरान सिंचाई विभाग की बाउंड्री वॉल के झुके होने की स्थिति पर संज्ञान लेते हुए अवर अभियंता (निर्माण) मुनिदेव को निर्देश दिए गए कि सिंचाई विभाग को नोटिस जारी कर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित कराई जाए।अवर अभियंता जलकल को निर्देशित किया।

# चौधरी टाइल्स एंड मार्बल्स का किया उद्घाटन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लावड़।** चरथावल विधायक पंकज मलिक ने रविवार को लावड़ कस्बे में दौराला रोड स्थित राष्ट्रीय कन्या इंटर कॉलेज के निकट चौधरी टाइल्स एंड मार्बल्स का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर विधायक पंकज मलिक ने प्रतिष्ठान के संचालकों को बधाई दी और व्यापार में सफलता की कामना की। उन्होंने कहा कि ऐसे नए प्रतिष्ठानों के खुलने से क्षेत्र में आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। चौधरी टाइल्स एंड मार्बल्स के संचालक हाजी नईम कुरैशी ने बताया कि उनकी दुकान पर ग्राहकों को टाइल्स और मार्बल्स की विस्तृत श्रृंखला उचित दामों पर उपलब्ध मिलेगी। उन्होंने क्षेत्र की जनता से प्रतिष्ठान पर आने और सेवाओं का लाभ उठाने का आग्रह किया। इस दौरान विधायक पंकज मलिक के अलावा विनीत भराला, राजकुमार प्रधान, हाजी नईम, हाजी फिरोज, शहजाद सिद्दीकी, हाजी सलीम, मेहकर सैनी, हाजी शकील कुरेशी, सनव्वर प्रधान, हाजी खुर्शीद, हाजी नसरू, कामिल,कई गणमान्य व्यक्ति, स्थानीय व्यापारी मौजूद रहे।

# गापा ने कराया पत्रकारों का पांच लाख का सामूहिक दुर्घटना बीमा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** वैसे तो पत्रकार को लो. कतंत्र का चौथा स्तंभ कहा जाता है परंतु पत्रकार को सरकार के द्वारा जो सुविधा मिलती है वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। दुर्भाग्यवश यदि कभी किसी पत्रकार को इलाज इत्यादि के लिए सरकार से आर्थिक मदद की आवश्यकता पड़ती है तो प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा पहले यह पूछा जाता है कि क्या पत्रकार मान्यता प्राप्त है या नहीं? यदि पत्रकार मान्यता प्राप्त है तो ही उसको आर्थिक मदद मिलने की संभावना है अन्यथा नहीं।

पत्रकारों की इन्हीं समस्याओं को देखते हुए ग्रामीण अंचलीय पत्रकार संगठन ने पत्रकारों से वादा किया था कि वह संगठन से जुड़े प्रत्येक पत्रकार का सामूहिक दुर्घटना बीमा कराएंगे। संगठन ने अपना वादा पूरा किया और रविवार को संगठन से जुड़े लगभग 40 पत्रकारों को 5 लाख की बीमा पालिसी दे दी। बीमा बांड मिलने के बाद पत्रकारों के चेहरे पर खुशी देखी गई। यह कर्यक्रम माल रोड पर स्थित एक कॉलेज में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री शिवकुमार शर्मा ने किया। इस कार्यक्रम में जिला सूचना अधिकारी सुमित कुमार भी मुख्य रूप से मौजूद रहे। इस अवसर पर मुख्य रूप से दयाशंकर वर्क, श्रीकांत अस्थाना, रमेश चौहान, विपिन हरित, रामबाबू दुबे, यशपाल सिंह अशोक सोम, पंकज शर्मा, सुनील शर्मा, कादिर खान, शाहिद अली, अशोक कुमार, हरविंदर सिंह, विपिन कौशिक, राजकुमार सैनी, रामकिशन आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय किसान यूनियन (आजाद) की संगठन विस्तार बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** सरधना में भारतीय किसान यूनियन (आजाद) की संगठन विस्तार बैठक का आयोजन मुकुट महल गेस्ट हाउस में किया गया जिसमें संगठन के विस्तार और किसानों के हितों की रक्षा हेतु महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। हनीफ राणा को राष्ट्रीय संगठन मंत्री नियुक्त किया ओर उनके कार्यकताओं ने भारतीय किसान यूनियन (आजाद) की सदस्यता ली। बैठक की अध्यक्षता राष्ट्रीय महासचिव डॉ. डीके दत्त द्विवेदी ने की ओर संचालन राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी इंजीनियर मैराज राव ने किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी नितिन बालियान ने कहा कि संगठन निरंतर किसान मजदूरों की लड़ाई लड़ते हुए उनके हक अधिकारों को दिलाने का कार्य कर रहा है इसीलिए निरंतर संगठन का कारवां बढ़ रहा है और जल्दी भाकियू आजाद उेच गारंटी कानून ओर गन्ना मूल्य वृद्धि ओर समय पर भुगतान को लेकर बड़ा आंदोलन करने जा रहा है। युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर शादाब चौधरी ने कहा कि हनीफ राणा के अनुभव और नेतृत्व से किसानों की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर और प्रभावी ढंग से उठाने के लिए ओर बल मिलेगा।



# साथियों संग गहवर कुंड नाहते दिल्ली के युवक की मौत

**मथुरा।** दिल्ली के चार युवकों के साथ गहवर कुंड में स्नान करने के दौरान एक 20 वर्षीय युवक की गहरे पानी में डूबने से मौत हो गई। डूबे युवक को ग्रामीणों ने कुंड से निकाला। मृतक के शव को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र को भिजवाया। जहां पुलिस ने मृतक का पंचनामा भर पोस्टमार्टम को भेज दिया। पुलिस ने मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई। रविवार को दिल्ली के राजन ,गोल्डी, मोनू विक्की, नितिन हर्षित के शिवम बरसाना में राधा जी के दर्शन करने आए। जहां गहवर कुंड में सभी साथी स्नान करने लगे। जिसमें शिवम दीक्षित पुत्र बालक दीक्षित उम्र 20 वर्ष निवासी करावल नगर खजुरका दिल्ली कुंड के गहरे पानी मे पैर फिसलने से डूब गया। साथियों ने शोर मचाकर आस पास के ग्रामीण एकत्र हुए। ग्रामीणों ने कुंड में डूबे युवक के शव की तलाश की तो उसमें से शिवम को मृत अवस्था मे बहार निकाला लिया। कुंड में युवक के डूबने की सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को कब्जे लेकर हास्पिटल भिजवाया जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने साथी युवकों से जानकारी लेकर मृतक के परिजनों को सूचना दे दी। युवक की मौत की सूचना पर परिजनों के को. हराम मच गया। पुलिस में शव का पंचनामा भर पीएम को भेज दिया।

# किसानों ने रेलवे एक्सईएन का किया पुतला दहन



**मथुरा।** रविवार को मथुरा ब्लॉक के गांव कोटा मौजा में भारतीय किसान यूनियन सुनील के बैनर तले चल रहे भूमि अधिग्रहण के विरोध में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन 27 वें दिन जारी रहा। किसानों ने कोटा मौजा गांव में मार्च निक. ालकर रेलवे एक्सईएन राघवेंद्र गुप्ता का पुतला दहन किया। किसानों ने राघवेंद्र गुप्ता मुर्दाबाद रेल विभाग मुर्दाबाद जय जवान जय किसान किसानों को मुआवजा दो के नारे लगाए। भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन चतुर्वेदी ने कहा कि रेलवे अधिकारियों की मनमानी के विरोध में किसान 27 दिन से धरना दे रहे हैं, लेकिन अभी तक किसी भी रेलवे के अधिकारी या जिला प्रशासन के अधिकारी ने आकर किसानों की मांगों को नहीं सुना है। किसानों की मांग है कि जब तक मथुरा वृंदावन नगर निगम के हिसाब से किसानों को मुआवजा नहीं मिलेगा तब तक यह आंदोलन चलता रहेगा। कल 14 जुलाई को किसानों का 72 घंटे के अल्टीमेटम का समय पूरा हो जाएगा। अन्याय के विरोध में किसान सड़क पर जाम लगाएंगे। धरना प्रदर्शन स्थल पर भारतीय किसान यूनियन सुनील के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील चौधरी का 50 वां जन्मदिन केक काटकर धूमधाम से मनाया गया अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन को कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश धनगर ने अपनी टीम के साथ धरना स्थल पर पहुंचकर किसानों के आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस मौके पर यूनियन के महानगर अध्यक्ष भरत अग्रवाल, नरोत्तम शर्मा, मानिकचंद शर्मा, ख्याली राम शर्मा, धीरज शर्मा, अनिल शर्मा, सोनू शर्मा आदि मौजूद थे।

# लाडपुर में हुए खूनी संघर्ष के मुख्य आरोपी सहित तीन गिरफ्तार

**मथुरा।** लाडपुर में मेड काटने के विवाद में आमने सामने आए एक ही परिवार के दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हुआ था। नौ जुलाई को हुए इस घटनाक्रम में एक व्यक्ति की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी जबकि मृतक की पत्नी और तीन भाइयों को पीट पीटकर अधमरा कर दिया था। चारों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था।

घटना को अंजाम देने के बाद मुख्य आरोपी फरार हो गया था। पुलिस ने मान सिंह, वीरेंद्र, प्रेम सिंह, सोरन, रामराज, जस्सो, पूनम और हुकुम के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज किया। छाता थाना प्रभारी कमलेश सिंह के अनुसार, बरसाना रोड पर भदावल नहर की पुलिया से सोरन और प्रेम सिंह को गिरफ्तार किया गया था। मुख्य आरोपी वीरेन्द्र को भी गिरफ्तार कर लिया है। उनके पास से तमंचा, कारतूस और लाठी बरामद हुई है। अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।। वीरेन्द्र पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम लाडपुर थाना छाता को रविवार को एस.एल. हॉस्पिटल एण्ड ट्रोमा सेंटर एनएच 19 अजी. जपुर मथुरा के पास से गिरफ्तार किया गया। विधिक कार्यवाही करते हुये न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। नौ जुलाई को ग्राम लाडपुर में अपने खेत पर काम कर रहे पदम सिंह पुत्र इन्दो निवासी ग्राम लाडपुर थाना छाता जनपद मथुरा को विपक्षी वीरेन्द्र पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम लाडपुर थाना छाता जनपद मथुरा उम्र करीब 40 वर्ष आदि ने परिवारीजन के साथ समय करीब 10 बजे गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी । घटना के सम्बन्ध में थाना छाता पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए टीमें गठित की गयी थीं रविवार को नामजद अभियुक्त वीरेन्द्र पुत्र मान सिंह निवासी ग्राम लाडपुर थाना छाता जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया गया।

# होटल मालिक ने अंतयेष्टि में आए ग्रामीण को पीटा

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** थाना क्षेत्र के गांव तिगरी में अंतयेष्टि में शामिल होने आए व्यक्ति को एक होटल संच. ालक ने मारपीट करके घायल कर दिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने होटल संचालक के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार जनपद सम्भल के थाना क्षेत्र नखासा के गांव केशोपुर भण्डी निवासी ब्रह्मपाल सिंह ग्राम पनसुखा अल्लीपुर निवासी मौसेरे भाई अनेक सिंह के बहनोई के निधन होने पर 09 जुलाई को अंतिम संस्कार के लिये तिगरी गांव में बस द्वारा आए थे।

# जिस घर में अंधकार है, वहां रोशनी पहुचाना ही सच्ची ईश्वर सेवा है



**मथुरा।** परम पूज्य संत श्री परमानन्द जी महाराज आज भौतिक रूप में हमारे बीच नहीं हैं, वे गोलोक गमन कर चुके हैं, परंतु उनका सेवा और करुणा का संदेश आज भी जीवित है, और उसी दिव्य प्रेरणा से समाज में उजाला फैलाने का यह प्रयास निरंतर जारी है। अमरीश अग्रवाल, नई दिल्ली, विगत दो वर्षों से कल्याणं करोति, मथुरा के माध्यम से निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का आयोजन करवा रहे हैं। उनके इस प्रयास को 'कल्याणं करोति, मथुरा' द्वारा संचालित 'श्रीजी बाबा नेत्र चिकित्सा संस्थान' और संस्था के महासचिव तथा समर्पित टीम के सदस्यों का सक्रिय सहयोग प्राप्त है, जिसके संयुक्त प्रयास से यह अभियान गरीब, वंचित और वृद्धजनों के जीवन में नई रोशनी लाने का कार्य कर रहा है। यह निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 10 जुलाई को प्रारम्भ हुआ था, जिसका 13 जुलाई को श्रद्धा एवं सेवा भाव के वातावरण में श्रीजी बाबा चिकित्सा संस्थान, गोवर्धन रोड, मथुरा के प्रांगण में सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर अमरीश अग्रवाल, नई दिल्ली ने कहा कि कल्याणं करोति, मथुरा वास्तव में एक समर्पित संस्था है, जो निःस्वार्थ भाव से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक नेत्र चिकित्सा सेवाएँ पहुँचाने का कार्य कर रही है। 'कल्याणं करोति नेत्र चिकित्सा संस्थान' नेत्र चिकित्सा के क्षेत्र में जो उत्कृष्ट सेवाएँ दे रहा है, वह अत्यंत सराहनीय है। यहाँ के डॉक्टर, महासचिव और पूरी टीम जिस सेवा भावना, विनम्रता और मानवता से कार्य कर रही है, वह हम सभी के लिए प्रेरणा है। यह देखकर संतोष होता है कि संस्था द्वारा गाँव–गाँव जाकर भी नेत्र रोगियों की जाँच और ऑपरेशन की व्यवस्था की जा रही है। मैं समझता हूँ कि आज समाज को ऐसी ही संस्थाओं की आवश्यकता है, जो बिना भेदभाव के हर जरूरतमंद तक रोशनी पहुँचाने का काम कर रही हैं। मेरा यह सहयोग तो एक प्रयास भर है, असली कार्य तो कल्याणं करोति नेत्र चिकित्सालय और इसकी समर्पित टीम कर रही है। मैं सभी से अपील करता हूँ कि वे आगे आकर इस सेवा कार्य में सहभागी बनें ताकि हम समाज में अंधकार को दूर कर अधिक से अधिक लोगों की आँखों में रोशनी ला सकें। संस्था के महासचिव सुनील कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में मथुरा सहित आस–पास के क्षेत्रों से आए कुल 396 नेत्र रोगियों का परीक्षण किया गया, जिनमें से 101 रोगियों के निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन संपन्न हुए। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन के दौरान मरीजों को पूरी तरह निःशुल्क सुविधा प्रदान की गई, जिसमें दवा, चश्मा, भोजन, बिस्तर की व्यवस्था शामिल रही। कार्यक्रम का संचालन श्री निरूपम भार्गव ने किया। इस अवसर पर स्पर्श अग्रवाल, दिनेश अग्रवाल, डॉ0 अंजूबा. ला अग्रवाल, डॉ0 मधुवाला गर्ग, कौषल किशोर अदलक्खा, लोकेश मदान, सात्विक उपाध्याय, हिर्देश कुमार शर्मा आदि उपस्थित

# तिगरी गंगा में जलस्तर फिर से दो सौ मीटर गेज के पार

**शाह टाइम्स संवाददाता,**

**गजरौला।** पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते उत्तराखंड से बहकर आ रही गंगा नदी के जलस्तर में काफी वृद्धि देखने को मिल रही है।

पानी की अधिकता होने के कारण लगातार हरिद्वार व बिजनौर स्थित बैराज से पानी डाउन स्ट्रीम में छोड़ा जा रहा है, जिससे की गंगा धाम तिगरी और ब्रजघाट में भी जलस्तर काफी बढ़ गया है। रविवार को तिगरी में 30 सेमी जलस्तर की बड़ी बढ़ोत्तरी मापी गई है। वहीं गंगा का जलस्तर बढ़ने से गंगा तट के समीपवर्ती गांवो के खेतों में भी पानी भर गया है। बता दें कि मानसून सत्र में हर वर्ष ही



गंगा में जलस्तर बढ़ता है और गंगा के समीपस्थ रहने वाले ग्रामीणों को इसका नुकसान भी उठाना पड़ता है। खादर के कई गांव जैसे शीशोवाली, ढ़ाकोवाली, मंदिर वाली भुड्डी, टीकोवाली समेत इधर ब्रजघाट दिशा में ओसीता जगदेवपुर, मौहम्मदाबाद, कासमाबाद, कबीरपुर आदि में भी ग्रामीणों को बाढ़ जैसे हालातों से जूझना पड़ता है। अभी तो मानसून सत्र को कुछ ही दिन बीते हैं कि, उसके बाद भी रविवार को गंगा का जलस्तर तिगरी में 200.10 मीटर गेज मापा गया है, जिसके चलते ही गंगा के समीपस्थ खेतों में बाढ़ का पानी भर गया है। ओसीता जगदेवपुर के जंगल (खेतों) वाले मार्ग पर पानी भर गया है तो वहीं तिगरी में भी बंदे के पास काफी तेज धार के साथ पानी बह रहा है। अंतिम संस्कार करने के लिये भी लोगों को काफी समस्या का सामना करना पड़ रहा है। पुरोहितों व दुकानदारों ने भी अपनी अस्थाई झोपड़ियों को हटाकर पीछे की ओर सूखे स्थान पर कर लिया है। ग्रामीण फसल काटने के लिये भी बहुत ही समझदारी से जा रहे हैं। वहीं रविवार को बिजनौर स्थित बैराज से लगभग 35 हजार 304 क्युसेक पानी डाउन स्ट्रीम (निचली धारा) में छोड़ा गया है, वहीं जलस्तर बढ़ने के कारण बाढ़ खंड विभाग के अधिकारी पूरी तरह से अलर्ट हैं। बाढ़ खंड के जेई सुभाष कुमार ने बताया कि गंगा तिगरी में रविवार को दस सेमी की वृद्धि हुई, हालांकि स्तर खतरे से काफी दूर है, लेकिन फिर भी विभागीय टीमें पूरी तरह से सक्रिय हैं।

# ओवर रेटिंग से शराब बेचते सेल्समैन दबोचा

## सादे कपड़ों में विभाग ने मारा छापा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रहरा।** शराब की ओवर रेटिंग के मामले में आबकारी विभाग ने विक्रेता के खिलाफ कार्रवाई की है।

रहरा क्षेत्र में शराब की ओवर रेटिंग किये जाने की आबकारी विभाग को शिकायत मिल रही थी। शनिवार की रात पौने 10 बजे आबकारी निरीक्षक रामकुमार यादव को रहरा की कंपोजिट दुकान के सामने ओवर रेटिंग की शिकायत मिली। आबकारी निरीक्षण रामकुमार यादव ने जांच के लिए एक व्यक्ति को 500 देकर रॉयल स्टैग का 375 मिली लीटर का अध्धा खरीदने को भेजा। उसके साथ सादे कपड़ों में सिपाही अनिल कुमार यादव भी गये थे। दुकान विक्रेता ने शराब की बोतल 350 की जगह 360 में बेच दी। उसके बाद आबकारी विभाग द्वारा विक्रेता रामकिशोर को मौके पर ही अरेस्ट कर लिया गया। बताया जाता है कि विक्रेता गांव सुतारी कला थाना सैद नगली का रहने वाला है। आबकारी विभाग ने खरीदी गई बोतल को सील कर दिया है। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम का तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश कर दिया गया। आबकारी निरीक्षण रामकुमार यादव ने बताया कि ओवर रेटिंग करने वाले दुकानदार पर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

# भारत को मिला 193 रन का लक्ष्य

### सुंदर ने चार विकेट लिए, बुमराह-सिराज को मिले 2-2 विकेट, जो रूट ने 40 रन बनाए




**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड ने लार्ड्स टेस्ट में भारत को जीत के लिए 193 रन का टारगेट दिया है। इंग्लिश टीम दूसरी पारी में 192 रन पर आलआउट हो गई।

जो रूट ने सबसे ज्यादा 40 रन बनाए। कप्तान बेन स्टोक्स ने 33, हैरी ब्रुक ने 23 और जैक क्राली ने 22 रन की पारियां खेलीं। भारत की ओर से वाशिंगटन सुंदर ने 4 विकेट लिए। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज ने 2-2 विकेट झटके। नीतीश कुमार रेड्डी और आकाश दीप को एक-एक विकेट मिला। रविवार को मैच के चौथे दिन इंग्लिश टीम ने 2/0 के स्कोर से खेलना शुरू किया था। पहली पारी में भारत और इंग्लैंड की टीमें 387-387 के स्कोर पर ऑलआउट हुईं। किसी को बढ़त नहीं मिली। इंग्लैंड की टीम 63वें ओवर में 192 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने ओवर की पहली बाल पर शोएब बशीर को बोल्ड कर दिया। 58वें ओवर में इंग्लैंड ने 9वां विकेट गंवाया। जसप्रीत बुमराह ने क्रिस वोक्स को बोल्ड कर दिया। वोक्स 10 रन बनाकर आउट हुए। बुमराह को दूसरा विकेट मिला है। उन्होंने ब्रायडन कार्स को भी बोल्ड किया। इंग्लैंड ने 56वें ओवर में 8वां विकेट गंवाया।

यहां जसप्रीत बुमराह ने ब्रायडन कार्स को बोल्ड कर दिया। कार्स एक रन ही बना सके। इंग्लैंड की टीम ने 55वें ओवर में दूसरी पारी का 7वां विकेट गंवाया। यहां बेन स्टोक्स 33 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें वाशिंगटन सुंदर ने बोल्ड किया। सुंदर ने टी-ब्रेक से पहले जैमी स्मिथ और जो रूट को भी बोल्ड किया। दिन का दूसरा सेशन भारतीय टीम के नाम रहा।

# गिल ने इंग्लिश ओपनर्स से बहस की

● **आकाशदीप दो बार डीआरएस में बचे, पंत इंग्लैंड सर्वाधिक टेस्ट सिक्स लगाने वाले बल्लेबाज**



**लंदन, वार्ता।** भारत और इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुल. कर ट्राफी का तीसरा टेस्ट लंदन के लाड्र्स स्टेडियम में खेला जा रहा है। मुकाबले के तीसरे दिन ऋषभ पंत ने छक्का लगाकर फिफ्टी पूरी की थी।

वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले टेस्ट प्लेयर बने। पंत लंच सेशन से ठीक पहले रन आउट भी हो गए। वहीं शुभमन गिल इंग्लिश ओपनर्स से बहस करते नजर आए। पंत ने विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा ऋषभ पंत ने लाड्र्स टेस्ट में 2 छक्के लगाए। इसी के साथ वे इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा टेस्ट सिक्स लगाने वाले खिलाड़ी बन गए। पंत ने वेस्टइंडीज के दिग्गज विवियन रिचड्र्स का रिकॉर्ड तोड़ा। जिन्होंने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ 34 छक्के लगाए। पंत 36 सिक्स लगा चुके हैं। पंत ने रोहित के बराबर टेस्ट छक्के लगा दिए ऋषभ पंत भारत के लिए सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के रिकॉर्ड में भी दूसरे नंबर पर पहुंच गए।

उन्होंने पूर्व कप्तान रोहित शर्मा की बराबरी की। दोनों के नाम 88-88 सिक्स हैं। नंबर-1 पर पूर्व ओपनर वीरेंद्र सहवाग हैं, जिनके नाम 90 टेस्ट छक्के हैं। ऋषभ पंत साउथ अफ्रीका, इंग्लैंड, न्यूजीलैंड और आस्ट्रेलिया में एक टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बन गए।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### उंगली की चोट के बाद शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित

**लॉड्र्स, वार्ता।** तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन गेंदबाजी के दौरान चोटिल हुए ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की फिटनेस को लेकर इंग्लैंड चिंतित है। बशीर चौथे दिन के खेल से पहले अभ्यास के दौरान चौथी और पाँचवीं उंगली पर भारी पट्टियां बंधे हुए थे, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि वह बल्लेबाजी के लिए फिट होंगे या नहीं। चौथे दिन सुबह इंग्लैंड की ओर से जारी बयान में कहा गया कि अपनी बाईं उंगली की चोट के बाद, शोएब बशीर पर नजर रखी जा रही है और उम्मीद है कि वह इस टेस्ट की चौथी पारी में गेंदबाजी करेंगे। तीसरी पारी में वह बल्लेबाजी करेंगे या नहीं, इस पर फैसला समय आने पर लिया जाएगा। एमिरेट्स ओल्ड ट्रैफ़र्ड में होने वाले चौथे टेस्ट में उनकी भागीदारी का आकलन मैच के अंत में किया जाएगा।

### ट्रैप मिक्स्ड टीम में 10वें स्थान पर रही भारतीय जोड़ी

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत ने लोनाटो में अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाजी खेल महासंघ (आईएसएसएफ) विश्व कप शॉटगन में अपनी प्रतिस्पर्धा समाप्त कर दी, जब लक्ष्य श्योरण (22,19,25) और नीरू ढांडा (25,24,25) की जोड़ी, तीसरी सीरीज में बेहतरीन प्रदर्शन करने के बावजूद, ट्रैप मिक्स्ड टीम पदक राउंड से चूक गई। उन्होंने क्वालीफाइंग राउंड में संभावित 150 में से 140 अंक बनाए और 54 जोड़ियों में 10वें स्थान पर रहे। जोरावर (21,23,24) व प्रीति (23,24,23) की दूसरी भारतीय जोड़ी ने कुल 138 अंक बनाए और 22वें स्थान पर रही। नीरू ने एक दिन पहले महिलाओं की ट्रैप स्पर्धा में अपने शानदार चौथे स्थान के बाद भी 75 में से केवल एक निशाना चूका।

# मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में आउट हुए ऋषभ पंत: राहुल

● **यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था, निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता**



**लॉड्र्स, वार्ता।** भारतीय सलामी बल्लेबाज केएल राहुल ने कहा कि ऋषभ पंत लंच से पहले मेरा शतक बनवाने की हड़बड़ी में रनआउट हुए।

मैच के बाद राहुल ने मीडिया से बातचीत में कहा कि यह आदर्श स्थिति नहीं है। इससे कुछ ओवर पहले हमारे बीच बातचीत हुई थी, मैंने उन्हें (पंत को) कहा था कि अगर संभव होगा तो मैं लंच से पहले अपना शतक पूरा करूंगा। जैसे ही बशीर लंच से पहले आखिरी ओवर करने आये मुझे लगा कि मेरे पास शतक पूरा करने का अच्छा अवसर है लेकिन दुर्भाग्यवश मैंने सीधा फील्डर की ओर गेंद खेल दिया। उन्होंने कहा कि वो एक ऐसी गेंद थी जिस पर मैं चौका जड़ सकता था। इसके बाद वह इस कोशिश में रहे कि किसी भी तरह से वह मुझे स्ट्राइक पर लेकर आएं ताकि मैं अपना शतक पूरा कर सकूं। लेकिन निश्चित तौर पर ऐसा नहीं होना चाहिए था, अंत में रन आउट ने मोमेंटम को बदल दिया। यह हम दोनों के लिए निराशाजनक था। निश्चित तौर पर कोई इस तरह से अपना विकेट नहीं गंवाना चाहता। उन्होंने कहा कि जाहिर है, थोड़ी निराशा हुई क्योंकि चायकाल से पहले तक हम वाकई अच्छी स्थिति में थे। मैंने और ऋषभ ने लंबी साझेदारी की और फिर हम दोनों जल्दी ही आउट हो गए, वह लंच से ठीक पहले और मैं लंच के ठीक बाद।

# इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ आयुष का शतक

● **अभिज्ञान-राहुल की साझेदारी से भारत यू-19 का स्कोर 450/7, विहान का अर्द्धशतक**

**लंदन, वार्ता।** इंग्लैंड के बेकनहैम में खेले जा रहे पहले यूथ टेस्ट मैच के पहले दिन भारत यू-19 ने इंग्लैंड यू-19 के खिलाफ शानदार बल्लेबाजी करते हुए 450 रन पर 7 विकेट खो दिए।

भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शुरुआत में वैभव सूर्यवंशी केवल 14 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे ने 115 गेंदों में 102 रनों की शानदार शतकीय पारी खेली और विहान मल्होत्रा (67 रन, 99 गेंद) के साथ दूसरे विकेट के लिए 173 रनों की साझेदारी की। आयुष और विहान के आउट होने के बाद, अभिज्ञान कुंडू (90 रन, 95 गेंद) और राहुल कुमार (85 रन, 81 गेंद) ने पांचवें विकेट के लिए 179 रनों की साझेदारी की। दोनों एक ही ओवर के अंदर आउट हो गए। दिन के अंत में आर.एस. अम्ब्रीश (31 रन, नाबाद) ने पहले मोहम्मद एना के साथ 32 रन और फिर हेनिल पटेल (6 रन, नाबाद) के साथ 30 रन जोड़े। इंग्लैंड की ओर से एलेक्स ग्रीन, जैक होम और आर्ची वान ने 2-2 विकेट लिए, जबकि राल्फी एल्बर्ट को 1 सफलता मिली। भारत यू-19 के कप्तान आयुष म्हात्रे ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। वैभव 14 रन बनाकर आउट यूथ वनडे में शानदार परफार्म करने वाले 14 साल के ओपनर वैभव सूर्यवंशी पहले दिन मात्र 14 रन ही बना सके। उन्हें ग्रीन ने आउट किया। वैभव ने ऑफ साइड के बाहर शार्ट ऑफ लेंथ बाल को कट किया। लेकिन अल्बर्ट ने थर्ड मैन पर उनका कैच लपक लिया। भारत का पहला विकेट 17 रन पर गिरा। इसके बाद कप्तान आयुष म्हात्रे और विहान मल्होत्रा ने मिलकर पारी संभाल। दोनों ने दूसरे विकेट के लिए 173 रन की साझेदारी कर डाली। यहां आयुष म्हात्रे को आर्ची वान ने एकांश सिंह के हाथों कैच कराके आउट किया। आयुष ने 14 चौके और 2 सिक्स की मदद से 102 रन बनाए। आयुष ने अपनी पारी में 14 चौके और 2 सिक्स भी लगाए। अभिज्ञान-राहुल ने पांचवें विकेट के लिए 179 रन जोड़े आयुष के आउट होने के बाद विहान भी 67 रन बनाकर पवेलियन लौट गए। उन्हें ग्रीन ने विकेटकीपर रेव के हाथों कैच कराया। इसके बाद बल्लेबाजी करने आए मौल्यराज सिंह चावड़ा को आर्ची वान ने ज्यादा देर टिकने नहीं दिया। वे 11 रन बनाकर आउट हुए। विकेटकीपर अभिज्ञान और राहुल कुमार ने भारतीय पारी को एक बार फिर संभाला और पां. चवें विकेट के लिए 179 रन की साझेदारी कर डाली। अभिज्ञान को होम ने 90 रन के स्कोर पर पवेलियन भेजा दिया। उन्होंने अपनी पारी में 10 चौके और एक सिक्स भी लगाया। राहुल कुमार ने तेजी से बल्लेबाजी की और 81 बाल पर 85 रन बनाकर आउट हुए। राहुल ने अपनी पारी में 14 चौके और एक सिक्स लगाए। लोअर आर्डर बल्लेबाजों के भी रन अभिज्ञान और राहुल के बाद आर एस अम्ब्रीश ने 4 चौकों की मदद से 31 रन बनाए और वे अभी भी खेल रहे हैं। पेस बालर मोहम्मद इनान ने 3 चौके और एक सिक्स लगाकर 23 रन बना दिए। हालांकि अल्बर्ट ने उन्हें स्ठॅ कर दिया। हेनिल पटेल 6 रन बनाकर नाबाद हैं।

### फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल द ग्रेट खली ने बढ़ाई शोभा

**गांधीनगर/नई दिल्ली, वार्ता।** फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल के 31वें संस्करण में आज केन्द्रीय खेल मंत्री डॉ-मनसुख मांडविया ने गुजरात के गांधीनगर में 500 से अधिक प्रतिभागियों के एक समूह का नेतृत्व किया। वहीं दिल्ली में द ग्रेट खली ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। इस सप्ताह सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) के साथ साझेदारी में आयोजित इस अखिल भारतीय साइकिललग अभियान में देश भर के 7000 से अधिक स्थानों पर 'फिटनेस की डोज, आधा घंटा रोज' के संदेश को आगे बढ़ते हुए 3000 नमो फिट इंडिया साइलक्लग क्लबों ने भाग लिया। गांधीनगर में आयोजित कार्यक्रम में डॉ. मांडविया ने कहा कि फिट इंडिया 'संडे ऑन साइकिल' अब एक शक्तिशाली राष्ट्रव्यापी पहल बन गई है, जो कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मिशन को पूरी ताकत से आगे बढ़ा रही है। यह वास्तव में एक ऐसी श्रृंखला बन गई है जो न केवल फिटनेस के बारे में है, बल्कि राष्ट्रीय परिवर्तन के बारे में भी है। आज 7000 से अधिक जगहों पर हमारे युवाओं ने इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लिया है।

# शेफाली वनडे विश्व कप की दौड़ में शामिल हैं: मजूमदार

● **सीरीज में मंधाना के बाद शेफाली सबसे ज्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी बनी**

**बर्मिंघम, वार्ता।** शेफाली वर्मा इस साल होने वाले वनडे वर्ल्ड कप में भारतीय टीम में जगह बनाने की दौड़ में शामिल हैं। पिछले साल टी-20 वर्ल्ड कप में भारत के शुरुआती दौर में ही बाहर होने के बाद शेफाली को भारतीय टीम से बाहर का रास्ता दिखा दिया था।

हालांकि इंग्लैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज के लिए शेफाली की भारतीय दल में वापसी हुई और उन्होंने अंतिम मैच में 41 गेंदों पर 75 रनों की पारी खेलते हुए सीरीज में मंधाना के बाद सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज के रूप में सीरीज का समापन किया। शेफ़ाली ने 158.55 के स्ट्राइक रेट और 35.20 की औसत से कुल 176 रन बनाए जिसमें 20, 3, 47, 31 और 75 रनों की पारी शामिल है। उनके दोनों सबसे बड़े स्कोर उस मैच में आए जिसमें भारत हार गया। द ओवल और एजबस्टन दोनों ही जगह इंग्लैंड ने अंतिम गेंद पर जीत हासिल की। शेफाली द्वारा अपनी टीम को 19 रन पर 2 विकेट से 167 रन पर 7 विकेट तक पहुंचाने में मदद करने के बाद, मेजबान टीम को इंग्लैंड में महिला टी-20 मैचों में जीत हासिल करने के लिए सबसे सफल लक्ष्य का पीछा करना पड़ा।

# मैं अभी और टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं: रहाणे



● **मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपने क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं**

**नई दिल्ली, वार्ता।** 37 वर्षीय अजिंक्य रहाणे ने पिछले दो वर्षों से कोई टेस्ट मैच नहीं खेला है लेकिन उनके अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने की भूख और जुनून अभी बाकी है। उन्होंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से संपर्क करने की कोशिश भी की थी लेकिन उन्हें चयनकर्ताओं की ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

रहाणे इस समय लंदन में हैं और उन्हें स्काई स्पोर्ट्स में नासिर हुसैन और माइकल आथर्टन से बात करते हुए कहा कि मैं अभी भी टेस्ट क्रिकेट खेलना चाहता हूं। मेरे अंदर टेस्ट क्रिकेट खेलने का जुनून बाकी है और इस समय मैं अपनी क्रिकेट का लुत्फ उठा रहा हूं। मैं यहां सिर्फ कुछ दिनों के लिए आया हूं और अपने ट्रेनिंग के कपड़े भी साथ लाया हूं ताकि मैं खुद को फिट रख सकूं। हमारा घरेलू सीजन शुरू होने वाला है इसलिए तैयारी अभी शुरू ही हुई है। जब रहाणे से पूछा गया कि विरोट कोहली और रो. हित शर्मा सरीखे सीनियर खिलाड़ियों के संन्यास के बाद भारतीय टीम युवा खिलाड़ियों पर ध्यान केंद्रित कर रही है ऐसे में उनके सामने टेस्ट में वापसी करने के लिए कैसी चुनौतियां हैं तो उन्होंने कहा कि उनका ध्यान सिर्फ उन चीजों पर है जिन पर उनका नियंत्रण है। नए कप्तान शुभमन गिल ने कोहली की जगह चौथे नंबर पर ले ली है, जबकि उप-कप्तान ऋषभ पंत पांचवें नंबर पर आ गए हैं।

पुराने खिलाड़ियों में से, के एल राहुल ही एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जो अभी भी चयनकर्ताओं की योजनाओं में मजबूती से शामिल हैं। कड़ी प्रतिस्पर्धा के बावजूद, रहाणे बेफिक्र हैं और घरेलू क्रिकेट के प्रति अपने समर्पण के जरिए वापसी की कोशिश कर रहे हैं। टेस्ट टीम से बाहर होने के बाद से, रहाणे ने लगातार दो रणजी ट्रॉफ़ी सीजन में मुंबई का नेतृत्व किया है, जिसमें टीम ने 2023-24 में अपना 42वां खिताब जीता, जबकि 2024-25 में उपविजेता रही। वह सैयद मुश्ताक अली (टी-20) खिताब जीतने वाली मुंबई टीम का भी हिस्सा थे। रहाणे ने 2024-25 के रणजी सीज़न में 14 पारियों में 35-92 की औसत से एक अर्द्धशतक और एक शतक सहित 467 रन बनाए। वह निराशाजनक आईपीएल 2025 के दौरान कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी थे, जहां उनकी टीम 10 टीमों में से आठवें स्थान पर रही। रहाणे ने 14 पारियों में 147-27 के स्ट्राइक रेट से 390 रन बनाए। रहाणे ने कहा कि मैं सिर्फ उन्हीं चीजों पर ध्यान केंद्रित करना चाहता हूं जो मेरे नियंत्रण में हैं। सच कहूं तो मैंने इस संबंध में चयनकर्ताओं से बात करने की कोशिश भी की लेकिन बतौर खिलाड़ी ऐसी चीज़ें मेरे नियंत्रण में नहीं होती। मुझे कोई जवाब नहीं मिला। एक क्रिकेटर के तौर पर मैं बस इतना ही कर सकता हूं कि मैं क्रिकेट खेलूं, खेल का आनंद लूं और हर मौके पर अपना सर्वश्रेष्ठ देने की कोशिश करूं।

● **ग्रेट खली ने बेटियों को समर्थन देने की अपील की**

# लोगों को अपनी सोच बदलने की जरूरत: दलीप सिंह राणा

● **हम बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं की बात करते है तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती है**

**नई दिल्ली, वार्ता।** रेसलर और बीजेपी नेता दलीप सिंह राणा, जिन्हें द ग्रेट खली के नाम से जाना जाता है। उन्होंने फिटनेस और बेटियों के सशक्तिकरण को जरूरी बताया। रविवार को खली फिट इंडिया संडे आन साइकिल' इवेंट में शामिल हुए। खली ने कहा, यहां आकर गर्व महसूस हो रहा है। मैं युवाओं को साइकिल चलाते देख रहा हूं, जो हमारे प्रधानमंत्री के फिट इंडिया सपने को साकार कर रहा है। भारत तभी विश्वगुरु बन सकता है जब हमारे लोग फिट हों। सभी को दिन में कम से कम एक घंटा अपनी फिटनेस को देना चाहिए। कार्यक्रम में खली उस समय भावुक हो गए जब उन्होंने 25 साल की राधिका यादव की हत्या पर बात की। उन्होंने कहा, यह बहुत दुखद घटना है कि एक पिता ने अपनी ही बेटी की हत्या कर दी। जब हम 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' की बात करते हैं तो ऐसी घटनाएं उस सोच को झटका देती हैं। खली ने कहा कि भारत तब तक विश्वगुरु नहीं बन सकता जब तक बेटियों को समर्थन नहीं मिलेगा। मेरी खुद की एक बेटी है। बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। यह केवल सोच की बात है जिसे कुछ लोगों को अभी भी बदलने की जरूरत है। हमें बेटियों का साथ देना चाहिए और उन्हें खेलों के लिए प्रेरित करना चाहिए। 25 साल की टेनिस खिलाड़ी राधिका यादव की गुरुग्राम के सेक्टर 57 में उसके पिता दीपक यादव ने गोली मारकर हत्या कर दी। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच राधिका की टेनिस अकादमी को लेकर विवाद हुआ था। राधिका के शरीर पर कई गोली के निशान मिले। 11 जुलाई को गुरुग्राम में पोस्टमार्टम के बाद उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस एक म्यूजिक वीडियो की भी जांच कर रही है।

# रोमांचक मुकाबले में आखिरी गेंद पर हारी टीम इंडिया

● **भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली, श्रीचरणी को प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया**




**बर्मिंघम, वार्ता।** शार्लेट डीन (तीन विकेट), सोफी एकल्सटन (दो) विकेट की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद सोफिया डंकली (46) और डेनिएल वायट (56) रनों की शानदार पारी की बदौलत इंग्लैंड की महिला टीम ने पांचवें टी-20 मुकाबले में भारत को पांच विकेट से हरा दिया। हालांकि भारत ने 3-2 से सीरीज अपने नाम कर ली। भारतीय महिला टीम ने पहली बार इंग्लैंड जाकर कोई टी-20 सीरीज जीती है।

168 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड के लिए सोफिया डंकली और डेनिएल वायट की सलामी जोड़ी ने शतकीय साझेदारी कर टीम के जीत की नींव रखी। 11वें ओवर में राधा यादव ने सोफिया डंकली 30 गेंदों में (46) को बोल्ड कर पवेलियन भेज दिया। अगले ही ओवर में दीप्ति शर्मा ने डेनिएल वायट 37 गेंदों में (56) को आउटकर भारत की उम्मीदों को जगाया। इसके बाद 16वें ओवर में दीप्ति ने माया बाउचियर (16) को आउट कर इंग्लैंड को तीसरा झटका दिया। अरुंधति रेड्डी ने 20 ओवर में कप्तान टैमी बोमॉन्ट 20 गेंदों में (30) और एमी जोंस (10) को आउटकर मैच को रोमांचक बना दिया। इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने आखिरी दो गेंदों पर दो सिंगल्स लेकर स्कोर 168 कर अपनी टीम को रोमांचक जीत दिला दी। राधा यादव और आखिरी ओवर में उनका वह कैच बार-बार याद किया जाएगा क्योंकि उन्होंने दबाव में बेहतरीन प्रदर्शन किया। हालांकि भारतीय टीम यह सीरीज 3-2 से जीत ली। मैच में तीन महत्वपूर्ण विकेट लेने वाली शार्लेट डीन को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 10 विकेट लेने वाली श्री चारणी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज से नवाजा गया। भारत की ओर से अरुंधति रेड्डी और दीप्ति ने दो-दो विकेट लिए। राधा यादव ने एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले आज यहां इंग्लैंड की महिला टॉस जीतकर भारतीय टीम को पहले बल्लेबाजी का न्यौता दिया। बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम ने शेफ़ाली वर्मा (75) और ऋचा(24) की शानदार पारियों के दम पर निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 167 रनों का स्कोर खड़ा किया।

# सम्पादकीय

**सोमवार, 14 जुलाई 2025**

## दुनिया में बढ़ती अशांति

दुनिया के हालात इस समय बेहद डरावने हैं। रूस-यूक्रेन, इजरायल-हमास के बीच युद्ध रुकने का नाम नहीं ले रहा है। ईरान के साथ इजरायल का 12 दिन का युद्ध हो चुका है, लेकिन यह कभी भी भड़क सकता है। शांति की आवाजें बेहद कमजोर दिखाई दे रही हैं। इस बीच खबरें आ रही हैं कि चीन ताईवान पर हमला कर सकता है। उत्तर कोरिया के आसपास भी अमेरिका के नेतृत्व में जापान और द. कोरिया सैन्य जमावड़ा कर रहे हैं। इस पर रूस ने सीधे धमकी भी दी है और कहा है कि उ. कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाया जाए। रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया को सीधी चेतावनी दी है। रूस के विदेश मंत्री सरगेई लावरोव इस समय उ. कोरिया के तीन दिवसीय दौरे पर हैं।

वहीं से उन्होंने चेतावनी दी है। जैसाकि हम जानते हैं कि उ. कोरिया रूस को यूक्रेन के साथ युद्ध में हर संभव सहायता दे रहा है। जहां तक कि अपने सैनिक भी। 11 हजार सैनिक लड़ने के लिए पहले ही रूस भेज चुका है और बताया जा रहा है कि 25 से 30 हजार सैनिक और भेजने की तैयारी चल रही है। यूक्रेनी खुफिया एजेंसी का दावा है कि उ. कोरिया और रूस की रणनीतिक मुद्दों पर एकजैसी सोच है। ऐसा भी कहा जाता है कि रूस और उ. कोरिया के बीच एक डील हो चुकी है। इस डील में कहा गया है कि उ. कोरिया या फिर रूस पर हमला किया तो उसे दोनों देशों पर हमला माना जाएगा। ऐसे में दोनों देश मिलकर लड़ेंगे। उधर, अमेरिका ने आस्ट्रेलिया और जापान से बात की है।

इस बातचीत में उनसे पूछा गया है कि अगर चीन पर हमला किया, तो कौन साथ देगा। एक अखबार में छपी रिपोर्ट में अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने नीति उपसचिव एलब्रिज कालबी के हवाले से कहा गया है कि अमेरिकी राष्ट्रपति की अमेरिका फर्स्ट नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से बात हुई है। इस बातचीत में उन्होंने जापान और आस्ट्रेलिया से अपनी सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए कहा है। हालांकि आस्ट्रेलिया ने साफ किया कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताईवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया रक्षा मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे काल्पनिक हालातों पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं जापान की ओर से भी अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। चीन-ताईवान के बीच झगड़ा दशकों पुराना है। 1949 में ताईवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था। इसी के चलते दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी है और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनी तिक चिंता का विषय बन गया है। इन तमाम बातों से साफ हो जाता है कि कई देशों के बीच युद्ध जारी है और यह थमने का नाम नहीं ले रहा। इनके अतिरिक्त और अन्य देशों में भी संघर्ष छिड़ने के हालात पैदा हो रहे हैं। जाहिर है कि पूरी दुनिया के लिए स्थिति ठीक नहीं है। सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि जिन बड़े देशों पर विश्व में शांति स्थापित करने की जिम्मेदारी है वही युद्धों में उलझे हुए दिखाई दे रहे हैं।

## भाषाई आधार पर होने वाली हिंसा घातक



देश में भाषा विवाद को लेकर हो रही हिंसा घातक है, केंद्र सरकार को इस पर संज्ञान लेकर लोगों के जान माल की सुरक्षा करनी चाहिए, ऐसा तब होता है जब धर्म, क्षेत्र, जाति और भाषा आदि की संकीर्ण राजनीति लोगों की देशभक्ति व उनके देश प्रेम पर हावी होने लगती है, देश के विभिन्न राज्यों में पुल व एक्सप्रेस वे में बढ़ रही दुर्घटनाओं व उनके जानमाल की क्षति को रोकने के लिए सरकारों को आगे आना चाहिए, इससे जनता का विश्वास डगमगाता है, सरकारों को जनता की मुश्किलें कम करने के लिए महंगाई और बेरोजगारी कम करने और उनका जीवन आसान बनाने के लिए शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में भी काम करना चाहिए।

**-सुश्री मायावती, अध्यक्ष, बहुजन समाज पार्टी**

# फलक को छूने की ख्वाहिश वेव्स ओटीटी



**प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है।**



**पवन सिंह**

**फलक को छूने की ख्वाहिश हजार दिल में लिए कि सरगिरां है हमारी उड़ान भी हम भी...**

नबील अहमद नबील साहेब का यह शेर है जो दूरदर्शन की नई अंगड़ाईयों पर मौजू है। दूरदर्शन अब अपनी परंपरागत छवि को बरकरार रखते हुए एक नई लड़ाई के लिए मैदान में उतर चुका है। दूरदर्शन जिस तरह के विविधतापूर्ण कंटेंट्स को लेकर वेव्स के जरिए इंटरटेनमेंट के विशालकाय समर में उतरा है। उसने तमाम ओटीटी प्लेटफार्मों में खलबली मचा दी है।

वेव्स ओटीटी ने बेहतरीन कंटेंट्स के साथ मनोरंजन के क्षेत्र में एक ऐसी प्रतिस्पर्धा का बिगुल फूंक दिया है कि आने वाले एक साल के भीतर अन्य ओटीटी प्लेटफार्मों को भी यह सोचना पड़ेगा कि केवल गालियां, हिंसा, बलात्कार, सेक्स ही ओटीटी का मूल विषय नहीं हो सकता, बल्कि तमाम ऐसे सब्जेक्ट हैं जिन्हें न तो छिपकर देखने की जरूरत है और न कान में लीड लगाकर।

बदलाव की इस आहट से दिल्ली में मंडी हाउस के आसपास फैला सन्नाटा अब टूटने लगा है। एक बार फिर से मंडी हाउस के बाहर निर्माता-निर्देशकों और कलाकारों की आवा-जाही शुरू हो गई है। मंडी हाउस एक बार फिर से 1984 और 1996 के उस वक्त की याद दिलाने लगा है जब यहां पैर रखने की जगह नहीं हुआ करती थी। धारावाहिक हम लोग जो कि 7 जुलाई, 1984 को और बुनियाद जो कि 1986 में प्रसारित हुए थे, ने मंडी हाउस को स्टोरी राइटरों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिहाज से किसी धार्मिक स्थल के रूप में बदल दिया था।

प्रादेशिक स्तर पर एक नया प्लेटफॉर्म खुला और नीम का पेड़, बीबी नातियों वाली जैसे धारावाहिकों ने कंटेंट के लिहाज से एक अलग ही लड़ाई शुरू कर दी थी। वह दौर क्या एक बार फिर लौटेगा और फिर से वही दौर लौटने की आहट ने मंडी हाउस के आसपास के कई थिएटरों-कमानी ऑडिटोरियम, एलटीजी ऑडिटोरियम, राम सेंटर फॉर परफॉर्मिंग आर्ट्स, त्रिवेणी कला संगम में भी थिरकन पैदा कर दी है, क्योंकि वेव्स ने सैकड़ों कलाकारों को उम्मीदों से भर दिया है। वह ऐसे नए कंटेंट्स की तलाश में लग गया है जिसे परिवार के साथ भी बैठ कर देखा जा सकता है। दरकते और दहकते हुए सामाजिक ढांचे को फिर से मजबूत करने की दशा व दिशा के साथ वेव्स ओटीटी की एक नई परिभाषा गढ़ना चाहता है। वेव्स भी मोहब्बत की कहानियां ओटीटी पर उतारना चाहता है, लेकिन नजाकत और नफासत के साथ। वेव्स ओटीटी की पहचान बन चुके गालियों और सेक्स व अश्लीलता से बजबजाए हुए आइटम सॉन्ग से इतर नए कंटेंट लेकर आ रहा है। कुछ अतीत कुछ वर्तमान और कुछ भविष्य के कथानकों को समेटकर वेब्स ओटीटी, यह मानक गढ़ना चाहता है कि चोली के पीछे क्या है से इतर कुछ ऐसा गढ़ा-बुना-रचा जाए जो बेटा अपने पिता के साथ और दादा, पोते के साथ देख सके।

इसके अलावा वेव्स ओटीटी प्लेटफार्म की सबसे बड़ी ताकत है मुफ्त में मनोरंजन प्रदान करना, जिसमें फिल्में, वेब सीरीज, टीवी शो और लाइव टीवी चैनल सब कुछ शामिल है। भारत में करीब 57 ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं। भारत में डिज्नी प्लस हॉटस्टार, अमेजन प्राइम वीडियो, नेटफ्लिक्स, ऑल्ट बालाजी, जियो सिनेमा, जी-5, सोनी लिव जैसे कई पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म हैं और इन सभी प्लेटफॉर्म्स के अलग-अलग प्लान्स हैं, जबकि वेव्स ओटीटी का कोई प्लान नहीं है, वह मुफ्त है। ये सारे प्लेटफार्म जहां बोल्ड कंटेंट्स के साथ-साथ, अपराध और भ्रष्टाचार पर जबर्दस्त हमलावर हैं और युवाओं के बीच इसीलिए जगह बना चुके हैं ऐसे में वेव्स ओटीटी इस लड़ाई को कैसे लड़ेगा, यह देखने की बात होगी।

मुंबई के एक प्रसिद्ध धारावाहिक निर्माता-निर्देशक का कहना है वेव्स के पास खुला आसमान है। वो आसानी से महिलाओं, अधेड़ उम्र व बुजुर्ग दर्शकों को अपने कंटेंट के साथ जोड़ सकता है। उसे मेहनत करनी है युवाओं को जोड़ने की। इसके लिए बेहतर होगा कि व्यवस्था पर हास्य-व्यंग्य के जरिए हमलावर हों। जैसे फिर से आफिस-आफिस जैसा धारावाहिक नए रूप में लिया गया है। दूरदर्शन ने अपने दौर में तमाम ऐसे कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों को मौका दिया जो आगे चलकर फिल्म इंडस्ट्रीज में छा गए। कुछ नाम मुझे याद आते हैं म्यूजिक-मस्ती और धूम के जरिए नोमान मलिक ने अन्नू कपूर को मौका दिया। सागर सरहदी ने 1977 में यह इश्क नहीं आसां बनाया और फिर फिल्में कभी कभी, सिल. सिला, चांदनी, बाजार, दीवाना, कहो ना प्यार है, जैसी फिल्मों की पटकथा लिखी और बाजार फिल्म का निर्देशन भी किया। फौजी धारावाहिक से शाहरुख खान और कच्ची धूप से भाग्य- का भाग्योदय हुआ। रामानंद सागर, अरुण गोविल, दीपिका चिखलिया, सुनील लाहिरी, बाल कलाकार मयूरेश क्षत्रपति, सुधीर दलवी, और विजयकान्त की पहचान दूरदर्शन से बनी। इसके अलावा मोहन गोखले मिस्टर योगी और भारत एक खोज जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। जसपाल भट्टी फ्लॉप शो जैसे धारावाहिकों के माध्यम से हास्य कलाकार के रूप में प्रसिद्ध हुए। पंकज कपूर कर्मचक्र और ऑफिस ऑफिस जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। शबाना आजमी कथा सागर और अधूरा आदमी जैसे धारावाहिकों में अभिनय किया। कहानीकारों, कलाकारों, निर्माता-निर्देशकों के लिए वेव्स अब एक नई उम्मीद लेकर आया है। सूत्रों के अनुसार वेव्स अब मेगा धारावाहिक लेकर आ रहा है जिसमें फिल्मी दुनियां के बड़े चेहरे शामिल हो रहे हैं, जो एक उम्मीद जगाते हैं कि वेव्स ओटीटी, ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपनी एक बड़ी पहचान बनाने की दिशा में कदम बढ़ा चुका है। फहीम जोगापुरी साहेब का एक शेर है-

'वाकिफ कहां जमाना हमारी उड़ान से
वो और थे जो हार गए आसमान से'

# प्रकृति संरक्षण के लिए चाहिए पुरुषार्थ

जल स्रोतों को पुनर्जीवित कर तथा 2025 में 37 करोड़ पौधे लगाकर उत्तर प्रदेश सरकार पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रयासरत है। इस नीति का अनुपालन करते हुए रामपुर जनपद के जिलाधिकारी जोगिंदर सिंह और पुलिस अधीक्षक विद्यासागर मिश्र भी जमीनी स्तर पर उतरकर कार्य करने में संलग्न है। जल स्त्रोतों के संरक्षण हेतु मिलक क्षेत्र में गंगापुर कदीम से निस्बी तक प्रवाहित होने वाली 51 किमी की नाहल नदी,स्वार क्षेत्र की ऊधम. सिंहनगर से स्वार होते हुए बिलासपुर के घूंघा नदी में मिलने वाली नईया नदी, शाहबाद क्षेत्र में मुरादाबाद -संभल होकर शाहबाद में प्रवाहित होकर बदायूं तक जाने वाली अरिल नदी के साथ चमरौआ क्षेत्र की नील और रेवती नदियों को पुनर्जीवित करने में आपका प्रयास सराहनीय है। मिलक के पजावा में 1400 मीटर लंबी 85,000 वर्ग मीटर में फैली झील को अतिक्रमण मुक्त कराकर पुनर्जीवित करने का भी कार्य किया गया है जो जल संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।



**डा. चंद्रप्रकाश शर्मा**

प्रकृति हमें देती है जीवन, अपनापन हम भी अपनाएं। विलुप्त हो रहे जलस्त्रोतों को, फिर जीवित कर पुण्य कमाएं। एक वृक्ष प्रति वर्ष लगाकर, पर्यावरण को स्वस्थ बनाएं। संरक्षित हो प्रकृति हमारी, मन में ऐसे भाव जगाएं। सभी कष्ट से मिलेगी मुक्ति, प्रकृति- प्रेम को हम अपनाएं। मेरी स्वरचित यह पंक्तियां प्रकृति संरक्षण का अक्षरशः सार्थक संदेश देती है क्योंकि प्रकृति के प्रति आत्मीयता का भाव हमारी संस्कृति है।

आत्मीय भाव के कारण ही हमने पृथ्वी को मां कहकर पुकारा-माता भूमि, पुत्रोहम् पृथिव्या अर्थात भूमि मेरी मां है और मैं उसका पुत्र हूं। नदियों को मां, पहाड़ों को देवता और पेड़-पौधों को पूज्य मानकर उनकी पूजा की क्योंकि हम योग संस्कृति के उपासक हैं। योग संस्कृति आत्मवत् सर्वभूतेषु की भावना में विश्वास करती है जिससे सर्वे भवन्तु सुखिनः का उद्घोष प्रस्फुटित होता है। योग संस्कृति में आत्मीयता का भाव है और यह सभी के संरक्षण में विश्वास करती है और संतुलन और समन्वय पर बल देने के साथ ही परमार्थवादी है, इसलिए हम प्रकृति से उतना ही लेते हैं जितनी हमारी आवश्यकता होती है किन्तु आज हम पाश्चात्य भोगवादी संस्कृति का अनुगमन कर रहे हैं जिसमें स्वार्थपरता और अर्थ का विशेष महत्व है। यह सुविधाभोगी संस्कृति है जो शोषण, दोहन व अत्याचार पर आधारित हैं। फलतः हमने स्वार्थपरता की भावना और धन की अत्यधिक लालसा के कारण पेड़-पौधों के अंधाधुंध कटान के साथ भूमि, नदियों और पहाड़ों की मिट्टी, रेत, बजरी, खनिज और पत्थरों की प्राप्ति हेतु अतिशय उत्खनन कर रहे हैं जिसके कारण प्रकृति कुपित होकर अनेक प्राकृतिक आपदाओं को जन्म दे रही है और मानव-समाज त्राहिमाम-त्राहिमाम कर रहा है किन्तु यह सोचने का कष्ट नहीं कर रहा है कि प्राकृतिक आपदाएं हमारे दुष्कर्मों का परिणाम है। प्रकृति भी मानव की तरह संवेदनशील है और आप जैसा उसके साथ व्यवहार करेंगे, वैसा ही प्रत्युत्तर आपको प्राप्त होगा। प्रकृति के पंच महाभूत-धरती,जल, वायु, अग्नि,आकाश से हमारे शरीर का निर्माण हुआ है। प्रकृति के साथ हमारा संवेदनशील, संतुलित व समन्वयकारी व्यवहार ही प्रकृतिक आपदाओं से हमारी रक्षा कर सकता है, किन्तु प्रकृति के प्रति हमारा असंवेदनशील और असंतुलित व्यवहार प्राकृतिक आपदाओं और गम्भीर बीमारियों के आमंत्रण का कारण है। हमारी स्थिति उस व्यक्ति की है जो जिस डाल पर बैठा हैं, उसे ही काटकर मृत्युजन्य परिस्थितियों को आमंत्रण दे रहा हैं। प्रकृति संरक्षण हेतु शासन, प्रशासन और जनता तीनों को मिलकर काम करना होगा। केवल शासन-प्रशासन के भरोसे हाथ पर हाथ रखकर बैठने से काम नहीं चलेगा, क्योंकि शासन की नीतियों और कार्यक्रमों को प्रशासन अमलीजामा पहनाने हेतु कृत संकल्पित है किन्तु उसमें जनता जनार्दन की सक्रिय भागीदारी नितांत आवश्यक है क्योंकि यह सब उसी के लिए ही किया जा रहा है। आज जब मैं प्राकृतिक दृष्टि से जनपद रामपुर के अपने कस्बे मिलक को देखता हूं तो महसूस करता हूं कि आज से 40 वर्ष पहले हमारे आसपास 5-6 बड़े तालाब, कई कुएं और कल-कल बहती नाहल नदी थी और जब हम 1970-72 में इण्टर कालेज में पढ़ने मीरगंज जाते थे तो वृक्ष- आच्छादित नेशनल हाईवे था जो हरियाली, छाया देने के साथ अनेक पशु-पक्षियों का आश्रय स्थल था किन्तु विकास की अंधी दौड़ में तालाब, नदियां, कुएं मानव कुचेष्टाओं के कारण अतिक्रमण के शिकार हो गए और विकास हेतु वृक्षों का तेजी से कटान हो गया। उसी का परिणाम है कि आज क्षेत्र के भू-जल स्तर में तेजी से गिरावट देखी जा रही है और भविष्य में स्वच्छ जल की किल्लत पैदा हो सकती है। आज हम बोतल का पानी पीने को विवश हैं और वह दिन दूर नहीं है कि हमारी आने वाली संतति इंजेक्शन या कैप्सूल के माध्यम से पीने के पानी की पूर्ति करें या अंतरिक्ष यात्रियों की भांति अपनी पेशाब और अपने पसीने को पुनः चक्रण कर जल पीने को मजबूर हो।

पर्यावरण संरक्षण के लिए प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण के साथ-साथ प्रकृति को हानि पहुंचाने वाले प्रभावों अर्थात प्रदूषण को कम करना आवश्यकता है।इस हेतु हमें अपने पारितंत्र के जैविक घटक-पौधे, पशु-पक्षी और सूक्ष्म जीव के साथ अजैविक घटक-मिट्टी, पानी और जलवायु के संरक्षण पर विशेष ध्यान देना होगा। वन, तालाब, झील, समुद्र आदि पारितंत्र के अनुपम उदाहरण हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# अमेरिकी साम्राज्य के प्रबल विरोध का प्रतीक हैं खामेनेई





**तनवीर जाफरी**

पिछले दिनों खासतौर पर मुहर्रम सम्बन्धी आयोजनों के दौरान भारत सहित दुनिया के और भी कई देशों में 86 वर्षीय ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर लगाए गए। भारत में इस तरह के पोस्टर प्रायः नगर से लेकर लखनऊ, उन्नाव, बिजनौर, भोपाल व इंदौर जैसे और भी कई शहरों में लगाए गए। इनमें कई जगह तो पुलिस ने इन पोस्टर्स को उतरवा दिया और कई जगहों पर पुलिस ने पोस्टर लगाने वालों को ही समझा बुझा कर इन्हें सार्वजनिक स्थानों से हटाने हेतु प्रेरित किया।

भोपाल व अन्य कई जगहों पर तो आयतुल्लाह खामनेई के चित्र के साथ ही भारतीय तिरंगा भी लगाया गया था। बिजनौर में कुछ युवकों द्वारा आयतुल्लाह का पोस्टर फाड़ने की घटना के अतिरिक्त देश की आम जनता की ओर से इन चित्रों को लेकर कोई आपत्ति नहीं सुनाई दी। यहां तक कि अनेक जगहों पर शिया सुन्नी हिन्दू व सिख सभी समुदायों के लोग आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई के पोस्टर हाथों में लिए देखे गए। परन्तु मध्य प्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष ने जरूर आयतुल्लाह का पोस्टर लगाने को देश विरोधी व राष्ट्रविरोधी बता डाला।

दरअसल ईरानी सुप्रीम लीडर व धार्मिक विद्वान आयतुल्लाह सैयद अली खामनेई पिछले दिनों ईरान, इजरायल के मध्य हुए 12-दिवसीय युद्ध के दौरान अमेरिकी साम्राज्यवाद का मुंह तोड़ जवाब देने की हिम्मत व क्षमता रखने वाले विश्व के इकलौते नेता के रूप में स्थापित हुए हैं। इस युद्ध में इजरायल में लगभग 585 लोग मारे गए और 1,326 घायल हुए, जबकि ईरान में करीब 230 लोग मारे गए जिनमें अधिकांश आम नागरिक थे। युद्ध के नौवें दिन अमेरिका भी इस्राईल के समर्थन में युद्ध में कूदा और उसने ऑपरेशन मिडनाइट हैमरष्के तहत ईरान के तीन परमाणु ठिकानों पर हमले किए। इसके जवाब में ईरान ने भी कतर में अमेरिका के अल-उदीद सैन्य अड्डे पर 6 मिसाइलें दागी। साथ ही यह धमकी भी दे डाली कि वह होर्मुज जलडमरू समुद्री मार्ग को बंद कर देगा। यह संक्षिप्त युद्ध कोई मामूली युद्ध नहीं था बल्कि यह मध्य पूर्व की भू-राजनीति में एक ऐसी महत्वपूर्ण घटना थी, जिसने निश्चित रूप से क्षेत्रीय और वैश्विक शक्ति संतुलन को प्रभावित कर दिया है।

बेशक भारत जैसे कई देशों ने इस युद्ध के दौरान अपना रुख तटस्थ बनाए रखा परन्तु भारत में अमेरिकी साम्राज्यवाद व इस्राईली आतंक का विरोध करने वाला एक बड़ा वर्ग भावनात्मक रूप से ईरान व उसके बुलंद हौसलों के साथ जुड़ा हुआ था। ईरान द्वारा इस्राईल व अमेरिका से टकराने की सराहना इसलिए भी की जा रही है क्योंकि मुस्लिम जगत के 56 देशों के असहयोग व अनेक मुस्लिम देशों के अमेरिका व इस्राईल के समर्थन में खड़े होने के बावजूद ईरान ने इस्राईल व अमे. रिका की किसी धमकी व हमलों की कोई परवाह किए बिना इनके हर हमलों का जवाब उसी तीव्रता से दिया।

ऐसे में अमेरिका व इस्राईल विरोधी भावना रखने वालों का ईरान के पक्ष में खड़े होना स्वाभाविक है। वैसे भी भारत से ईरान के पुराने और गहरे सम्बन्ध रहे हैं। रहा सवाल आयतुल्लाह खामेनेई के चित्र को विदेशी नेता का चित्र बताकर इसका विरोध करना, तो यह तो केवल प्रेरणा हेतु व उनके समर्थन में पोस्टर मात्र लगाए गए थे। वह भी आयतुल्लाह खामनेई के शिया समुदाय के सर्वोच्च धर्मगुरु होने के लिहाज से। परन्तु हमें यह भी नहीं भूलना चाहिए कि इसी देश में अनेक जगहों पर ट्रंप के चित्र लगाकर उनके चुनाव में विजई होने की प्रार्थना करने हेतु लोग हवन पूजा भी कर चुके हैं। ट्रंप कौन से स्वदेशी नेता हैं? अबकी बार ट्रंप सरकार के नारे लगवाना, यह राष्ट्रभक्ति की कौन से श्रेणी है? हमारे ही देश में क्यूबा के महान क्रांतिकारी नेता अर्नेस्तो चे ग्वेरा को देश में एक वर्ग अपना आदर्श मानता है। उनके पोस्टर लगता है व उनके चित्र की टी शर्ट पहनता है। कारण सिर्फ एक है कि इसी महान साहसी युवक ने अमरीका के बढ़ते साम्राज्यवाद को 1950-60 के दशक में कड़ी चुनौती दी थी और उस दौरान अमरीका इसे अपना सबसे बड़ा दुश्मन समझता था। परन्तु आज अमेरिकी साम्राज्यवाद का विरोध करने वालों की नजर में चे ग्वेरा एक महान क्रांतिकारी है। भारत में लेनिन व कार्ल मार्क्स के चित्र भी उनके समर्थक लगते रहते हैं। कई जगहों पर तो इनकी आदमकद प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं।

दुनिया के अनेक देशों में यहां तक कि ब्रिटेन व अमेरिका जैसे देशों में भी महात्मा गांधी, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर, पंडित जवाहर लाल नेहरू जैसे कई प्रतिष्ठित नेताओं के चित्रों का इस्तेमाल होता रहता है बल्कि कई जगह उनकी प्रतिमाएं भी लगी हुई हैं। गांधी के चित्र तो अक्सर आज भी दुनिया के अनेक देशों में शांति व अहिंसा सम्बन्धी प्रदर्शनों या मार्च में शांति व अहिंसा का सन्देश देने की गरज से प्रयोग किए जाते हैं। उस समय कहीं भी कोई ऐसी संकीर्ण आवाज नहीं उठाता कि यह नेता तो भारतीय है इनके चित्र यहां क्यों? भारत में कुछ लोगों द्वारा आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र का विरोध करना जरूर इस बात को दर्शाता है कि जो वर्ग आयतुल्लाह सैयद अली खामेनेई के चित्र से नफरत करता है इसका सीधा मतलब है कि वह न केवल अमेरिकी साम्राज्यवाद का समर्थक है बल्कि वह गजा में लगभग अस्सी हजार बेगुनाहों के हत्यारे इजराईल व उसके नेता बेंजमिन नितिन याहू के साथ खड़ा है। याद रखना चाहिए कि अंतर्राष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय ने 21 नवम्बर 2024 को इस्राईल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के विरुद्ध गजा में युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराधों के आरोप में गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। नेतन्याहू पर आम नागरिकों को निशाना बनाने, क्षेत्र में भुखमरी फैलाने , हत्या, उत्पीड़न और अमानवीय कृत्य के आरोप हैं जोकि केवल 8 अक्टूबर 2023 से 20 मई 2024 के बीच गजा में इजरायली सैन्य कार्रवाइयों के दौरान अंजाम दिए गए हैं। जबकि 20 मई 2024 और इस वारंट के जारी होने के बाद नेतन्याहू की दमनात्मक कार्रवाइयों में और भी इजाफा हुआ है। ब्रिटेन, कनाडा, नीदरलैंड, इटली, और अन्य यूरोपीय देश यह कह चुके हैं कि वे आईसीसी द्वारा जरी इस वारंट का पालन करेंगे। अतः 124 आईसीसी हस्ताक्षरकर्ता देशों में यात्रा करना नेतन्याहू के लिए जोखिम भरा हो सकता है। इन देशों में उन्हें गिरफ्तार किया जा सकता है। ऐसे अपराधी व्यक्ति के समर्थन में खड़े होना व एक साहसी, निडर व अमे. रिका के बजाय केवल सर्वशक्तिमान ईश्वर की सत्ता पर विश्वास रखने वाले फकीर का विरोध करना चिंता. जनक है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# चीन से निपटने के लिए ट्रम्प ने मांगी चौतरफा राय, सारे खामोश

## अमेरिका के सवाल पर जापान खामोश, ऑस्ट्रेलिया ने कहा: काल्पनिक सवालों का जवाब नहीं



**वाशिंगटन।** अमेरिका ने ताइवान को लेकर चीन के साथ संभावित युद्ध की स्थिति में सहयोगी देशों का रुख जानने के लिए आस्ट्रेलिया और जापान से बातचीत की है। फाइनेंशियल टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिकी रक्षा मंत्रालय (पेंटागन) में नीति उप-सचिव एल्ब्रिज काल्बी ने हाल ही में आस्ट्रेलियाई और जापानी रक्षा अधिकारियों से इस मुद्दे पर कई अहम बैठकें की हैं।

अमेरिकी अधिकारी काल्बी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बताया कि अमेरिका, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की 'अमेरिका फर्स्ट' नीति के तहत अपने सहयोगी देशों से कह रहा है कि वे अपनी सैन्य ताकत बढ़ाएं और साझा सुरक्षा के लिए जिम्मेदारी लें, लेकिन आस्ट्रेलिया ने साफ कहा है कि वह अभी यह नहीं कह सकता कि अगर ताइवान को लेकर युद्ध हुआ तो वह अमेरिका का साथ देगा या नहीं। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने कहा कि उनका देश ऐसे 'काल्पनिक हालातों' पर सार्वजनिक रूप से बात नहीं करता। वहीं, जापान की ओर से इस पर अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है। 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है। इसी बिंदु पर दोनों के बीच वर्षों से टकराव की स्थिति बनी हुई है, और यह मुद्दा वैश्विक भू-राजनीतिक चिंता का विषय बन गया है। आस्ट्रेलिया के रक्षा उद्योग मंत्री पैट कानरोय ने आस्ट्रेलियाई ब्राडकास्टिंग कारपोरेशन (एबीसी) को दिए एक साक्षात्कार में कहा कि आस्ट्रेलियाई सैनिकों को किसी संघर्ष में भेजने का फैसला उस समय की सरकार करेगी। हम अभी से कोई फैसला नहीं लेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि आस्ट्रेलिया अपनी संप्रभुता को सबसे ज्यादा महत्व देता है और काल्पनिक परिस्थितियों पर चर्चा नहीं करता। वही, कानरोय ने चीन की सैन्य गतिविधियों पर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि चीन प्रशांत द्वीप में मिलिट्री बेस बनाने की कोशिश कर रहा है, जो आस्ट्रेलिया के लिए ठीक नहीं है। आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज शनिवार को चीन की 6 दिन की आधिकारिक यात्रा पर गए। जहां क्षेत्रीय सुरक्षा और ट्रेड को बढ़ाने के प्रयासों पर बातचीत होने की उम्मीद है। अल्बानीज ने शंघाई में कहा कि आस्ट्रेलिया ताइवान पर कोई बात नहीं करेगा। उनकी यात्रा सिर्फ सुरक्षा और व्यापार पर ही केंद्रित होगी। चीन लंबे समय से ताइवान को अपना हिस्सा मानता है और जबरदस्ती नियंत्रण में लाने की धमकी देता रहा है। चीन कई बार ताइवान की लोकतांत्रिक सरकार को अलगाववादी करार दे चुका है। हांलाकि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते ने चीन के दावों को खारिज करते हुए कहा था कि केवल ताइवान के लोग ही अपना भविष्य तय कर सकते हैं। दूसरी ओर, अमेरिका ने ताइवान की शांति और संप्रभुता को खतरे में डालने के लिए चीन की आलोचना की है। हालांकि अमेरिका ताइवान को लेकर रणनीतिक अस्पष्टता की नीति अपनाता है, जिसका मतलब है कि वह ताइवान की रक्षा की गारंटी नहीं देता। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने कार्यकाल में कहा था कि अगर चीन ताइवान पर हमला करता है, तो अमेरिका सैन्य हस्तक्षेप करेगा, लेकिन वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के नेतृत्व में अमेरिका ने फिर से अस्पष्ट बयानों का रुख अपनाया है।

- ताइवान और चीन के बीच लंबे समय से तनाव बना हुआ है
- 1949 में ताइवान ने खुद को चीन से अलग स्वतंत्र राष्ट्र घोषित कर दिया था, जबकि चीन उसे अब भी अपना क्षेत्र मानता है
- आस्ट्रेलिया इस क्षेत्र में सुरक्षा साझेदार बनना चाहता है और इसके लिए बातचीत कर रहा है




मुंबई। आरे वन क्षेत्र में मेट्रो कार शेड परियोजना के निर्माण के खिलाफ 150वें 'आरे वन बचाओ' विरोध प्रदर्शन में भाग लेते लोग।

## अमेरिका के पांच राज्यों में प्रवासी हिरासत केंद्र बनाने पर बातचीत: नोएम

**न्यूयॉर्क।** अमेरिका के गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा है कि वह फ्लोरिडा के 'एलीगेटर अल्काट्राज' की तर्ज पर प्रवासी हिरासत केंद्र स्थापित करने के लिए पांच राज्यों के साथ लगातार बातचीत कर रही हैं। सुनोएम ने शनिवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इन पांचों राज्यों का नेतृत्व रिपब्लिकन गवर्नर कर रहे हैं, लेकिन उन्होंने उनके नामों का खुलासा नहीं किया। उन्होंने 'एलीगेटर अल्काट्राज़' हिरासत केंद्र के सफल शुभारंभ में डीएचएस के साथ सहयोग के लिए फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसेंटिस की भी प्रशंसा की। गौरतलब है कि फ्लोरिडा एवरग्लेड्स में स्थित डेड-कोलियर प्रशिक्षण और संक्रमण हवाई अड्डे की साइट पर 39 वर्ग मील (100 वर्ग किमी) में फैले इस केंद्र का निर्माण केवल आठ दिनों में किया गया था। अप्रवासी बंदियों के पहले समूह को जुलाई की शुरुआत में वहां रखा गया था। यह केंद्र अवैध आव्रजन पर नकेल कसने के लिए वर्तमान अमेरिकी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रम्प ने समर्थकों से एपस्टीन जांच को लेकर अटॉर्नी जनरल पर हमला बंद करने को कहा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने समर्थकों से आग्रह किया है कि वे आरोपी यौन तस्कर जेफरी एपस्टीन से संबंधित न्याय विभाग के हालिया निष्कर्षों को लेकर अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी पर हमला करना बंद करें। ट्रम्प ने शनिवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर कहा कि मेरे 'लड़कों और कुछ मामलों में 'लड़कियों' के साथ क्या हो रहा है? वे सभी अटॉर्नी जनरल पाम बॉन्डी के पीछे पड़े हैं जो शानदार काम कर रही हैं! हम एक ही टीम हैं, और जो हो रहा है वह मुझे पसंद नहीं है। उन्होंने अपने समर्थकों से आह्वान किया कि वे जेफरी एपस्टीन पर समय और ऊर्जा बर्बाद न करें क्योंकि किसी को भी इसकी परवाह नहीं है।

### उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता ने रूसी विदेश मंत्री से की मुलाकात

**प्योंगयांग।** उत्तर कोरिया के शीर्ष नेता किम जोंग उन ने रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव से मुलाकात की है,जो प्योंगयांग में दूसरी रणनीतिक वार्ता में भाग लेने के लिए यहां पहुंचे हैं। यह जानकारी आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने रविवार को दी। रिपोर्ट के अनुसार, कोरिया के शीर्ष नेता और लावरोव के बीच शनिवार को वार्ता के दौरान दोनों पक्षों ने जून 2024 की ऐतिहासिक शिखर वार्ता में किए गए समझौतों को ईमानदारी पूर्वक लागू करने के लिए देशों के नेतृत्व के विचारों का व्यापक रूप से आदान-प्रदान किया।

### मेक्सिको ने नए अमेरिकी टैरिफ को अनुचित बताया

**मेक्सिको सिटी।** मेक्सिको ने अमेरिका द्वारा घोषित नए टैरिफ को अनुचित करार दिया और दोनों पक्षों ने एक स्थायी द्विपक्षीय कार्य समूह के माध्यम से औपचारिक वार्ता शुरू की है। यह जानकारी मेक्सिको सरकार ने हवाले से शिन्हुआ ने रविवार को दी। विदेश मंत्रालय और अर्थव्यवस्था मंत्रालय ने एक संयुक्त बयान में कहा कि मैक्सिकन प्रतिनिधिमंडल और अमेरिकी अधिकारियों के बीच शुक्रवार को वाशिंगटन में एक उच्च स्तरीय बैठक हुई।

# 27 दिन बाद हुआ खुलासा: हमले में घायल हुए थे ईरानी राष्ट्रपति

## सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की मीटिंग के दौरान इजरायली सेना ने 16 जून को छह मिसाइलें दागी

**तेहरान।** ईरान और इजरायल के बीच पिछले महीने 12 दिनों तक जंग हुई थी। इस दौरान 16 जून को इजरायल के हमले में ईरानी राष्ट्रपति मसूद पजशकियान घायल हो गए थे। ईरानी न्यूज एजेंसी फार्स ने इसकी जानकारी दी है। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायल ने 16 जून को तेहरान के पश्चिमी हिस्से में एक इमारत पर 6 मिसाइलों से हमला किया था।

उस समय इमारत में देश की सुप्रीम नेशनल सिक्योरिटी कैबिनेट की बैठक चल रही थी। बैठक में राष्ट्रपति पजशकियान के साथ ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बाघेर गालिबाफ, न्यायपालिका प्रमुख गुलाम- हुसैन मोहसेनी एजेई और कई अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। हालांकि ये सभी इमारत की निचली मंजिल में मौजूद थे, इसलिए हमले का उन पर बहुत असर नहीं हुआ। लिहाजा सभी इमरजेंसी गेट से भागने में कामयाब रहे। ईरान के राष्ट्रपति ने 7 जुलाई को अमेरिकी पत्रकार टकर कार्लसन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी। रिपोर्ट में कहा गया है कि इजरायल, राष्ट्रपति पजशकियान को नसरल्लाह की तरह मारना चाहता था। इजरायल ने 1 अक्टूबर 2024 को बेरूत में नसरल्लाह के सीक्रेट बंकर पर हमला किया था। वह हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे। 64 साल के नसरल्लाह की जहरीले धुएं में दम घुटने से मौत हो गई थी। इस बार भी इजरायली मिसाइलों ने खास तौर पर इमारत के आने-जाने के रास्तों और वेंटिलेशन सिस्टम को निशाना बनाया था, ताकि अंदर मौजूद लोगों को बाहर निकलने से रोका जा सके और उन्हें दम घोंटू माहौल में फंसाया जा सके। हमले के बाद इमारत की बिजली भी काट दी गई, लेकिन वहां पहले से बनाए गए एक इमरजेंसी गेट की मदद से राष्ट्रपति और बाकी बड़े अधिकारी बाहर निकलने में सफल रहे। भागने के दौरान राष्ट्रपति पजशकियान के पांव में चोट लग गई थी। वहीं, दूसरे अधिकारियों को भी हल्की चोटें आईं। कुछ दिन बाद, राष्ट्रपति पजशकियान ने 7 जुलाई को दिए एक इंटरव्यू में यह साफ तौर पर कहा था कि इजरायल ने उन्हें मारने की कोशिश की थी, लेकिन नाकाम रहा।



- मसूद हिजबुल्लाह के टॉप कमांडरों के साथ मीटिंग कर रहे थे

# नॉर्थ कोरिया के खिलाफ सैन्य गठबंधन न बनाएं

**प्योंगयांग।** रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को चेतावनी दी है कि वे नार्थ कोरिया को निशाना बनाकर कोई सिक्योरिटी अलायंस या सैन्य गठबंधन न बनाएं। लावरोव नार्थ कोरिया के शहर वानसान में थे। इस दौरान वे नार्थ कोरियाई नेता किम जोंग उन से मिले।

इसके अलावा उन्होंने नार्थ कोरिया की विदेश मंत्री चोई सोन भी मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद लावरोव ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान नार्थ कोरिया के चारों तरफ सैन्य मौजूदगी बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा हम चेतावनी देते हैं कि इन रिश्तों का इस्तेमाल किसी के खिलाफ गठबंधन बनाने में न किया जाए, चाहे वो नार्थ कोरिया हो या रूस। लावरोव ने दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करने और अंतर्राष्ट्रीय मामलों में मिलकर काम करने की बात कही। पिछले कुछ वर्षों में रूस और नार्थ कोरिया के रिश्ते काफी गहरे हुए हैं। लावरोव तीन दिन की यात्रा पर शुक्रवार को नार्थ कोरिया पहुंचे थे। शनिवार को उन्होंने अपने नार्थ कोरियाई समकक्ष चोई सोन हुई से मुलाकात की। लावरोव ने कहा कि रूस समझता है कि नार्थ कोरिया क्यों परमाणु हथियार विकसित कर रहा है। उन्होंने कहा नार्थ कोरिया की तकनीक उसके वैज्ञानिकों की मेहनत का नतीजा है। हम उनकी महत्वाकांक्षाओं का सम्मान करते हैं। रूसी एजेंसी टीएएसएस के मुताबिक लावरोव ने यूक्रेन जंग की स्थिति को लेकर भी कोरियाई नेताओं से बात की।

- रूस ने अमेरिका, साउथ कोरिया और जापान को दी चेतावनी

## ईरान परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत को हमेशा तैयार: अराघची

**तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री सईद अब्बास अराघची ने कहा कि ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करने के लिए हमेशा से तैयार रहा है और आगे भी तैयार रहेगा। अराघची ने विदेशी राजदूतों और प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक में शनिवार को कहा कि हालांकि, स्वाभाविक रूप से यह सुनिश्चित करना चाहिए कि अगर वार्ता पुन: शुरू होती है तो इससे अमेरिका या अन्य पक्षों द्वारा युद्ध छेड़ने की स्थिति उत्पन्न नहीं होगी। ईरानी छात्र समाचार एजेंसी ने अराघची के हवाले से कहा कि हाल ही में इजरायल-ईरान के बीच हुए टकराव ने यह साबित कर दिया है कि कूटनीति और बातचीत तथा सहमति से समाधान निकालने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं है। उन्होंने कहा कि ईरान पर हमला करने में इजरायल की सहायता करके तथा उसके बाद ईरानी परमाणु प्रतिष्ठानों को सीधे निशाना बनाकर अमेरिका ने कूटनीति और वार्ता को धोखा दिया है। उन्होंने कहा कि अगर अमेरिका वार्ता को पुन: शुरू करना चाहता है तो उसे यह गारंटी देनी होगी कि वही स्थिति फिर से सामने नहीं आएगी।

# इजरायली सेना ने की 110 फलस्तीनियों की हत्या

**यरूशलम।** इजरायली बलों ने शनिवार को गाजा में हमला कर कम से कम 110 फलस्तीनियों की हत्या कर दी, जिनमें दक्षिणी राफा में अमेरिका समर्थित गाजा मानवतावादी फाउंडेशन (जीएचएफ) में खाद्य की प्रतीक्षा कर रहे 34 लोग भी शामिल हैं। यह जानकारी अल जजीरा ने चिकित्सा सुत्रों के हवाले से रविवार को दी। ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई है जिससे पूरी आबादी को मजबूरन स्थानांतरित किया जाना है। राफा में, जीवित बचे लोगों और प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि इजरायली बलों ने जीएचएफ स्थलों में से एक अल-शकौश क्षेत्र में फलस्तीनियों पर सीधे गोलीबारी की, जिसकी संयुक्त राष्ट्र और अधिकार समूहों ने मानव बूचड़खाने और मौत के जाल के रूप में निंदा की है।

गाज़ा में डॉक्टरों के अनुसार, मई के अंत में अपने ऑपरेशनों की शुरुआत के बाद से जीएचएफ स्थलों पर 800 से अधिक फलस्तीनी मारे गए हैं और 5000 अन्य घायल हुए हैं। चिकित्सा सूत्रों के अनुसार, इज़राइली सेना ने उत्तरी गाजा के जबालिया में दो आवासीय भवनों पर भी हमला किया, जिसमें 15 लोग मारे गए। गाजा शहर के पश्चिम में शाती शरणार्थी शिविर पर इज़राइली हमलों में सात और लोग मारे गए। इज़रायली सेना ने उत्तरी गाजा के बेत हनून पर भी हमला किया और शहर के उत्तरपूर्वी हिस्से पर लगभग 50 बम गिराए। ये नए हमले तब हुए जब इज़राइली सेना ने घोषणा किया कि उसके बलों ने पिछले 48 घंटों में गाजा पर 250 बार हमला किया है। मानवाधिकार समूहों की चेतावनियों के बावजूद, इज़रायली सेना ने गाजा में खाद्य और अन्य मानवीय आपूर्ति के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाना जारी रखा है।



- ये हत्याएं कतर में संघर्षविराम वार्ता में प्रगति रुकने और इज़रायल की योजना पर बढ़ती निंदा के बीच हुई

प्रवेश सूचना- पैरामैडिकल/वोकेशनल एण्ड यूनिवर्सिटी कोर्स Admission Open
10th व 12th (Open Board) से करें (विषय- साइंस, आर्ट, कॉमर्स)
प्रवेश- 10th हेतु- 8th पास और 10th फेल, 12th हेतु- 10th पास और 12th फेल
Fresh, Part Admission & TOC Facility Available (Exam-Oct/Nov 2025)
NIOS (शिक्षा मंत्रालय) कोर्स- DNYS, Radiology (एक्स-रे टैक.), CCH (एलोपैथिक), CAT (आयुर्वेदिक-पंचकर्मा टैक.), CHD (होम्योपैथिक), ECCE (प्री-प्राईमरी शिक्षक हेतु), Diploma in Yoga & YTTP, CCA (कम्प्यूटर), ET (इलेक्ट्रिकल टैक.) ETC.
Contact for UGC Approved University Courses:-
Dip. in CMS&ED, DPT, DMLT, OPTOMETRY, OPHTHALMIC, OT TECH MPHW, DENTAL TECH. & HYGIENE, RADIOLOGY & BACHELOR (IN All Paramedical), (M.SC, B.SC, B.COM, M.COM) BA/MA/PGD YOGA ETC...
-: प्रवेश हेतु सम्पर्क करे :-
श्री कृष्णा वोकेशनल एण्ड पैरामैडिकल कॉलेज
गांधी कालोनी, मेन पचैण्डा रोड़, निकट गऊशाला, मु.नगर
M.: 8505978850, 9634519104

# इमरान की रिहाई के लिए आंदोलन शुरू

## पीटीआई पार्टी नेताओं ने लाहौर में बैठक की

**लाहौर।** पाकिस्तान में विपक्षी पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने अपने संस्थापक और पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई के लिए देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का ऐलान किया है। पार्टी के शीर्ष नेता लाहौर पहुंचे, जहां से यह आंदोलन औपचारिक रूप से शुरू कर दिया गया है।

खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री अली अमीन गांदापुर ने इसे आंदोलन की आधिकारिक शुरुआत बताया और कहा कि 5 अगस्त तक यह प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा। पीटीआई के कार्यवाहक अध्यक्ष बैरिस्टर गोहर अली खान, केपी के सीएम गांदापुर, और पंजाब विधानसभा में विपक्ष के नेता मलिक अहमद खान भचर लाहौर पहुंचे। इससे पहले इस्लामाबाद में पार्टी नेताओं की बैठक हुई, जिसमें पंजाब विधानसभा से निलंबित 26 विधायकों की स्थिति और आंदोलन की रणनीति पर चर्चा हुई। सीएम गांदापुर ने कहा कि देश पर लंबे समय से सेना का राज रहा है और अब वह गैर-आधिकारिक मार्शल ला चला रही है।

उन्होंने कहा कि इमरान खान को बिना किसी वैध वजह के जेल में रखा गया है। गांदापुर ने सभी प्रांतों में स्थानीय मुद्दों के आधार पर प्रदर्शन तेज करने की मांग की। गांदापुर ने कहा कि हर सफल आंदोलन लाहौर से ही शुरू होता है, यह भी देशव्यापी स्तर पर सफल होगा। प्रदर्शन से पहले ही पंजाब पुलिस ने शाहदरा मोड़ और अन्य इलाकों में पीटीआई नेताओं और कार्यकर्ताओं के घरों पर छापे मारे और 5 कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया।



- पांच अगस्त तक प्रदर्शन चरम पर पहुंचाया जाएगा

# ब्रिटेन में पले बढ़े इमरान के बेटों की वतन वापसी की अटकलें तेज

**इस्लामाबाद।** जेल में बंद पाकिस्तान के पूर्व पीएम इमरान खान के बेटे सुलेमान व कासिम की पाकिस्तान वापसी और राजनीति में प्रवेश को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं। ब्रिटेन में रहने वाले दोनों बेटे अब तक राजनीति से दूर थे, लेकिन इमरान की लगातार बिगड़ती स्थिति और पीटीआई में नेतृत्व संकट ने खान परिवार को एक निर्णायक मोड़ पर ला खड़ा किया है। सुलेमान (29) व कासिम (26) इमरान खान और जेमिमा गोल्डस्मिथ के बेटे हैं तथा जन्म से ही ब्रिटिश नागरिक हैं।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011-45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौक) चंडीगढ M:73558-48978

ROOP RAKSHAK®
आप के रूप का रक्षक
क्या आप अपने चेहरे के मुहासों (Acne) से परेशान हैं। अपनाएं ....
क्या आप अपने चेहरे के दाग, धब्बे व झाईयों से परेशान हैं, अपनाएं
(भारत सरकार द्वारा रजिस्टर्ड ब्रांड)
Customer Care No. 9457717311

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782, 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट